e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 73

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
17.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

प्रतिभा से भी बेहद कम, दूर और दुर्लभ एक चीज होती है, और वह है प्रतिभा को पहचानने की योग्यता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## सदन में जारी गतिरोध को लेकर विस अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष व विपक्ष के साथ की बैठक

# नियोजन नीति पर सदन में जवाब देंगे सीएम : स्पीकर

### विपक्षी विधायक सदन में जारी गतिरोध को समाप्त करने के अनुरोध को किया स्वीकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रविंद्र नाथ महतो ने भोजनावकाश के बाद सदन में जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए गुरुवार को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक की। बैठक में सत्ता और विपक्ष के कई सदस्य शामिल हुए। बैठक में तय हुआ कि नियोजन नीति और नई नियुक्ति नियमावली पर मुख्यमंत्री चालू सत्र में ही अपनी बात रखेंगे। इसके बाद विपक्षी विधायकों ने सदन में जारी गतिरोध समाप्त करने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और मान लिया कि सदन के अंदर 60-40 नाय चालतो और 1932 खतियान का क्या हुआ से संबंधित लिखावट वाली टीशर्ट भाजपा के विधायक उतार देंगे। शुक्रवार से सदन में वे ऐसे स्लोगन वाली टीशर्ट पहनकर नहीं आयेंगे। हालांकि स्पीकर ने गुरुवार के ही दूसरे सेशन में उतारने का निवेदन किया लेकिन कई विधायक केवल वही टीशर्ट पहन कर आए थे, इसलिए अब भाजपा विधायक कल से वह टी-शर्ट उतार देंगे। इसपर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कल से यह दृश्य देखने को नहीं मिलेगा।उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से नियोजन नीति को लेकर विपक्ष का सदन के अंदर और बाहर विरोध जारी था। गतिरोध समाप्त होने के बाद अब यह उम्मीद की जा रही है कि विधानसभा की कार्रवाई 23 मार्च तक अपने नियत समय तक चलेगी। विधानसभा की कार्यवाही 24 मार्च तक निर्धारित की गई थी। लेकिन 24 मार्च को सरहुल होने और सरकारी अवकाश घोषित होने के कारण अब 23 मार्च तक ही चलेगी।

### सदन में टी शर्ट पहन कर अब नहीं आयेंगे भाजपा के विधायक

#### नियोजन नीति को लेकर किया प्रदर्शन

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्षी पार्टी के विधायकों ने लिखी टी-शर्ट पहन नियोजन नीति को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया।

विपक्ष के विधायक 60-40 नाय चलतो, 1932 की भेलो के नारे भी लगाए। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री सदन में नियोजन नीति पर वक्तव्य नहीं देंगे, विरोध जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है।।उन्होंने कहा कि बुधवार को भी विपक्ष ने लगातार सदन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे नियोजन नीति पर स्पष्ट वक्तव्य दें, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

उन्होंने कहा कि हर हाल में सदन में मुख्यमंत्री को नियोजन नीति पर अपना पक्ष रखना होगा, जब तक ऐसा नहीं होता है विपक्ष उन्हें चैन से बैठने नहीं देगा।

### सदन में उलझे सरयू राय और बन्ना गुप्ता

**झारखंड विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग की ट्रांसफर-पोस्टिंग में कार्यपालिका नियमावली की अनदेखी के मामले पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय में नोकझोंक हुई। सदन में चर्चा करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में नियमावली की अनदेखी की गयी है। कार्यपालिका नियमावली की अनदेखी करते हुए स्थानांतरण में काफी अनियमितता बरतने की बात सरयू राय ने की। उन्होंने सदन में बताया कि कार्यपालिका नियमावली की धारा तीन और चार का उल्लंघन किया गया है। इसका जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग में किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं की गयी है।**

## आंधी, बारिश व वज्रपात का कहर

# बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत, एक घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** गुरुवार को राजधानी में बिजली गिरने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना धुर्वा थाना क्षेत्र के शालीमार बाजार में घटी। बताया गया कि बच्ची की पहचान जगन्नाथपुर स्थित इंदिरा कालोनी की रितिका मुंडा के रूप में की गई है। इधर रांची सहित राज्य के कई जिले अंधेरे में तब्दील हो गया। आंधी तूफान के साथ बारिश हुआ। बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। साथ ही कई जगह पेड़ भी टूट कर गिर गए। कई वाहन पेड़ के नीचे दबने से क्षतिग्रस्त हो गए। रांची शहर के मेन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के स्थित पेड़ गिर जाने से एक कार पेड़ के नीचे दब कर टूट गया। इसी तरह से रेडिशन ब्लू के पास भी बड़ा सा पेड़ गिरने से न सिर्फ कार बल्कि कई मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गए इन सबके अलावा कोर्ट परिसर, नामकुम क्षेत्र और लालपुर क्षेत्र में भी पेड़ की टहनियां गिरने से वाहनों को नुकसान होने की सूचना है। सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गई। कई जगह बिजली की तार टूटने से घंटों बिजली गुल रही। लोग अपने घरों में अंधेरे में बंद रहे। राजधानी के अलावे राज्य के कई जिलों में भी आंधी पानी के कारण पेड़ गिरने से भरी नुकसान हुआ। इधर रांची के कई जगहों पर जल जमाव हो गया। मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गया। पूरी तरह से फुटपाथ पर पैदल चलने वाले को काफी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। वहीं, नालियां जाम रहने के कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा।कांके रोड, कचहरी चौक स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम और गुदरी चौक, कर्बला चौक,कोकर आदि ऐसी जगहों पर जहां नाला बड़ी हैं वहां भी आवागमन और चलने फिरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि अचानक मौसम बदलने से प्राकृतिक आपदा देखने को मिली है। कई जगह पेड़ भी गिरे है, जिससे लाखों के वाहन क्षतिग्रस्त हो गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और सब हिमालयन वेस्ट बंगाल से लेकर ओडिशा तक बनें एक सिस्टम का असर देखने को मिल रहा है. इन दोनों सिस्टम की वजह से झारखंड में मौसम पर असर दिखेगा. 16 और 17 तारीख को झारखंड के कई इलाकों में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन और वज्रपात की भी संभावना बनी हुई है.

## क्विक न्यूज

### आईएएस मेघा भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग में बनी संयुक्त सचिव

**रांची :** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों की पोस्टिंग की है. नव प्रोन्नत आईएएस अधिकारी रवि रंजन कुमार विक्रम को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में पदस्थापित किया गया. वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मेघा भारद्वाज को संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है. इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. मेघा भारद्वाज इसे पूर्व पलामू की डीडीसी थी.

### रिम्स में 28 लोगों की मौत मामले की हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** रिम्स में जून, 2018 में नर्सों और डाक्टरों की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत मामले पर गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। इस मामले में राज्य सरकार और रिम्स प्रबंधन ने जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से और समय देने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। रिम्स में एक जून, 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने बवाल किया। उसके बाद जूनियर डॉक्टर और नर्सें हड़ताल पर चली गईं। हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत हो गई। इन मौतों की जांच के लिए कमेटी गठित करने एवं इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर झारखंड छात्र संघ की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इस पर आज आंशिक सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं रिम्स प्रबंधन की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर इनकी ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने इन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए अगली तिथि निर्धारित की।

### महिला पर्यवेक्षक घूस लेते गिरफ्तार

**चतरा।** ईटखोरी बाल विकास परियोजना कार्यालय की महिला पर्यवेक्षक उर्मिला कुमा को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 7,500 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत कुब्बा आंगनबाड़ी सेविका मीना बाला और मरंगा आंगनबाड़ी सेविका बबीता देवी की संयुक्त शिकायत पर गुरुवार को एसीबी ने यह कार्रवाई की। इन दोनों आंगनवाड़ी सेविकाओं ने पोषाहार राशि का वाउचर जमा करने के नाम पर घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। एसीबी ने पर्यवेक्षक को इटखोरी स्थित कार्यालय कक्ष से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम महिला पर्यवेक्षक को अपने साथ हजारीबाग ले गई। एसीबी के डीएसपी सादिक अनवर रिजवी ने कार्रवाई की पुष्टि की है।

### अरुणाचल प्रदेश में कैश हुआ आर्मी का हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली :** अरुणाचल प्रदेश में आर्मी का एक हेलिकॉप्टर चीता दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. खबर के मुताबिक गुरुवार की सुबह इस हेलिकॉप्टर ने अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला के पास ऑपरेशनल उड़ान भरी. इसके कुछ देर बाद ही हेलिकॉप्टर का एटीसी से संपर्क टूट गया. बाद में इसके बोमडिला के पश्चिम में मंडला के पास दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आई. बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अरुणाचल प्रदेश में चीता हेलिकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ है. अक्टूबर 2022 में भी तवांग में इसी तरह का हादसा हुआ था. तब आर्मी का चीता हेलिकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और इसमें सवार दो पायलटों में से एक की मौत हो गई थी.

# भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर गिरफ्तार



संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहारः** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर शीतल मोची को बालुमाथ थाना क्षेत्र के शांती जंगल से गिरफ्तार किया गया। नक्सली शीतल मोची के उपर झारखंड सरकार के द्वारा पांच लाख का ईनाम रखा गया था।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई हुई। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को लगातार सूचना मिल रही थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के शांती एवं आस पास के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के रिजनल कमाण्डर रविन्द्र गंझू का दस्ता भ्रमणशील है।

उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार एक विशेष अभियान का योजना बनाकर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसके पश्चात उक्त टीम के साथ सूचनास्थल शांती जंगल में पहुंची, तो पुलिस बल को देखते ही,कुछ हथियारबन्द उग्रवादी भागने लगे। भागने के क्रम में काफी मशक्कत के बाद एक उग्रवादी को खदेड़कर लोडेड देशी पिस्टल, एके-47 का कारतुस एवं लेवी के पैसे 10 हजार रुपए के साथ पकड़ा गया। पकड़ाये उग्रवादी से नाम पता पूछने पर अपना नाम शीतल राम उर्फ शीतल मोची उर्फ शीतल रविदास, उम्र 30 वर्ष, पिता स्व0 काली राम उर्फ कैला राम, सा0 हुण्डराटांड़, गणेशपुर, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार एवं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी का सब जोनल कमाण्डर बताया।

गिरफ्तार उग्रवादी के विरूद्ध लातेहार, गुमला, लोहरदगा के विभिन्न थानों में 25 काण्ड दर्ज है। छापेमारी अभियान में बालूमाथ के डीएसपी अजीत कुमार, पुनि शशि रंजन कुमार, बालूमाथ अंचल, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ थाना थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# राहुल और अदानी मामले को लेकर रास व लोस में जोरदार हंगामा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में गुरुवार को भी जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

बीजेपी राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए बयान को लेकर कांग्रेस को घेर रही है, जबकि विपक्षी दल अदाणी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस को मुश्किलें होती हैं,तो हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन अगर वह देश को बदनाम करते हैं तो इस देश का नागरिक होने के नाते हम चुप नहीं रहेंगे। रिजिजू ने कहा कि कोई अगर देश को गाली देगा तो ये देश उसको कभी माफ नहीं करेगा।

देश के लोगों ने अगर कांग्रेस को नकार दिया है तो यह हमारी गलती नहीं है। दो बातें मैं बहुत ही स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं- राहुल गांधी ने लंदन में जाकर झूठ बोला। संसद में जितना समय उन्हें दिया गया था उस से अधिक उन्होंने बोला। सदन के नियमों को तार-तार कर झूठ बोला। दूसरा- उन्होंने बोला कि वो देश में जाकर अपनी बात नहीं कह सकते हैं, रोक दिया जाता है, लेकिन आप सबने देखा कि उन्होंने यात्रा की और बोलते रहे।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विशेष समिति बनाकर एक सांसद के रूप में राहुल के आचरण की जांच की मांग की है। वहीं, केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल लोकतंत्र खत्म होने की बात कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि उनके कारण कांग्रेस खत्म हो रही है। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता खड़गे ने कहा कि जब-जब पीएम खुद बाहर गए हैं तो उन्होंने देश के खिलाफ बात की और जनता का अपमान किया। माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं है।उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे से बचने के लिए भाजपा राहुल गांधी को निशाना बना रही है।

इधर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अदाणी के शेयरों के मुद्दे पर नियम 267 के तहत सस्पेंशन ऑफ बिजनेस का नोटिस दिया।

# यूपी : कोल्ड स्टोरेज ढहने से दबे 25 मजदूर


**घटना के बाद मौके पर प्रशासन और पुलिस फोर्स मौजूद रहे. वहीं कोल्ड स्टोर के मलबे में दबे मजूदरों के परिजन भी मौजूद रहे.**

एजेंसी

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बड़ी घटना घटी. यहां एक कोल्ड स्टोर में क्षमता से अधिक आलू भर दिए गए. इससे स्टोर की दीवारें फट गई. कोल्ड स्टोर ढहने से करीब 25 मजदूर दब गए। इन्हे निकालने की कोशिश जारी है. घटना के बाद पहुंचे दबे मजूदरों के परिजन रोते-बिलखते रहे.

फिलहाल बचाव कार्य जारी है. इस घटना के बाद मजदूरों के परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है. लोगों ने कोल्ड स्टोरे में तोड़फोड़ शुरू कर दी. सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और समझाया.

बचाव कार्य के लिए तीन जेसीबी लगाई गई हैं. घटना के बाद अमोनिया गैस का भी रिसाव हुआ जिससे अफरातफरी मची रही. जानकारी के अनुसार, यह घटना संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र के स्लामनगर रोड पर हुई है. यहां एआर कोल्ड स्टोरेज में क्षमता से अधिक आलू का भराव कर दिया गया. ओवरलोड होने की वजह से स्टोर की दीवारें फट गई और इमारत ढह गई. पुलिस व प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है. फिलहाल तीन जेसीबी की मदद से बचाव कार्य चल रहा है. इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में कोल्ड स्टोर के मालिक के खिलाफ आक्रोश है. घटना के बाद से कोल्ड स्टोर को ठंडा रखने वाली अमोनिया गैस का रिसाव तेजी से हुआ. इसकी वजह से बचाव कार्य में दिक्कट हुआ. घटना के बाद मौके पर प्रशासन और पुलिस फोर्स मौजूद रहे. वहीं कोल्ड स्टोर के मलबे में दबे मजूदरों के परिजन भी मौजूद रहे.



**घटना के बाद अमोनिया गैस का भी रिसाव हुआ जिससे अफरातफरी मची रही. जानकारी के अनुसार, यह घटना संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र के स्लामनगर रोड पर हुई है. यहां एआर कोल्ड स्टोरेज में क्षमता से अधिक आलू का भराव कर दिया गया. ओवरलोड होने की वजह से स्टोर की दीवारें फट गई और इमारत ढह गई.**

### पति ने की पत्नी की हत्या, रात भर शव के साथ घर में सोया रहा

**पश्चिमी सिंहभूम :** चक्रधरपुर थाना के केरा पंचायत के कुदूरसाई गांव में नशे की हालत में मंगलवार रात निर्मल केराई नामक व्यक्ति ने पत्नी फुलमनी की हत्या कर दी। घटना के बाद रात भर शव के साथ घर में सोया रहा। गुरुवार को मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्मल केराई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पुलिस ने बताया कि पत्नी काफी नशे में थी। जब मना किया तो लड़ाई करने लगी। इस कारण से दोनों के बीच मारपीट हुई। झगड़े के दौरान उसने पत्नी को मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद निर्मल केराई बुधवार रात में घर में सोया था।

**संक्षिप्त खबरे**

## सात दिवसीय भागवत कथा का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी कार्तिक मास में परमपूज्य देवकी नन्दन ठाकुर महाराज का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन करेगी। रेड़मा रांची रोड स्थित वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय ने बताया भागवत कथा स्थानीय बाई पास रोड में हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में आयोजित किया जाएगा। 21 नवंबर से आयोजित भागवत कथा का कार्तिक पूर्णिमा को समापन होगा।श्री पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी धार्मिक स्थलों के संरक्षण व धार्मिक आयोजनों पर विशेष रुप से कार्य कर रही है उसी योजना के तहत झारखंड में पहली बार परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म को लेकर आगे चलना ही युवा वाहिनी की नीति है।

# उपायुक्त ने डीएमएफटी अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त श्री दोड़े ने बैठक में जिले के 165 आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए डिजिटल लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराना, विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग का शौचालय एवं चाहरदीवारी निर्माण, बिश्रामपुर के लालगढ़ अवस्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र और पंडित दीनदयाल स्मृति भवन का जीर्णोद्धार, शहर के चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, पूरनाडीह एवं कुंदरी वन प्रक्षेत्र में अग्नि की रोकथाम हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था, मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत डाली रेलवे क्रॉसिंग, बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ एवं पंजरीकला रेलवे क्रॉसिंग पर एलएचएस का निर्माण, नीलांबर पीताम्बरपुर में सामेकित आजीविका पार्क का निर्माण, हुसैनाबाद प्रखंड के जिला परिषदीय दुकान के ऊपर 50 दुकानों का निर्माण, जिले के 16 प्रखंडों में दोना पत्तल निर्माण इकाई का अधिष्ठापन, साहित्य समाज चौक के पास अतिरिक्त केंद्रीय पुस्तकालय का निर्माण और सोलर लाइट का निर्माण आदि से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीएफओ, नजारत उप समाहर्ता शैलेश सिंह, सीएस, डीएसओ, डीआईओ सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# ग्राहक बनकर दुकान में घुसा, चकमा देकर 5 लाख का सोना ले उड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के रंका बस स्टैंड स्थि नैना ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर आया एक एक शख्स ने दुकानदार को झांसा लेकर 5 लाख रूपये का सोना ले फड़ा पीड़ित दुकानदार रघुनाथ शाह ने बताया कि सोना चांदी की दुकान में गहना खरीदने के लिए दोपहर 2:06 बजे दो लोग पहुंचे। आभूषण दुकान में प्रवेश किया और दुकानदार को इधर-उधर उलझाये रखा और इसी क्रम में 5 लाख सोने के डब्बे को लेकर फरार हो गया। रघुनाथ सोनी ने रंका थाना में इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। एसआई श्रवन कुमार मामले की जांच कर रहे हैं।

## मुरमा पंचायत में हुआ स्थाई समिति का गठन



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत मुरमा में गुरुवार को ग्राम पंचायत स्थाई समिति का गठन किया गया। इसमें सामान्य प्रशासन समिति के अध्यक्ष के रूप में मुखिया कमला देवी उप मुखिया गायत्री देवी को मनोनीत किया गया। विकास समिति में अध्यक्ष वार्ड सदस्य नागमणि व सचिव ऋतिक पाण्डेय को मनोनीत किया गया। महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष के रूप में सीमा देवी को मनोनीत किया गया तथा सदस्य के रूप में मुखिया व उप मुखिया को मनोनीत किया गया। ग्राम रक्षा समिति के अध्यक्ष केद्ध रूप में वार्ड सदस्य संतोष प्रसाद को तथा सदस्य के रूप में मुखिया व उप मुखिया को मनोनीत किया गया। स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति के अध्यक्ष के रूप में वार्ड सदस्य सत्यनारायण तिवारी तथा सदस्य के रूप में मुखिया व उप मुखिया को मनोनीत किया गया। सार्वजनिक संपदा समिति के अध्यक्ष के रूप में वार्ड सदस्य ऋीक पांडेय तथा सदस्य मुखिया व उप मुखिया को मनोनीत किया गया। तथा अधोसंरचना समिति में अध्यक्ष के रूप में वार्ड सदस्य जितेंद्र प्रसाद को तथा सदस्य मुखिया व उप मुखिया को मनोनीत किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव उपेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित समिति के अध्यक्ष व सदस्य मिलकर पंचायत के चौमुखी विकास को ले कार्य करेंगे। इस मौके पर पंसस सत्येंद्र मेहता, समाजसेवी अशोक प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि निरंजन प्रसाद, रोजगार सेवक संजीव कुमार, विनोद विश्वकर्मा, उपस्थित थे।

# विधायक ने किया उपस्वास्थ्य केंद्र का ऑनलाइन शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर गांव में गुरुवार को हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का आँनलाइन शिलान्यास किया। इस योजना का निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत कराया जाना है। कार्यस्थल पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से ऑनलाइन संबोधित कराते हुए कहा कि लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया निर्माण पर कार्य किया जा रहा है। इस गांव में भी किराए के मकान और स्कूल भवन में स्वास्थ्य उपकेंद्र चलता था । इस भवन के बनने पर संसाधन सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाने पर काम होगा। बाद में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि कोरोना काल के बाद विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि हलका- जगदीशपुर सड़क का भी जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता,जिला सचिव अजय सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मनीष कुमार सिंह, नवल सिंह, उदय सिंह, संवेदक तलवंती कंस्ट्रक्शन के विवेका त्रिपाठी, अशोक सिंह, भीष्मदेव नारायण सिंह, अरविंद पाण्डेय, प्रसिद्ध सिंह, सुनील ठाकुर, व्यास राम, राघव पांडेय, विनोद पांडेय, रविन्द्र मेहता, सतेंद्र ठाकुर, अर्जुन यादव, रामपूजन पासवान, बिरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, रामजन्म मेहता, चन्द्रदीप पासवान,धनंजय पाण्डेय, रौशन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक और इंटरमीडियट की परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा को लेकर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कदाचार मुक्त परीक्षा एवं विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु दंडाधिकारी के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में 14 मार्च से आगामी 5 अप्रैल तक धारा 144 (2) भादवी के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने अनुमंडल मुख्यालय में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एसडीओ ने राजकीय उच्च विद्यालय चितविश्राम, शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज महदइया एवं राजकीयकृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय श्री बंशीधर नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा चल रही थी।एसडीओ आलोक कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना बाधा के सुचारू रूप से नकल रहित परीक्षा करवाएं। परीक्षा केंद्र में पहुंचने वाले परीक्षार्थियों का चिट, पुर्जा आदि की जांच कर क्लास में बैठने की अनुमति दे। ससमय पर परीक्षा प्रारंभ एवं संपन्न करने तथा ससमय विहित पत्रों पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी परीक्षा केंद्र पर बच्चे नकल करते हुए मिले तो बच्चों के साथ ड्यूटी पर कार्यरत शिक्षक पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा की भी पुख्ता व्यवस्था है। एसडीओ ने परीक्षार्थियों से कहा कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह के नकल करने के लिए चिट पुर्जा, मोबाईल आदि लेकर न आएं।

## युवा शक्ति परिषद करायगा चैता, दुगोला का कार्यक्रम



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संगठन युवा शक्ति परिषद बलिगढ़ के तत्वाधान में आगामी रामनवमी के शुभ अवसर पर चैता महा दुगोला कराने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने की एवं संचालन संगठन सचिव पुरुषोत्तम प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैता महा दुगोला कराने को लेकर सहमति जताया। उक्त कार्यक्रम एक अप्रैल को बलीगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के पास रखा गया। यह कार्यक्रम की प्रस्तुति बिहार में प्रसिद्ध व्यास तारकेश्वर सिंह एवं झारखंड मे प्रसिद्ध ब्यास अश्रेश कुमार अकेला के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर युवा शक्ति परिषद संगठन के सचिव छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश राम ,कार्यकारी अध्यक्ष सुशील यादव, प्रवक्ता मनीष कुमार गुप्ता, उप सचिव महेंद्र प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक रविशंकर गुप्ता, सदस्य सिकंदर शाह, सरवन शाह, सूचना मंत्री अशोक ठाकुर, मोनू कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम रजक, मृत्युंजय यादव, सुनील यादव, वार्ड सदस्य परमेंद्र राम , जगन साह, सत्येंद्र गुप्ता, राजेंद्र यादव सहित काफी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक पलामू एसपी के निर्देशानुसार गुरुवार की शाम एसआई शिवशंकर उरांव के नेतृत्व में थाना के समीप इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन के सभी कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, हेलमेट, ओवरलोड, ट्रिपल सवारी आदि की जांच की गई। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया की सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जो लगातार जारी रहेगा। वाहन चेकिंग के दौरान कई दोपहिया वाहन जब्त किये गये हैं। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## व्यक्तित्व विकास शिविर में भाग लेने के लिये भैया-बहन रांची रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के 21 भैया बहन सूर्या फाउंडेशन नई दिल्ली एवं विद्या विकास समिति की ओर से 16 से 26 मार्च तक रांची में आयोजित दस दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट कैंप (पीडीसी) में भाग लेने के लिये गुरुवार को रांची रवाना हुये। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य अविनाश कुमार, विवेक पाठक, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीति कुमारी और उनके अभिभावकों ने शुभकामनाएं देकर उन्हें विदा किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने इस कैम्प के उद्देश्य को बताते हुये कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है जिससे उनका प्रभावी व्यक्तित्व बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लियर इस शिविर में योग ध्यान से लेकर कम्युनिकेशन और गोल सेटिंग जैसी बातों को विद्यार्थियों के सामने रखा जायेगा। श्री पाठक ने कहा कि प्राचीन भारतीय सभ्यता और परंपराओं को ध्यान में रखकर शारीरिक विकास की ओर भी पूरा ध्यान दिया जायेगा। नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर रांची चोपन एक्सप्रेस से सभी प्रतिभागियों को रवाना किया गया।

## बंशीधर महोत्सव की तिथि में हुआ बदलाव 8 और 9 अप्रैल को होगा आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर महोत्सव की तिथि में फेरबदल हुआ है। महोत्सव अब अप्रैल महीने में 8 और 9 अप्रैल को होगा। सांसद विष्णु दयाल राम ने दूरभाष पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि संसद और राज्य विधानसभा के सत्र चालू रहने और केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक सभी के व्यस्त रहने के कारण तिथि आगे बढ़ायी गयी है।उन्होंने कहा कि श्री राधा वंशीधर जी की कृपा से श्री वंशीधर मंदिर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लाने के उद्देश्य से मैंने महोत्सव की शुरुआत की है। श्री वंशीधर मंदिर के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलने से गढ़वा एवं पलामू में विकास के द्वार खुलेंगे।2019 में लोस चुनाव और विस चुनाव उसके बाद वैश्विक महामारी कोरोना के कारण चार वर्षों तक महोत्सव का आयोजन नहीं हुआ। इस वर्ष पब्लिक, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजन ऐतिहासिक और सफल होगा। सांसद इस वर्ष आयोजन की सफलता को लेकर मैं महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, संस्कृति मंत्री के साथ साथ राज्य के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के संपर्क में हूं। महोत्सव की सफलता को लेकर सभी का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। सांसद श्री राम ने पलामूवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों के लोगों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की अपील की है।

## एनएचआई फोरलेन निर्माण को उपलब्ध कराई गई नक्शे में है भिन्नता

➲ अमीन के द्वारा आ रही परेशानियों से अंचलाधिकारी को कराया गया अवगत भी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** एनएचआई फोरलेन निर्माण कार्य में उपलब्ध कराई गई नक्शा में काफी भिन्नता देखी जा रही है। सीमांकन के कार्यों में भू अर्जन कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराए गए नक्शे के अनुसार सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहण किए जाने वाले जमीन सीमांकित की गई थी। वही पुनः जांच को लेकर एक बार फिर से उपलब्ध कराई गई नक्शे में काफी भिन्नता देखी जा रही है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर एक बार फिर से जमीन की नापी का कार्य संखा गांव से बैरिया तक की जा रही है। सीमांकन की गई जमीन की मापी के कार्य के लिए अंचल कार्यालय के अमीन प्रतीक कुमार व एनएचएआई के भरत महतो को जिम्मेवारी सौंपी गई है। नापी के कार्यों में इन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए अंचल अमीन व एनएचआई अमीन के द्वारा विश्रामपुर अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम को लिखित आवेदन देकर सीमांकन के समय उपयोग में लाए गए सर्वे की नक्शे की मांग की है। जिसके आधार पर मापी कर एनएचआई को सौंपी गई है। स्थानीय लोगों के द्वारा मापी के कार्यों से संतुष्ट न होकर एक बार फिर से माफी कराने की शिकायत उपायुक्त से किया गया था। वहीं अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम के द्वारा नक्शा उपलब्ध कराने को लेकर जिला भू अर्जन कार्यालय को लिखा गया है। ताकि मापी का कार्य समय पर पूरा करते हुए निर्माण कार्य को गति दी जा सके।

## श्री राम सेना के सदस्यों व गणयमान्य लोगो की बैठक हुई सम्पन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राम नवमी पूजा को लेकर बस स्टैंड स्थित राधे कृष्ण मंदिर में बुधवार की शाम श्री राम सेना के सदस्यों व गण्यमान्य लोगो की बैठक मुक्तेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में राम नवमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक में लाला बागी स्थित हनुमान मंदिर से भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक आकर्षक लाइट से सजाने, पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाटने, मुख्य द्वार से राम दरबार, शिव दरबार, श्री कृष्ण दरबार की आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने, आगामी 29 मार्च को भव्य मोटरसाइकिल जुलूस निकालने तथा राम नवमी के दिन महा भंडारा व भव्य भक्ति जागरण का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. बैठक में राम नवमी महोत्सव के सफल संचालन के लिये कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विधायक भानुप्रताप शाही,पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव को मुख्य संरक्षक, डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, भरत भूषण प्रसाद, धीरेन्द्र चौबे, नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, मुक्तेश्वर पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, राकेश जायसवाल, अशोक जायसवाल, रवि प्रकाश, अजय मुखिया,शम्भूनाथ सौदागर, हृदया नंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रताप जायसवाल, आशीष लाल अग्रवाल, संजय कांस्यकर, कमलेश मेहता व आनन्द अग्रवाल को संरक्षक, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को अध्यक्ष, रंजन कुमार उर्फ छोटू व अजित केसरी को उपाध्यक्ष, ऋतुराज को सचिव व निडू कुमार को उपसचिव, नित्यानंद कुमार को कोषाध्यक्ष, रूपेश कुमार पप्पू, बिरेन्द्र अग्रेहरी,संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल अमित कुमार गुड्डू, अनूप निराला, नीरज जायसवाल, रवि प्रकाश बबलू, मिकी जायसवाल, विनोद कांस्यकार , मिंटू कुमार उमेश कुमार चाहत को कार्यकारिणी सदस्य, शिवम कुमार, सूरज कुमार, अनिल मेहता, आशीष कुमार गुप्ता, बंटी केशरी, अशीष कुमार, उज्वल रंजन को सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे.बैठक का संचालन चेम्बर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर ने किया।

# विकास कार्यों में लायें तेजी, आमजनों की परेशानियों को समझें : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। इसके लिए पदाधिकारी एवं कर्मचारी संजीदगी से कार्य करें। आमजनों की परेशानियों को समझें और उनकी समस्याओं का निदान करें। पदाधिकारी एवं कर्मचारी पब्लिक कनेक्ट रखें। अंतिम पंक्ति के योग्य व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। वे गुरुवार को नावाबाजार प्रखंड -सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दे रहे थे। उन्होंने कर्मियों को भी पूरी जिम्मेवारी के साथ काम करने का निदेश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सबसे पहले प्रंखड कार्यालय में पहुंचे जहां प्रधानमंत्री आवास योजना, पोट-हो खेल मैदान, लंबित आवास समेत अन्य बिंदुओं से संबंधित जानकारी दी और उसकी प्रगति से अवगत होते हुए कार्यों में गति लाने का निदेश दिया। अंचल कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज, आय प्रमाण प्रमाण पत्रों, आवासीय प्रमाण पत्रों से संबंधित ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों एवं निर्गत प्रमाण पत्रों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण एवं चौड़ीकरण को लेकर चल रहे कार्य प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा एवं अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव तथा प्रखंड एवं अंचल कर्मी मौजूद थे।

# बंशीधर महोत्सव को भव्य बनाने में सर्वोत्तम योगदान देंगे मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** समहारणालय परिसर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित श्री बंशीधर महोत्सव के बैठक में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि महोत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने में मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर सर्वोत्तम योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि चैत्र छठ, नवरात्रि, रामनवमी एवं 10 वीं-12वीं की परीक्षा के कारण श्री बंशीधर महोत्सव की तिथि को परिवर्तित करते हुये 8 एवं 9 अप्रैल निर्धारित किया गया है। श्री दूबे ने कहा कि बाबा बंशीधर की ख्याति पूरे देश और विदेश स्तर तक फैले इसलिये महोत्सव का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जायेगा। दो दिवसीय महोत्सव का लाईव प्रसारण कराने का सुझाव जिला प्रशासन को दिया गया है। आयोजन को सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन बंशीधर नगर चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करने एवं कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार तथा झारखंड की झलक का खासा ध्यान रखने का सुझाव दिया गया है।उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बंशीधर महोत्सव की जानकारी पहुंचे इसलिये सभी उचित माध्यमों से इसका प्रचार हो। इस राजकीय महोत्सव की तिथि परिवर्तित होने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्यपाल की गरिमामय उपस्थिति होने की संभावनाएं बढ़ गई है। आयोजन को विधिवत बनाने में स्थानीय स्तर पर बहुत से लोग स्वेच्छा से वॉलिंटियर के रूप में काम करने के लिये इच्छुक हैं उन्हें भी साथ लाने का पहल किये जाने का सुझाव दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

### पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई बहस

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस की गई। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि खूंटी जिले में हुए करोड़ों रुपए के मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर से डिस्चार्ज पीटीशन फाइल किया गया है। ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट में कहा गया है कि आईएएस पूजा सिंघल ने मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की संपति अर्जित किया है।

### 19 मार्च से नहीं होंगे शुभ और मांगलिक कार्य

**रांची :** वासंतिक नवरात्र की शुरुआत पंचक में हो रही है। इस वजह से नवरात्र बहुत ही खास बन गया है। नवरात्रि में घट की स्थापना भी पंचक काल में ही की जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब चन्द्रमा धनिष्ठा नक्षत्र के तृतीय चरण और शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती नक्षत्र के चारों चरणों में भ्रमण करता है तो उसे पंचक कहते हैं। यह सभी नक्षत्र अशुभ माने जाते हैं, अतः चन्द्रमा का भी इनमें गोचर अशुभ कहा गया है। मान्यताओं के अनुसार इन नक्षत्रों में कार्य शुरू करने पर हानि की संभावना रहती है। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पंचक 19 मार्च को सुबह 11.17 बजे से शुरू होगा और समापन 23 मार्च को दोपहर 2.08 बजे होगा। इस दौरान सभी प्रकार के शुभ कार्यों को स्थगित कर देना चाहिए। हालांकि पंचक काल में जप और पूजा के अनुष्ठान किए जा सकते हैं।

## भाजपा विधायक सदन के अंदर भगवा रंग की टी शर्ट पहन कर पहुंचे

# आसन के नियम का पालन नहीं करते तो समय क्यों मांग रहे हैं : स्पीकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानभा का बजट सत्र गुरुवार को भी हंगामे के बीच शुरू हुआ। भाजपा के विधायकों ने स्लोगन वाले वस्त्र पहनकर सदन में हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के विधायक सदन के अंदर 60-40 नाय चलतो और 1932 का क्या हुआ, लिखा भगवा रंग का टी शर्ट पहनकर पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सदन में मौजूद थे। भाजपा के विधायकों ने हेमंत सोरेन हाजिर हों के नारे लगाए। इसके साथ ही वे वेल तक पहुंच गए। इस दौरान पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर विपक्ष के हंगामे पर अपना जवाब देना चाह रहे थे, परन्तु विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज आसन का ध्यान हंगामे की ओर नहीं है। इस बीच आसन ने तीन अल्पसूचित प्रश्नों का उत्तर सरकार से दिलाया। बढ़ते हंगामे को देखते हुए सदन 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 12 बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। फिर भी स्पीकर ने विधायकों से शून्यकाल पड़वाया। दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी लिये। इसी बीच भाजपा के विधायक कुछ बोलने के लिए उनसे बार बार अनुमति मांग रहे थे। इसपर स्पीकर ने भाजपा विधायकों को साफ कहा कि आपलोग आसन के नियम का उल्लंघन कर सदन में आये हैं। बुधवार को ही आसान से यह नियमन हुआ था कि स्लोगन युक्त वस्त्र पहनकर नहीं आना है। उन्होंने कहा कि जब आसन के आदेश का पालन ही नहीं करते हैं तो आसन से समय क्यों मांगते हैं। पहले आप नियमन का पालन कीजिये तब समय मिलेगा। इसी बीच झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि चार दिनों से विपक्ष द्वारा सदन में जो आचरण किया जा रहा है यह अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि वोकल माइनॉरिटी साइलेंट मेजोरिटी पर हावी है। इसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### राज्य में बहुत जल्द शुरू होंगी नियुक्तियां : आलमगीर आलम

विधायक लंबोदर महतो के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को सर्वसम्मति से विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के माध्यम से भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस पर क्या निर्णय लेती है इसका हमलोग इंतजार नहीं कर सकते, क्योंकि समय निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखकर सरकार ने कैबिनेट से नई नियुक्ति नियमावली पारित करा ली है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग-अलग नियमावली बनाई गई है। विभागों से रिक्तियां भी मांगी जा रही हैं। बहुत विभागों से रिक्तियों की सूची भी आई है। सरकार बहुत जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।

विधायक लंबोदर महतो ने सरकार से जानना चाहा था कि सदन से 11 नवंबर को जो 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति पारित हुई थी, उसका क्या हुआ। अबतक यह राज्य में लागू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी जो सरकार ने कैबिनेट से नियमावली पारित कराई है, उससे झारखंड के युवाओं का भला नहीं होने वाला है। सरकार पहले 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाये, तब नियुक्ति शुरू करे।

### विधानसभा सत्र : नियोजन नीति को लेकर विपक्षी विधायकों ने सदन के बाहर किया प्रदर्शन



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्षी पार्टी के विधायकों ने लिखी टी-शर्ट पहन नियोजन नीति को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया।विपक्ष के विधायक 60-40 नाय चलतो, 1932 की भेलो के नारे भी लगाए। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री सदन में नियोजन नीति पर वक्तव्य नहीं देंगे, विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। नियोजन नीति के नाम पर राज्य के युवाओं को उलझाकर रखा है। भाजपा यह बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी विपक्ष ने लगातार सदन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे नियोजन नीति पर स्पष्ट वक्तव्य दें, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि हर हाल में सदन में मुख्यमंत्री को नियोजन नीति पर अपना पक्ष रखना होगा, जब तक ऐसा नहीं होता है विपक्ष उन्हें चैन से बैठने नहीं देगा।

### तेनुघाट एवं कसमार में बनकर तैयार आईटीआई में शुरू हो पढ़ाई : डॉ लंबोदर

विधानसभा में गुरुवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शून्यकाल में अपने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के तेनुघाट एवं कसमार में बनकर तैयार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का उद्घाटन कर शैक्षणिक सत्र चालू करने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि दोनों आईटीआई का अब तक उद्घाटन नहीं होने की वजह से शैक्षणिक क्षेत्र प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। इस वजह से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अलावा उग्रवाद प्रभावित इलाकों के हजारों छात्र एवं छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से शीघ्र दोनों आईटीआई का उद्घाटन कर अगले शैक्षणिक सत्र से चालू करने की मांग उठाई।

### मुझे गर्व है कि मैं बाबा नगरी देवघर से आता हूं इरफान अंसारी

जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने विधानसभा सत्र के दौरान देवघर बाबा नगरी में पानी की घोर किल्लत का मामला उठाते हुए कहा की गर्मी आते ही बाबा नगरी में पानी की काफी किल्लत हो जाती है। जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मैं बाबा नगरी देवघर से आता हूं और मुझे इस बात का गर्व है। मैं श्रद्धालुओं का दर्द और पीड़ा नहीं देख सकता, इसलिए मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि बाबा नगरी देवघर में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करें, ताकि हमारे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।सदन में विधायक इरफान अंसारी की बातों को गंभीरता से लेते हुए अविलंब बाबा नगरी देवघर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में विभाग को दिशा निर्देश दिया।

### झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी ही सरकार को घेरा

झारखंड विधानसभा में गुरुवार को भी सदन के अंदर और बाहर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। भाजपा विधायक सदन के अंदर भगवा रंग की टी शर्ट पहन कर पहुंचे, जिन पर 60-40 नाय चलतो और 1932 का क्या हुआ लिखा था। कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक वेल में पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच स्पीकर अल्पसूचित प्रश्न ले रहे थे। विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी देख विपक्ष के हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सरकार से सिंचाई के लिए परकोलेशन टैंक की जगह डीप बोरिंग योजना को स्वीकृति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान डीप बोरिंग की मांग कर रहे हैं। जवाब में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वर्ष 2023-24 के बजट में डीप बोरिंग के लिए 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पर एक अप्रैल के बाद राज्यादेश निकलेगा। विधायक ने मंत्री से जानना चाहा कि प्रति प्रखंड कितना डीप बोरिंग दिया जाएगा। इस पर मंत्री स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता पाए। मंत्री के जवाब पर विधायक दीपिका ने अध्यक्ष से कहा कि मंत्री का गोलमोल जवाब आपके सामने है, इसीलिए हम लोग सवाल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कोई प्री प्लान नहीं है क्या। यही वजह है कि साल के अंत में पता चलता है कि आधे से अधिक राशि खर्च नहीं हो पाती।

### प्रदीप यादव ने लंबित सिंचाई परियोजना का मामला उठाया

विधायक प्रदीप यादव ने सालों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में 50 साल बाद भी कई डैमों का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। डैमों के जीर्णोद्धार के नाम पर करोड़ों खर्च होने के बाद भी उनका कैंचमेंट एरिया कम हो रहा है और नहरें सूख रही हैं। राज्य में 29.4 लाख हेक्टेयर खेती योग्य जमीन में से 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर ही सिंचाई की सुविधा है। प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार डैमो के अधूरे कार्यों को कब तक पूरा करेगी।प्रदीप यादव के सवाल पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि अधूरी परियोजनाओं का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 2025 तक अधूरे योजनाओं को पूरा किया जाएगा। सालों से लंबित परियोजनाओं को लेकर सरकार गंभीर है। इसपर प्रदीप यादव ने कहा कि जो योजनाएं 50 साल में भी पूरे नहीं हुए हैं वे पांच साल में कैसे पूरे होंगे। इसका क्या आधार है मंत्री बताएं। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सबसे बड़ा आधार सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2025 तक अधिकांश परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी।

### झारखंड राज्य वक्फ बोर्ड का गठन एक महीने के अंदर कर लिया जायेगाः मंत्री

मंत्री हफीजुल हसन ने सदन में आश्वासन दिया है कि एक महीने के अंदर झारखंड राज्य वक्फ बोर्ड का गठन कर लिया जाएगा। माले विधायक विनोद सिंह के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम का गठन कर लिया गया है, जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य एवं जिला स्तरीय 15 सूत्री समिति का गठन कर लिया गया है। एक महीने में भीतर वक्फ बोर्ड का भी गठन कर लिया जाएगा। विधायक बिनोद सिंह ने सरकार से जानना चाहा था कि राज्य में 15 सूत्री राज्य और जिला समिति, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन नहीं होने से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।

## तीन दिवसीय इंट्रा क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** कंट्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंट्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 17 मार्च से 19 मार्च तक होगा।इस टूर्नामेंट में चार टीमें भाग ले रही है जिसका नाम है:

ग्लैडिएटरस (कैप्टन अनुपम देव) जायंट्स (कैप्टन अमित गिल) डायनामाइट (कैप्टन विक्रम सिंह) सुपरकिंग्स (पुरुषोत्तम कुमार )इस टूर्नामेंट के ट्राफी का अनावरण जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय और कंट्री क्रिकेट क्लब के सचिव अजय नाथ शाहदेव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया साथ ही साथ भाग लेने वाली चारों टीमों को ड्रेस भी दिया गया। इस टूर्नामेंट में 17 और 18 मार्च को तीन तीन मैच खेले जाएंगे तथा दिनांक 19 मार्च को सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा।।ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर जेएससीए और सी सी सी सीमा सिंह, एक के सिंह, सुनील कुमार सिंह, जय कुमार सिन्हा, किशोर चंद्र, सुरेश कुमार, प्रिया ओझा, मनोज कुमार, चंचल दत्त गुप्ता एस के पाण्डेय, सौमित्र पटनायक, अमिताभ कुमार के साथ साथ कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुरी के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती पहुंचे रांची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : गोवर्धन मठ पुरी के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती रेल मार्ग से गुरुवार सुबह रांची पहुंचे। अनुयायियों ने जगतगुरु शंकराचार्य का रांची रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती गुरुवार शाम चार बजे रांची के हरमू मैदान में 'विराट धर्मसभा' को संबोधित करेंगे। धर्मसभा में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अलग-अलग विषयों पर अपने विचार रखेंगे। शंकराचार्य को सुनने के लिए झारखंड के कोने-कोने से हजारों लोग पहुंचेंगे। पूर्व आईपीएस राजीव रंजन और कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. एचपी नारायण ने बताया कि झारखंड में चौथी बार स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन हुआ है।उन्होंने बताया कि स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 से 19 मार्च तक रांची में रहेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था सेल सिटी में की गयी है। रांची प्रवास के दौरान शंकराचार्य 16 मार्च को शाम 4 बजे हरमू मैदान में विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। 17 और 19 मार्च को शंकराचार्य दीक्षा देंगे। 17 मार्च को सुबह में दीक्षा और शाम में वॉलीबॉल ग्राउंड में धर्मसभा का आयोजन होगा।स्वामी निश्चलानंद सरस्वती भारतवर्ष में घूम-घूमकर धर्मसभा के जरिये हिंदू समाज को एकजुट करने में लगे हैं। इसी उद्देश्य से शंकराचार्य रांची पहुंचे हैं। उन्होंने जुलाई 2021 में कहा था कि 2025 तक भारत हिंदू राष्ट्र बन जायेगा।

## बीएनआर चाणक्य में चाइनीज फूड फेस्टिवल आज से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीएनआर चाणक्य होटल रांची 17 मार्च से 26 मार्च के मध्य होटल प्रांगण में एक चाइनीज फूड फेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। इस संबंध में होटल के खाद्य एवं पेय प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने उक्त फूड फेस्टिवल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विभिन्न चाइनीज पकवान अपने ग्राहकों को होटल के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। यदि स्टार्टर की बात करें तो इसमें ककड़ी धनिया,अंडा के बूंदों के साथ झींगे इंद्रधनुषी, पकौड़ी कुरकुरी , डिमसम वेजिटेबल , टेम्पुरा रोल, लेमनग्रास चिकन, मियुज गोल्ड टोफू इत्यादि आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही मुख्य मेन्यू में थाई तुलसी, चिकन, पूरा केकड़ा,जंबो झींगा, चमेली चावल , इत्यादि शामिल हैं। धर्मवीर कुमार ने बताया कि हमारे होटल में एक पैन एशियन रेस्टोरेंट भी उपलब्ध है। इस फूड फेस्टिवल के लिए हमारे अंतरराष्ट्रीय सेफ धीरेन होंगे जिन्हें इस क्षेत्र में 20 वर्षों का काम करने का अनुभव है।

### प्राकृतिक आपदा से प्रभावित आठ लोगों को मिलेंगे 2.20 लाख रुपये

**रांची :** रांची शहर में प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। रांची के दो अंचलों में वज्रपात से मृत पशुओं के आठ प्रभावितों को सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। इनमें चान्हो अंचल से छह और लापुंग अंचल से दो प्रभावित हैं। आठ प्रभावितों के बीच दो लाख 20 हज़ार की मुआवजा राशि की भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त ने दी है।

## सड़क दुर्घटना व सर्पदंश में मृत के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि अनुदान की स्वीकृति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा (सड़क दुर्घटना/सर्प दंश) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा देने हेतु स्वीकृति दी है। विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा देने हेतु प्राप्त आवंटन से 09 लाख रुपये की निकासी की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा दी गयी है, जो तमाड़ अंचल के 03, सोनाहातू, राहे और बुंडू अंचल के 1-1 प्रभावितों को दिया जाएगा। आवेदक का नाम सैरून निशा (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम मोहम्मद कुतुबुद्दीन, उम्र 52 वर्ष, घटना- सड़क दुर्घटना, मुआवजा राशि- 1 लाख रूपये, आवेदक का नाम पूजा देवी (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम परेस स्वांसी, उम्र ~ 37 वर्ष, घटना- सड़क दुर्घटना, मुआवजा राशि- 1 लाख रुपये, आवेदक का नामबाबी देवी (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम रोहित चंद्र मांझी, उम्र 44 वर्ष, घटना- सड़क दुर्घटना, मुआवजा राशि- 1 लाख रूपये, आवेदक का नाम सुलोचना देवी (सोनाहातू अंचल), मृतक का नामराजेन्द्र सिंह मुंडा, उम्र 29 वर्ष, घटना सड़क दुर्घटना, मुआवजा राशि- 1 लाख रुपये, आवेदक का नाम मोहन महतो (राहे अंचल), मृतक का नाम शारदा देवी, उम्र 47 वर्ष, घटना सड़क दुर्घटना, मुआवजा राशि- 1 लाख रुपये, आवेदक का नाम जुलिता देवी (बुंडू अंचल), मृतक का नाम द्वारिका महतो, उम्र 34 वर्ष, घटना सर्प दंश मुआवजा राशि- 4 लाख रुपये, उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला नजारत उप समाहर्त्ता को राशि निकासी कर अंचल अधिकारी तमाड़, सोनाहातू, राहे एवं बुंडू के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# दोहरे हत्या मामले को आखिर क्यों नहीं सुलझा पा रही रांची पुलिस?

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** रांची जिला में चोरी, लूटमार, छीनतई, हत्या, दुष्कर्म,फसाद, अपहरण जैसी घटनाएं यदि घट रही हो,तो इन घटनाओं का उद्भेदन भी रांची पुलिस कर ले रही है और जेल भेजने का काम किया है। कुछ ऐसे मामले भी हैं कि घटनाएं तो घट गई है, लेकिन इस मामले में पुलिस कछुआ की चाल ही चलती नजर आ रही है । अब तक इन मामलों में रांची पुलिस को कोई सफलता हासिल नहीं हुई है । खास करके दोहरे हत्या कांड के मामले में रांची पुलिस असफल साबित हो रही है।

**दोहरे हत्या का आरोपी सुरक्षितः** रांची जिला के तीन थाना क्षेत्रों में ऐसी 3 बड़ी घटनाएं घट चुकी है, जिसका उद्भेदन करने में रांची पुलिस अब तक नाकाम रही है। मुख्य रूप से बीते 30 अगस्त 2021 मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के अगरवा जंगल के दामोदर नदी पर बने ददीना रेलवे के करीब रात्रि में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जानकारी पुलिस को सुबह में हुई थी । दोनों युवक फुटबॉल खेल कर मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से अपने क्षेत्र टंडवा की ओर जा रहे थे। तभी अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। मृतकों की पहचान नरेश गंझू 28 और भुनेश्वर गंझू 35 के रूप में हुई थी। इसी तरह 31 मई 2022 को चान्हो थाना अंतर्गत रामदगा में मंडा पूजा के दौरान रात्रि में जागरण कार्यक्रम हो रहा था , इसी दौरान कुछ महिला डांसर थी , इसी के साथ छेड़छाड़ के मामले का विरोध करने पर दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चामा गांव के रहने वाले उमेश साहू के पुत्र सागर साहू 25 , रामदगा के रहने वाले सुबोध साहू के पुत्र अभय कुमार साहू दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दौरान चान्हो थाना प्रभारी विवेक दुबे थे। नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह स्थित एक घर में 22 दिसंबर 2021 को जन्मदिन मनाने के बाद दो युवतियां सुबह तक नहीं उठी तो घर का दरवाजा तोड़कर




देखा गया कि दोनों युवतियों की मौत हो चुकी थी। मृतक युवतियों की पहचान मान्या लखानी 15 और शीतल लखानी 26 वर्ष के रूप में की गई थी । दोनों सगी बहने थी, हालांकि शुरुआती दौर में सुसाइड बताया गया। फिर हत्या बताई गई और फिर बाद में दम घुटने की बात बताई गई थी। हालांकि घटना कैसे हुई अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। 20 जुलाई 2022 को तुपुदाना थाना क्षेत्र में एएसआई संध्या टोपनो की पशु तस्करी कर भाग रहे वाहन के द्वारा कुचल दिया गया था , जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में 2 लोग अभी फरार हैं, जिसकी तलाश पुलिस को है।

**क्या कहते हैं खिलारी डीएसपीः** खिलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में जो घटना घटी थी ,इस पर पुलिस काम कर रही है, टीपीसी सरगना के द्वारा घटना का अंजाम दिया गया था । टीपीसी संगठन के रविंद्र गंझू इसमें शामिल है, पुलिस प्रयासरत है।

**हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने कहाः** हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने कहा कि जिस पशु तस्करी वाहन से घटना को अंजाम दिया गया था, उस वाहन को जब्त किया गया , चालक सहित तीन लोगों को जेल भेजा जा चुका है, एक इसमें फरार है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है।

**ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बतायाः** वहीं ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि घटनाएं अगर हुई है तो पुलिस उद्भेदन भी करने में सफल रही है। जहां तक चान्हो थाना क्षेत्र डबल मर्डर की बात है, इस मामले में पीएलएफआई के कृष्णा यादव का नाम आया है, जिसे पुलिस पूर्व में गिरफ्तार किया था और वह लोहरदगा पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान फरार हो गया था, उसने ही इस घटना को अंजाम दिया था।मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र का जो मामला है नरेश गंझू और भुनेश्वर गंझू दो लोगों की मौत हो गई थी, हालांकि यह मामला टंडवा थाना क्षेत्र का था, लेकिन घटना हमारे थाना क्षेत्र में हुई इसलिए इसकी जांच पड़ताल हम लोगों को ही करना पड़ रहा है । इसमें रविंद्र गंझू का नाम सामने आया है। लेवी से संबंधित इस घटना को अंजाम दिया गया है। नामकुम थाना क्षेत्र में जो घटना घटी है दो बहनों की मौत हो गई थी , यह प्रथम दृष्टिता में अब भी लगता है कि सुसाइड था, इस पर जांच चल रही है। तुपुदाना थाना क्षेत्र में एएसआई संध्या टोपनो की जो मवेशी पशु तस्कर द्वारा गाड़ी से कुचल कर जो मौत हुई थी ,इसमें पुलिस ने कुछ को गिरफ्तार करके जेल भेजी है, इसमें से 2 लोग फरार चल रहे हैं। पुलिस उसकी भी तलाश में है, बहुत जल्द पुलिस को सफलता मिलेगी।

# कांग्रेस की राजनीति में आम जनता हमेशा से केन्द्र बिन्दु में रही है : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कार्यालय में गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में प्रखंड पदाधिकारी व पंचायत अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है। कांग्रेस की राजनीति में आम जनता हमेशा से केन्द्र बिन्दु में रही है। उन्हीं की समस्याओं के समाधान और उसके विकास के लिये कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता हमेशा समर्पित रहे हैं। पदाधिकारियों व कार्यकर्ता आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का गांव समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बैठक में मजकुर आलम सिद्दीकी, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, जिपस वेरोनिका एक्का, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, समशाद आलम, शंभू बैठा, मीर मुस्लिम, मो0 फहीम, सिलबेस्टार कच्छप, बिशु उरांव, मनकु कुजूर, बीरेंद्र उरांव, रैफुद्दीन मिरदाह, बुधराम बड़ा, परवेज आलम, हबीब, बुधराम उरांव सहित पंचायत अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ट्रक ऑनर असोसिएशन, आरवीएम व कोयला लिफ्टर ने संयुक्त बैठक किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** ट्रक ऑनर असोसिएशन और रैयत विस्थापित मोर्चा, कोयला लिफ्टर कि संयुक्त बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया के अध्यक्ष बिगन सिंह भोक्ता व संचालन ट्रक ऑनर असोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया. बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रक का तय भाड़ा, कोयला का गुणवत्ता और कोयला का क्वान्टिटी बढ़ाने पर विशेष तौर पर चर्चा किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए बिगन सिंह भोक्ता ने कहा कि ट्रक ऑनर असोसिएशन के द्वारा जो भी तय भाड़ा निर्धारित किया गया है. उसे हर हाल में लागु करायेंगे. इस दौरान संबोधित करते हुए एशोसिएशन के संगरक्षक राजन सिंह राजा ने कहा कि निर्धारित भाड़ा देने में जो भी लिफ्टर गड़बड़ी करेगा उसे सामाजिक तौर पर बहिष्कार और अनिश्चित काल तक उसका काम बंद कराया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से बिगन सिंह भोक्ता, राजन सिंह राजा, तनवीर आलम, नागेश्वर महतो अनील पासवान, बिनय खलखो, लखन गंझू, दामोदर गंझू ,राजेंद्र उरांव, भूषण यादव, अशोक राम, गोपाल सिंह, रूबी यादव, रंजीत सिंह, विकाश दुबे, संटू सिंह, विक्की सिंह, सोनु साहु, मदन सिंह, कन्हैया झा, गौतम थापा,रणविज य सिंह एजाजुल अंसारी,जितेंद्र चौहान जियाउल अंसारी, मोनु शर्मा, सतेन्द्र सिंह,गुड्डु गिरी, सचिन बनर्जी, मितेश सिंह,महबूब आलम, संजय कामत, नंदकिशोर विष्वकर्मा, राजेश तुरी, सुरेंद्र चौहान, रवि सिंह, अरुण यादव सोनू सिंह अस्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश प्रिंट



# स्थानीय युवाओं के वर्तमान एवं भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली आजसु पार्टी कार्यालय परिसर में गुरुवार को आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला व पुरुष ग्राम प्रभारियों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता धीरेंद्र महतो ने एवं संचालन प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने की। इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रभारी अपने दायित्व का निर्वाह करें। उनका सीधे संवाद पार्टी के चुल्हा प्रमुखों के साथ होना चाहिए। चुल्हा प्रमुख संगठन के सबसे मजबूत नींव है। पार्टी की हर गतिविधियों की जानकारी उन के माध्यम से ग्रामीणों तक अवश्य पहुंचे। इसकी सुनिश्चित हो। तभी संगठन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं के वर्तमान एवं भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार। आने वाले दिनों में इसका खामियाजा भुगतना होगा।

राज्य सरकार लोगों को झूठा आश्वासन दे रही है राज्य के लोगों को ठगा है यह सरकार विकास विरोधी राज्य के आदिवासी मूलवासी को इस सरकार ने धोखा दिया है। इसके अलावा स्थानियता, रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि चुनावों में जितने वादे किए वे सिर्फ धोखे साबित हुए हैं। हर बर्ष 5 लाख रोजगार की चुनावी घोषणा कोरी साबित हुई। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति के आधार पर ही नियोजन नीति बने। ग्रामीणों की अंचल कार्यालय में कार्यो की शिकायत पर उन्होंने सिल्ली ,सोनाहातू ,राहे , मुख्यालय पर पदाधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्देश दिया।सभा को रंगबहादुर महतो,सुचेन प्रामाणिक,बिजय चन्द्र महतो, गौतम सिंह दे०, शंकर बेदिया, बरुण सिंह मानकी, चंचला भोक्ता, कमल सिंह मुंडा, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ उपचुनाव में बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बैठक के अंत में वरिष्ठ कार्यकर्ता दिवंगत किशोर साहू को एक मिनट का मौन रखक श्रद्धांजलि दी गई।

# खलारी पहुंचे डीडीसी, डीएमएफटी मद योजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** राँची जिला उप विकास आयुक्त महोदय (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव का एकदिवसीय दौरे पर खलारी प्रखंड क्षेत्र पहुँचे. डीडीसी का खलारी आगमन पर प्रखंड क्षेत्र में चल रहे डीएमएफटी से सम्बंधित योजनाओं का भौतिक निरीक्षण व समस्या सम्बंधित की जानकारी लिये. इस दौरान डीडीसी ने खलारी महाबीर नगर में अपग्रेडेड मिडिल स्कूल का निरीक्षण किया गया. जहां भीआर लैब, टैब लैब, स्टेम लैब और एडिशनल क्लास रूम का निरीक्षण किया गया. स्कूल में डीएमएफटी मद से चल रहे अर्धनिर्मित भवन निर्माण का निरीक्षण किये. उसके बाद पहाड़ी मंदिर परिसर में बन रहे पीसीसी सड़क व मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया. फिर ब्लॉक आफिस में जेएसपीएलएस का प्रशिक्षण केंद्र , पेबर ब्लॉक सड़क और ओपन जीम का निरीक्षण किया गया. उसके बाद तुमांग पंचायत के खिलान धौड़ा में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित केज कल्चर का निरीक्षण किया गया. उसके बाद तुमांग पंचायत के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पंचायत की समस्याओं से अवगत हुये. ग्रमीणों को अस्वासन देते हुए डीडीसी ने कहा कि डीएमएफटी मद से हर पंचायत का कायाकल्प किया जायेगा.

इसके लिये ग्रामीण ग्राम सभा कर योजनाओं को पारित कर बीडीओ के समक्ष जमा कर दे. वही तुमांग की समस्या ग्रामीणो से रूबरू होने के बाद विभिन्न विभागों से योजनाओं का लाभ देने के लिए उपस्थित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया.कहा कि कार्य को धरातल पर लाकर गांव का विकास करें अधिकारी मुखदर्शक न बने. उसके बाद सीसीएल एनके जीएम संजय कुमार के साथ पुरनाडीह माइंस का निरीक्षण किये. उधर मैक्लुस्कीगंज के मायापुर पंचायत स्थित सखुआ टांड़ में बने करोड़ो की लागत से डाक बंगला का निरीक्षण किया गया. उक्त बंगला में क्षेत्र को देखते हुए सरकारी शिक्षण संस्थान खोले जाने की बात कही. मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग, अंचल अधिकारी शिशु पाल आर्या, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रखण्ड प्रमुख, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता, तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष महली,ग्राम प्रधान एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे.



## 25 मार्च को सरहुल की शोभायात्रा निकाली जाएगी

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी में 12 पड़हा के तत्वावधान में 25 मार्च को सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को झखरा टांड में आदिवासी समाज की एक बैठक ग्राम प्रधान सुधीर उरांव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में सरहुल पूजा कमेटी का गठन किया गया. इसके अध्यक्ष बीरा उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनाथ उरांव,उपाध्यक्ष चंदन उरांव व सचिव सूरज उरांव के अलावा भोला उरांव, शुका उरांव, सुधीर उरांव, अमन उरांव, विजय उरांव व सुरेश उरांव संरक्षक बनाये गये.

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को मांडर प्रखंड डाक बंगला में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई बैठक। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा पार्टी प्रखंड के कमेटी के द्वारा चलाया जाता है इसलिए प्रखंड के सभी पदाधिकारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का प्रभारी बनके उस पंचायत में बुथ से लेकर के पंचायत तक के कमेटी को अपने मॉनिटरिंग कर गठन करें। आने वाला 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती के साथ जिताय इसके लिए आप सभी अभी से तैयारी करें और पार्टी के नीति सिद्धांत को हर एक जन जन तक पहुंचाने का काम भी करें। मौके पर मंगा उरांव मजकूर सिद्दीकी जमील मलिक संजय तिग्गा अयूब खान तबारक खान जुएल तिग्गा सेराफिना मिंज सरिता तिग्गा होसे उरांव तुलसी उरांव अमित खलखो सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिल्ली थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर में गुरुवार को सहायक अवर निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह को सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप एवं मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के द्वारा फूल माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर उन्हें विदाई किया गया। समारोह के दौरान सिल्ली थाना प्रभारी के द्वारा उनके कार्यकाल के बारे में बताया गया उन्होंने यह भी कहा कि सहायक अवर निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने पूरी लगन और ईमानदारी के साथ अपने जिम्मेवारी का निर्वहन किए। इस मौके पर सहायक अवर निरीक्षक रविशंकर मिश्रा, राजीव कुंदन ओझा, अरुण शर्मा, समेत सिल्ली थाना और मुरी ओ पी के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत के सिल्वे डोल बगीचा अंबेडकर चौक में पिया हरि डेंटल क्लिनिक के द्वारा डोल मेला के शुभ अवसर पर दो दिवशीय निःशुल्क दंत जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दंत चिकित्सक डॉक्टर शंकर महतो एवम् उनके टीम के द्वारा जाँच, सलाह, दवाइयाँ दी गई। इस शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वस्थ का लाभ उठाया।

## मायापुर पंचायत में बैठक कर समिति का गठन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जंगल बचने को लेकर वनाधिकार अधिनियम 2002 व 2012 के तहत संसोधन नियम के अनुसार एवं पेसा अधिनियन 1996 के तहत ग्राम सभा को शसक्त बनाने व संस्कृति पहचान बचने के लिये सुनील पासवान व माइकल धान के अध्यक्षता में मायापुर पंचायत परिसर में बैठक किया गया. बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया. कमिटी का नाम महाग्राम सभा मंच खलारी रखा गया. इस बैठक में चीना टांड़ ग्राम प्रधान व मायापुर पंचायत की मुखिया पुष्पा खलखो उपस्थित थे. साथ ही झारखंड जंगल बचाव आंदोलन से सूर्यदेव भगत,हाजरी प्रसाद गंझू,बिनय भगत मुख्य रूप से मौजूद थे. नए समिति गठन में अध्यक्ष कलमतिया देवी,उपाध्यक्ष रवि कुमार भोगता,सचिव सुनील पासवान, उपसचिव भोला गंझू,कोषाध्यक्ष रूबी लोहरा,उपकोषाध्यक्ष बिगन गंझू बने.


## Office of Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:- DWSD/HZB/DMFT_C_TOILET/22/2022-23 (1st Call)** **Date :- 15.03.2023**

| Sl.No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Solar Motor based water supply arrangement in Community toilet including construction of DT (125mm x 115 mm dia x 60 Mtr . deep) with 125 mm blue casing pipe including installation of India Mark-II Hand Pump with PCC (1:2:4) circular platform and drain at Community toilet at Different Block in the District of Hazaribagh under D.W.& S. Division , Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". [HEAD-DMFT] |

| Block | Group | No. of Sch. | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Barkagaon & Ichak | Toilet_6 | 05 Nos.. | 13,48,531/- | 28,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| Sadar, Padma, Katkamdag & Katkamsandi | Toilet_7 | 05 Nos.. | 13,48,531/- | 28,000/- | 2,500/- | 60 Days |

| Sl.No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 20.03.2023 up to 02:00 PM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 27.03.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 28.03.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 29.03.2023 at 11.00 AM |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR.NO.292822 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
**(3G Award के तहत् घोषित)**
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75**
**(विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण)**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–शंखा, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–58

पत्रांक– 162 (C)/भू0अ0, दिनांक– 11.03.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | शंखा | 210 | 41 | 0.0975 | धान–2 | 0.0975 | 1 | अखलेश दुबे वो सुनील दुबे वो अमरदेव दुबे वो रवीन्द्र दुबे | |
| | | 141 | 42 | 0.0300 | टांड़–2 | 0.0300 | | तदैव | |
| | | 210 | 47 | 0.2150 | बकास्त मालिक | 0.2150 | | तदैव | |
| 2 | | 193 | 55 | 0.0468 | टांड़ | 0.0468 | 2 | गुलजारी देवी, पति आदित्य चौबे वो धनपति देव, पति कमला चौबे | |
| | | 193 | 56 | 0.0612 | टांड़ | 0.0612 | | तदैव | |
| | | | कुल | 0.4505 | कुल | 0.4505 | | | |

जिला भू–अर्जन कानुनगो पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 292765 Palamu(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/43/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

कल्याण मद

| ग्रुप स0 | आवासीय विद्यालय का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोम्बारी | छात्रावास (पुराना) का जीर्णोद्धार कार्य/प्लास्टर, Brick Work, MS Sheet Door, दरवाजा, MS Grill, Vitrified Floor, W ashroom Tiles, Kota Flooring, रंग रोगन, Roof Treatment (Water) इत्यादि। | 44,49,100/– | 89,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 2 | अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोम्बारी | छात्रावास (नया) का जीर्णोद्धार कार्य/ स्वच्छताधिष्ठापन का कार्य, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 26,00,500/– | 52,100/– | 5000/– | 02 माह। |
| 3 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय उलिहातु | विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य/ प्लास्टर, Brick Work, Steel Door Frame, दरवाजा, Aluminum खिड़की, Vitrified rectified Floor Tiles, Kota Stones, Flooring, रंग रोगन, Water Proof Roof Treatment, स्वच्छताधिष्ठापन कार्य, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 4 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय उलिहातु | छात्रावास का जीर्णोद्धार कार्य/प्लास्टर कार्यए छज्जा, Door MS Grill, Vitrified, Rectified Floor Tiles, Kota Stone Flooring, Water Proof Cement Plaster, रंग रोगन, दरवाजा, Aluminum खिड़की, स्वच्छताधिष्ठापन, विद्युतीकरण का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 5 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय तपकरा | छात्रावास (पुराना) का जीर्णोद्धार कार्य/ प्लास्टर, Door, Vitrified, Rectified, Kota Flooring Water Proof Cement प्लास्टर, रंग रोगन, स्वच्छताधिष्ठापन, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 25,44,200/– | 50,100/– | 5000/– | 02 माह। |
| 6 | आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास बिरसा कॉलेज, खूँटी | (भाग–1) एवं (भाग–2) का जीर्णोद्धार/प्लास्टर, PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Mar ble, Flooring GCI Gate, Putty, रंग रोगन, Drain, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 42,37,500/– | 84,800/– | 5000/– | 02 माह। |
| 7 | आदिवासी बालिका कल्याण छात्रावास बिरसा कॉलेज, खूँटी | जीर्णोद्धार/ प्लास्टर, PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Marble, Flooring GCI Gate, Putty, रंग रोगन, Drain, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–17.03.2023 के अपराहण 01:00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–23.03.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक ।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समय:– 25.03.2022 अपराह्ण 02:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समय:–27.03.2023 अपराह्ण01:00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 292800 (Rural Development) 22-23 (D)



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: संवेदक के निबंधन हेतु सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, चतरा के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबंधन हेतु संवेदकों से विहित प्रपत्र (परिशिष्ट–'क') में आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500/– (पांच सौ) रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा) के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय हो) जमा कर जिला परिषद्, चतरा कार्यालय से **दिनांक 15.03.2023 से 31.03.2023 तक** किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**वांछित प्रमाण पत्रों की सूची :**

1. परिशिष्ट 'क' में आवेदन पत्र।
2. पैन कार्ड की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. जी0एस0टी0 की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. आवेदन पत्र में अंकित पता का साक्ष्य (Address Proof)
5. आवेदन पत्र में चिपकायी गई हाल की ली गई रंगीन फोटो की स्वप्रमाणित प्रति।
6. निबंधन शुल्क के लिए किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय होगा।
7. यदि पावर ऑफ एटॉनी है, तो इसकी अभिप्रमाणित प्रति।
8. शपथ पत्र, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि पूर्व में उन्हें किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गय हो।
9. हाल में ली गयी पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो की तीन अतिरिक्त प्रतियां।
10. निबंधन के लिए विहित प्रपत्र में भरा हुआ आवेदन पत्र जिला परिषद चतरा के कार्यालय में **दिनांक :– 01.04. 2023** को कार्यालय कार्य अवधी में जमा किया जा सकेगा।
11. संवेदकों को जिला परिषद के अन्तर्गत समस्त निर्माण कार्य/मरम्मति/सुधार/अनुरक्षण आदि कार्यों के लिए निम्नलिखित श्रेणियों में निबंधन किया जायेगा।

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2.50 करोड़ रूपये से उपर के निर्माण कार्यों का निविदा देने के लिए सक्षम। | 2,00,000/– (दो लाख रू0) |
| 2 | 50 लाख रूपये से उपर किन्तु 2.50 करोड़ तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 1,00,000/– (एक लाख रू0) |
| 3 | 10 लाख रूपये से उपर किन्तु 50 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 25,000/– (पच्चीस हजार रू0) |
| 4 | 10 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा के लिए सक्षम। | 10,000/– (दस हजार रू0) |

i. निबंधन (5) पांच वर्षों के लिए मान्य होगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के तीन माह पूर्व निबंधन नवीनीकरण निर्धारित शुल्क जमा कर कराना आवश्यक होगा।
ii. निबंधन अवधि के समाप्ति के पश्चात् मात्र अगले तीन माह अर्थात् 90 दिनों के अन्दर संबंधित श्रेणियों के लिए वर्णति शुल्क का डेढ़ गुण राशि जमा कर नवीनीकरण कराया जा सकेगा। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।
iii. इस आशय का शपथ पत्र कि आवेदक अथवा उन पर आश्रित परिवार के किसी अन्य सदस्य/फर्म को इस नियमावली के नियम 10 एवं 11 में वर्णित किसी भी कदाचार में संलिप्तता के लिए कभी दण्डित प्रतिबंधित नहीं किया गया है।
iv. सरकारी सेवा से हटाये गये व्यक्ति, संवेदकों की स्वीकृत सूची से हटाये गये व्यक्ति, निलंबित सरकारी सेवक, न्यायालय से दोषी पाये गये व्यक्ति एवं किसी भी विभाग द्वारा असैनिक कार्यों हेतु प्रतिबंधित/काली सूची में अंकित व्यक्ति/फर्म के आवेदक होने की स्थिति में आवेदन पत्र पर निबंधन/नवीनीकरण के लिए विचार नहीं किया जायेगा।
v. विभाग द्वारा काली सूची में अंकित संवेदक या साझेदार, यदि किसी अन्य संस्थानों या संवेदको से जुड़कर एवं गलत जानकारी देकर फिर से निबंधन कराते हैं, तो उक्त त्रुटिपूर्ण निबंधन को खारिज करते हुए उनके तथा संबंधित संस्थानों के Board of Directors of Governors अथवा Partners के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।
vi. ऐसे आवेदक जिला परिषद में निविदा समर्पित करने के हकदार नहीं होगे, जिनके नजदीकी संबंधी (पति/पत्नी/माता–पिता/सहोदर भाई अथवा सहोदर बहन) लेखापाल या कनीय अभियंता से अन्यून स्तर के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहेगें।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 292724 (District) 22-23 (D)

## विधायक ने शून्य काल में किया ईचागढ़ में महिला डिग्री महाविद्यालय की मांग



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा सत्र के दौरान शून्य काल में गुरुवार को विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में महिला डिग्री महाविद्यालय की मांग किया। विधायक ने अपने आसन से कहा ईचागढ़ विधानसभा के ईचागढ़ प्रखंड में महिला डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से सदन के माध्यम से छात्र हित में ईचागढ़ में महिला डिग्री महाविद्यालय निर्माण का मांग किया है।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने बंदना महापात्र को श्रेष्ठ स्वास्थ कर्मी से किया सम्मानित



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सहिया दीदी व स्वास्थ्य कर्मियों को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। बुधवार को टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा सरायकेला में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर चांडिल प्रखंड के चिल्गु उप स्वास्थ केंद्र में कार्यरत बंदना महापात्र को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उन्हे चिलगु उप स्वास्थ केंद्र क्षेत्र के बच्चो को कोरोना काल मे वैक्सीनेशन सहित परिवार नियोजन के लिए गांवों में उत्कृष्ट स्वस्थ सेवा का कार्य किए जाने पर अति श्रेष्ठ स्वस्थ कार्यकर्ता के रूप में पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जमशेदपुर आगमन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल का जिला कांग्रेस ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी का आज जमशेदपुर आगमन होने पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सर्किट हाउस मे अपने जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों के साथ स्वागत किया द्य जिला अध्यक्ष के साथ मुख्य रूप से ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिवेश राज, कांग्रेस नेता गुड्डू गुप्ता, अंसार खान, सुमंत अतुल गुप्ता, के के शुक्ला, रंजीत झा, सनी सिंह, रानी राव, अमृत गुप्ता, संध्या दास, सोनिया, कुमार गौरव, अमृत पाल, सचिन सिंह के साथ अन्य कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## अभिभावक बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाएं : फादर टोनी

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के प्रथम दिन सभी नए बच्चों के लिए ओरिएंटेशन (स्वागत) समारोह आयोजित कर शैक्षणिक सत्र की विधिवत शुरुआत की गई। समारोह में कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के बच्चे व उनके अभिभावक शामिल हुए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ फादर टोनी राज एसजे ने कहा कि बच्चों के लिए माता-पिता ही प्रथम शिक्षक हैं, छोटे बच्चों में अच्छे संस्कार देने चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अभिभावकों एवं बच्चों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य फादर दयानिधि, सिस्टर रेशमी, सिस्टर अर्चना, ब्रदर अम्लराज समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बाल संरक्षण जागरुकता शिविर का आयोजन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड सभागार में गुरुवार को बाल संरक्षण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं को जागरूक किया गया। जागरूकता शिविर में बाल विवाह, बाल मजदूरी ,बाल संरक्षण, कुपोषण आदि के संबंध में जिला संरक्षण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जानकारी दिया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है। हमें बच्चों का सर्वांगिन विकास करने के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व गांवों में कुपोषण से बच्चों का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह,बाल मजदूरी एवं शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक कर ही बाल संरक्षण अभियान को सफल बनाने में कामयाब हो सकते हैं। मौके पर जिला बाल कल्याण समिति सदस्य, अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो, सीडीपीओ हिमाद्रि, एसआई शिवा यादव, महिला पर्यवेक्षिका जया पांडेय एवं सेविकाएं उपस्थित थे।

## नाबालिक युवती ने हाथ का नस काटकर की आत्महत्या का प्रयास

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते बुधवार की देर रात आदित्यपुर थाना अंतर्गत नगर निगम के वार्ड दो में गम्हरिया के धीराजगंज स्थित साई कल्पना अपार्टमेंट में एक नाबालिक युवती द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने युवती एवं उसके नाबालिग प्रेमी को अपने साथ थाने ले गई, जहां से युवती को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त अपार्टमेंट में कंचन सिंह नामक महिला के घर नाबालिग युवती और उसका प्रेमी काम करता था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और युवती ने अपने हाथ का नस काट लिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राजन कुमार ने तत्काल युवती को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि मकान मालकिन फिलहाल बाहर है। उन्हें सूचना दे दी गई है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बाल स्वास्थ्य व संस्थागत प्रसव पर जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई । सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, एसीएमओ डॉ. आलोक रंजन महतो, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. आर एन झा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय धावड़िया, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी हाकिम प्रधान, डीडीएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे । बैठक में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश सभी सीडीपीओ एवं एमओआईसी को दिया गया । निदेशक डीआरडीए ने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव व बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए शत प्रतिशत उपलब्धि पर जोर दिया और हर स्वास्थ्य कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा की । जिले में अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक संस्थागत प्रसव में 89 प्रतिशत उपलब्धि है, सभी एमओआईसी एवं सीडीपीओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सेविका एवं सहिया के माध्यम से हर एक गर्भवती महिला को डिलीवरी होने तक फॉलो करें । डिलीवरी जिला के अंदर किसी अस्पताल में हो या पड़ोसी जिला, पड़ोसी राज्य में बस ये सुनिश्चित करें कि संस्थागत प्रसव ही हो । दोनों अनुमंडल अस्पताल एवं सभी प्रखंडों के सीएचसी में फरवरी माह में करीब 29 हजार मरीज आए जिनमें 4542 को एडमिट किया गया, एमजीएम में 117 तथा सदर अस्पताल में सिर्फ 5 मरीज रेफर हुए । जिले में अबतक 109408 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया है, पिछले ढाई महीने में आयुष्मान कार्ड बनाने में काफी गति आई है जिसमें 38961 लोग लाभान्वित हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना में सरकारी अस्पतालों की प्रतिभागिता बढ़ाने का निदेश दिया गया। कुपोषण उपचार केन्द्रों में औसत बेड ऑक्यूपेंसी रेट 81 फीसदी है, ग्रामीण क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए शत प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी रखने का निदेश दिया गया। बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ रोग खोज, परिवार नियोजन, एनसीडी स्क्रीनिंग सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गयी । चारी रोग अभियान पर भी चर्चा की गयी ।

## युवक की हत्या कर ठनठनी घाटी में फेंका शव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा के ठनठनी घाटी में गुरुवार की सुबह एक अज्ञात लाश मिलने की खबर के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसके बाद पटमदा थाना प्रभारी द्वारा आसपास के थाना क्षेत्र में इसकी तस्वीर भेजकर छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा जारी तस्वीर के आधार पर दोपहर तक लाश की पहचान कमलपुर थाना क्षेत्र के कुमीर गांव निवासी रामपद महतो उर्फ कंका के रूप में की गई। कुमीर के ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो ने बताया कि करीब 28 वर्षीय रामपद कुमीर के बाधाकुल्ही का रहने वाला था जो पिछले करीब 5-6 दिनों पूर्व अपने ससुराल गया हुआ था। उन्होंने संदेह जताते हुए कहा कि उसकी हत्या रस्सी से गला घोंटकर बुधवार को ही किसी ने कर दी है जिसके बाद लाश को छिपाने के मकसद से ठनठनी घाटी में लाकर फेंक दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की एक पुत्री है 3 माह की। घटनास्थल पर पहुंचे पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार व बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने आसपास के लोगों एवं ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो व बृंदावन दास से पूछताछ के बाद लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ग्राम प्रधान के मुताबिक रामपद का ससुराल कमलपुर थाना क्षेत्र के गेंगाड़ा में है और उसके ससुराल वाले सभी लोग मानगो क्षेत्र में रहकर मजदूरी करते हैं। मृतक का अक्सर अपनी पत्नी के साथ विवाद होता था। घटना की सूचना पाकर मृतक के माता-पिता पटमदा थाना पहुंचे हैं एवं पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक युवक की हत्या कर शव को पेड़ में टांग कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है।

## करीम सिटी कॉलेज: एंब्रेसिंग इक्वालिटी थीम के साथ वूमेंस सेल का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने आज कॉलेज परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए अपनी तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन किया। इस वर्ष की थीम एंब्रेसिंग इक्विटी थी। इस अवसर की मुख्य अतिथि वैज्ञानिक और करियर उन्नयन कोच डॉ. रीमा डे थीं। इस कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसकी शुरुआत निबंध प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, कॉमिक स्क्रिप्टिंग प्रतियोगिता और नो फायर कुकिंग से हुई। डॉ डे ने छात्रों के साथ एक बहुत ही जीवंत इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और उन्हें पूरी तरह से व्यस्त रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मुस्कान, नम्रता, सना और निकिता द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत से हुई। एकल गीत हर्ष झा ने प्रस्तुत किया। रैप की प्रस्तुति प्रियांशु ने की और नाटक में मानव, अभिलाषा, हिमांशु, हर्ष झा, स्नेहा, मुस्कान और आयुष बनर्जी ने हिस्सा लिया। संचालन स्मृति डे ने किया और पुरस्कार की घोषणा स्नेहा शर्मा ने की। वूमेंस सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ कौसर तस्नीम ने अतिथि का स्वागत किया। सत्र के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में वूमेंस सेल प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों को विशेष पुरस्कार सहित 70 पुरस्कार दिये गये।

## 24 को वृहत दिशोम सरहुल महोत्सव व 25 को विशाल सरहुल सेंदरा यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** चांडिल डैम नौका विहार परिसर में सरहुल महोत्सव आयोजन कमिटी द्वारा आदिवासियों के प्राचीन सांस्कृतिक पर्व सरहुल पुजा के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आयोजन कमिटी द्वारा जानकारी दिया गया कि 24 मार्च को झारखंड दिशोम सरहुल कमिटी द्वारा चांडिल गोल चक्कर, आदिवासी समन्वय समिति द्वारा खुदियाडीह, पातकोम दिशोम माझी पारगाना माहाल द्वारा गांगुडीह व संयुक्त ग्राम सभा ईचागढ़ द्वारा पुराना ईचागढ़ हाई स्कूल मैदान में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। 25 मार्च को खुदियाडीह फुटबॉल मैदान से विशाल सरहुल सेंदरा यात्रा का शुभारंभ कर चांडिल गोल चक्कर स्थित सिधु कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद सभी एकत्रित होकर चांडिल बस स्टैंड सिनेमा हॉल से सेंदरा यात्रा पैदल चांडिल बाजार, स्टेशन होते हुए गांगुडीह दिशोम जाहेर गाढ़ पहुंचेगी। इस अवसर पर प्रकाश मार्डी, भदरू सिंह सरदार, सुचांद उरांव, डोमन बास्के, ज्योतिलाल बेसरा, शक्तिपद हांसदा, महावीर हांसदा, बुद्धेश्वर माझी, गुरुपद हांसदा, चारु चांद किस्कू, गुरुचरण किस्कू, सुखराम हेंब्रम, ईचागढ़ के प्रमुख गुरुपद मार्डी, श्यामल मार्डी, सुधीर किस्कू आदि उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में युवक की हत्या कर नदी में फेकी लाश, दोनों आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के विद्यापति नगर के रहने वाले युवक सागर सोना की हत्या हो गई है। सागर सोना मंगलवार की रात अपने दो दोस्तों विशाल और राहुल के साथ घर से निकला था।? विशाल और राहुल उसी रात अपने घर वापस आ गए थे। लेकिन, सागर नहीं लौटा था। इसके बाद सागर की मां कांति देवी ने सिदगोड़ा थाने में बुधवार को मामले की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने सागर के दोनों दोस्तों विशाल और राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि सागर की हत्या हो गई है। विशाल और राहुल ने पुलिस को बताया कि उसके साथ सागर का विवाद हो गया था। विवाद में मारपीट हुई। इसी के बाद दोनों ने मिलकर सागर की हत्या कर दी और शव स्वर्णरिखा नदी में फेंक दिया। पुलिस गुरुवार को नदी में शव की तलाश में जुट गई है। शांति देवी का पति बीमार रहता है। वह अपने कई घरों में काम कर घर चलाती है।

# चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो की जयंती सभा गोपाल मैदान में 21 को

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** गुरुवार को बिष्टुपुर निर्मल गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. मौके पर पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने कहा कि चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के 285 जयंती का आयोजन आगामी 21 मार्च 2023 गोपाल मैदान बिष्टुपुर में किया गया है। जिसमे झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस सभा में तीनों राज्यों से लाखों की संख्या में विभिन्न समाज से लोग उपस्थित होंगे। इस सभा में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर मांग रखी जाएगी, जो झारखंड पश्चिम बंगाल उड़ीसा में निवास करने वाले सभी कुड़मी जनजाति को भारतीय संविधान की धारा 342 के तहत अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जाए और चुआड विद्रोह के महानायक एवं प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का संसद परिसर में मूर्ति की स्थापना किया जाए। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से शैलेंद्र महतो पूर्व सांसद जमशेदपुर, सीतल ओहदार, एवं समस्त चुआड़ सेना के सदस्य उपस्थिति रहीं।

## भालूबासा की महिला से घर खाली कराने के लिए घर पर भेजे जा रहे गुंडे, एसएसपी से शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भालुबासा लाइन नंबर 1 की रहने वाली मालती सिंह से घर खाली कराने के लिए उसे धमकी दी जा रही है। घर पर गुंडे भेजे जा रहे हैं। ऐसा उसका भैसुर का बेटा अभिषेक सिंह कर रहा है। मालती सिंह मामले की शिकायत लेकर सीतारामडेरा थाना भी गई थीं। लेकिन, वहां से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को मालती सिंह साकची स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंचीं और एसएसपी को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मालती सिंह ने कहा कि बुधवार को अभिषेक सिंह शराब पीकर उनके घर में घुस गया और मारपीट की और कहा कि मकान खाली कर दो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। मालती देवी ने बताया कि उनके पति टाटा स्टील के कर्मचारी थे और साल 2018 में रिटायर हो चुके हैं। मालती ने बताया कि अभिषेक के साथ विपिन गोस्वामी नाम का एक युवक आता है और वह खुद को गैंग का लीडर बताता है और धमकी देता है कि मकान जल्द खाली कर दो। मालती सिंह ने बताया कि एसएसपी ने मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## तेंतला में युवा का महिला दिवस समारोह आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) के तत्वावधान में कार्यक्रम मेरी पंचायत मेरी शक्ति के तहत पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत के मैदान में पंचायत प्रतिनिधियों महिला एवं किशोरियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान किशोरियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक किया। पंचायत प्रतिनिधियों का एक पैनल चर्चा हुआ। मुद्दा था - पंचायत स्तर में महिलाओं के ऊपर हिंसा होने पर पंचायत प्रतिनिधियों की क्या भूमिका है। इस चर्चा में बात निकल कर आई कि महिलाओं के अधिकार कहां कहां है ,यह जानकारी होना आवश्यक है। प्रतिनिधियों का कहना था कि अगर महिलाओं के साथ हिंसा होती है तो वह पंचायत स्तर पर जरूर लाए। सभी प्रतिनिधि कलेक्टिव महिला और किशोरियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति हेंब्रम एम चंद्रकला मुंडा ने किया। कार्यक्रम को युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरूप मंडल, रीला सरदार अवंती सरदार ,किरण सरदार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# बिष्टुपुर के पीएम मॉल के पास मिला युवक का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा थाना के भाटिया बस्ती के रहने वाले युवक रोशन वर्मा की हत्या हो गई है। रोशन वर्मा का शव बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के पीएम माल के पास मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही युवक रोशन वर्मा के पिता वीरेंद्र वर्मा अन्य परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वीरेंद्र वर्मा ने गुरुवार को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया है। लेकिन, जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि जहां रोशन वर्मा की लाश पड़ी है उससे काफी दूर पीछे उसकी कार खड़ी थी। कार लाक थी। कार की चाबी रोशन वर्मा की जेब में थी। रोशन वर्मा के शरीर पर मारपीट के निशान भी थे। इससे साफ लगता है कि उसकी हत्या हुई है। वीरेंद्र वर्मा ने पुलिस को बताया कि रोशन बुधवार की रात घर से निकला था। उसने कहा कि वह साकची जा रहा है। उसके साथ कार पर लाला नाम का एक युवक भी था। वीरेंद्र वर्मा ने जब फोन किया तो रोशन ने अपने पिता की बात लाला से भी कराई और उस युवक ने कहा कि डरने की कोई बात नहीं है। वह रोशन का साथी है। वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इसके बाद वीरेंद्र बिष्टुपुर में एक बार में गया। वहां गूगल पे से अपनी बहन से 3000 रुपए भी मंगवाए। बार में कुछ रुपए खर्च किए। बाकी रुपए वहां से लेकर वह कार से चला गया। वीरेंद्र वर्मा का कहना है कि पुलिस जांच में पता चलेगा कि कार में सवार युवक कौन था। सीसीटीवी फुटेज से भी जानकारी मिल सकती है। डीएसपी हेड क्वार्टर ने गुरुवार को बताया कि परिजन युवक की हत्या की बात कह रहे हैं। इसी आधार पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद और जांच में जो तथ्य आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

## 19 मार्च को साकची बंगाल क्लब में मनेगा जीण माता का 17वां वार्षिक महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची बंगाल क्लब में आगामी 19 मार्च रविवार को जीण माता का भव्य 17वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गयी हैं। साकची बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर तीन बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या आठ बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। मंगलपाठ का वाचन करने हेतु जयपुर (राजस्थान) से रविश-सोनम सोनी की जोड़ी आ रही हैं।

# 56वें रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमिटी मीट का हुआ उद्घाटन, उद्योग जगत के प्रतिनिधि हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** दो दिवसीय 56वें रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी मीट का उद्घाटन आज यूनाइटेड क्लब में किया गया। मीट की थीम लांग तथा फ्लैट रोलिंग मिलों के प्रदर्शन में सुधार है। समारोह के मुख्य अतिथि चैतन्य भानु, वाइस प्रेसिडेंट (स्टील मैन्युफैक्चरिंग), टाटा स्टील ने रोलिंग मिलों के संचालन में सुधार के लिए इंडस्ट्री 4.0 सिस्टम जैसे वायरलेस नेटवर्क, क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने इस्पात संयंत्रों में सस्टेनेबिलिटी और कार्बन उत्सर्जन में कमी के महत्व पर भी बात की। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी, टाटा स्टील, सेल आरआईएनएल , टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल,मुकंद, जेएसएचएल वेदांता-इलेक्ट्रो स्टील और मेकॉन सहित भारत भर के इस्पात संयंत्रों की विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों का एक मंच है। मीट में देश भर के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 103 से अधिक प्रतिनिधि आरएमओसी की 56वीं बैठक में भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट का भी दौरा करेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान स्वागत भाषण अजय कुमार झा, चीफ, (कोल्ड रोलिंग मिल) सीआरएम, टाटा स्टील, जमशेदपुर और लीडर, आयोजन समिति ने दिया। डॉ. सुशांत रथ, जेनरल मैनेजर और हेड (फ्लैट रोलिंग एंड ट्राइबोलॉजी), सेल-आरडीसीआईएस (आयरन एंड स्टील के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र), रांची और सचिव, आरएमओसी ने उद्घाटन सत्र में सचिव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## संपादकीय

# 'राहुल' पर घिरी कांग्रेस

**सत्ता** पक्ष को घेरने के लिए कांग्रेस ने कुछ मुद्दे इक्कठे किए थे, जिनमें हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट, सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की विपक्षी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में कार्यवाही जैसे मुद्दे शामिल थे, लेकिन राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयानों ने 'कांग्रेस' को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। कहाँ तो कांग्रेस सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाकर मैदान में उतरी थी लेकिन अब वह ही संसद से सड़क तक घिरी हुई नजर आ रही है। बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा काफी आक्रामक नजर आई। दरअसल, भारतीय लोकतंत्र पर प्रतिकूल टिप्पणियां करके कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने ही भाजपा को अवसर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने विदेशी दौरे पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ब्रिटेन के संसदीय परिसर में अपने संवाद कार्यक्रमों में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिन्हें भारत का आम नागरिक भी स्वीकार नहीं कर सकता। आखिर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्रिटेन और अमेरिका को दखल देने के लिए आमंत्रित करना किस प्रकार उचित ठहराया जा सकता है। भाजपा का रुख देखकर इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशव्यापी विमर्श खड़ा करने का मन बना चुकी है। भारत के आंतरिक एवं लोकतांत्रिक मामलों में विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित करने के मामले पर भाजपा ने माँग रखी है कि राहुल गांधी संसद में आकर माफी माँगे और यह संसद उनके बयान के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करे। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' का भी अपमान करने का प्रयास किया, जब उन्होंने कहा कि संसद में उनके माइक को बंद कर दिया जाता है। जबकि उनका यह आरोप निराधार है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों के सभापति उनके इस आरोप को खारिज कर चुके हैं। कांग्रेस के नेताओं के सामने स्थिति विकट हो गई है कि आखिर वे भारतीय लोकतंत्र में विदेशी हस्तक्षेप की बात पर किस तरह से राहुल गांधी का बचाव करें? भारत विरोधी इस विचार को सही भी नहीं ठहराया जा सकता और अपने नेता का बचाव भी करना है, इस कारण कांग्रेस के नेता दुविधा में फंस गए हैं। कोई स्पष्ट जवाब नहीं होने के कारण कांग्रेस के प्रवक्ताओं को झल्लाते हुए भी देखा जा रहा है। कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल गांधी भाजपा के लिए नहीं अपितु कांग्रेस के लिए ही चुनौती बन गए हैं। कांग्रेस का अच्छा-भला जमा-जमाया राजनीतिक मैदान राहुल गांधी ने अपनी अपरिपक्वता के कारण बिगाड़ दिया। भाजपा नेताओं का यह कहना गलत नहीं है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा को गहरी चोट पहुंचाई है। भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की जिस प्रकार की छवि उन्होंने विदेशी मंचों से रखी है, वह सत्य से परे है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कैसे इस स्थिति से बाहर निकलती है और भाजपा भी इस मुद्दे को कहाँ तक लेकर जाती है? संभव है कि आनेवाले चुनावों तक यह मुद्दा गरम बना रहेगा।

बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा काफी आक्रामक नजर आई। दरअसल, भारतीय लोकतंत्र पर प्रतिकूल टिप्पणियां करके कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने ही भाजपा को अवसर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने विदेशी दौरे पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ब्रिटेन के संसदीय परिसर में अपने संवाद कार्यक्रमों में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिन्हें भारत का आम नागरिक भी स्वीकार नहीं कर सकता। आखिर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्रिटेन और अमेरिका को दखल देने के लिए आमंत्रित करना किस प्रकार उचित ठहराया जा सकता है। भाजपा का रुख देखकर इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशव्यापी विमर्श खड़ा करने का मन बना चुकी है। भारत के आंतरिक एवं लोकतांत्रिक मामलों में विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित करने के मामले पर भाजपा ने माँग रखी है कि राहुल गांधी संसद में आकर माफी माँगे और यह संसद उनके बयान के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करे। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' का भी अपमान करने का प्रयास किया, जब उन्होंने कहा कि संसद में उनके माइक को बंद कर दिया जाता है।

## कुछ अलग

# लोकतंत्र, संविधान जिंदा हैं

**आज** तो बल्लियों उछलने का दिन है। भारतीय सिनेमा ने रचनात्मक आसमान छुए हैं। सुपरहिट फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटू-नाटू' को सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत की श्रेणी में 'ऑस्कर अवार्ड' से नवाजा गया है। यह प्रथम भारतीय गीत है। इससे पहले 'जय हो...' के गीत-संगीत के लिए ऑस्कर दिया गया था, लेकिन वह मूलतः ब्रिटिश फिल्म थी। इसके अलावा, 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र के लिए ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यकीनन दोनों ही उपलब्धियां असाधारण, अभूतपूर्व और अतुलनीय हैं। इस गीत-संगीत पर तो पूरी दुनिया झूम रही है। दोनों तरह के सिनेमा की रचना करने वाली टीमों को सलाम...जय हिंद! मन और भावुकताएं इसी विषय पर लिखने की थीं, लेकिन इनसे भी महत्त्वपूर्ण मुद्दा है-लोकतंत्र। यदि हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में हैं, तो सिनेमा, सृजन और अभिव्यक्ति की आजादी संभव और हासिल है। हमारा सशक्त विश्वास है कि भारत एक लोकतंत्र है और सबसे जीवंत उदाहरण है। यदि कुछ लोग बेचैन हैं, छटपटा रहे हैं, तो यह उनकी कुंठा हो सकती है। देश की जनता ने भी कमोबेश उन्हें खारिज कर दिया है। बहरहाल भारत तो प्राचीन, लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी कुछ भी बयान दे सकते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। यदि वह 2004 से लगातार लोकसभा सांसद हैं, तो सिर्फ लोकतंत्र के कारण...। प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई, टोरंटो, सियोल में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए जिस देश में जन्म लेने को पाप करार दिया था, हम मानते हैं कि उन्हें ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए। प्रधानमंत्री का पद राष्ट्रीय है, उसका अपना गौरव, अपनी गरिमा है, लिहाजा भारत का प्रथम प्रतिनिधि होने के नाते प्रधानमंत्री मोदी को यथार्थ इस तरह बयां नहीं करना चाहिए। हालांकि वह 2015 की बात है, लेकिन इसके ये मायने भी नहीं हैं कि राहुल गांधी को विदेशी ज़मीं पर 'उजालों को अंधेरा' कहने का कोई लाइसेंस मिल गया है। उन्होंने ब्रिटेन में भारत के लोकतंत्र पर जो सवाल उठाए, कटघरे में खड़ा किया और लोकतंत्र की बहाली के लिए विदेशी हस्तक्षेप का आग्रह किया, वह यथार्थ से परे की निराशाजनक कुंठा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण' माना है। इसी मुद्दे पर हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई। बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ है। बड़ा अभूतपूर्व और अप्रत्याशित दृश्य सामने आया कि संसद के दोनों सदनों में सत्ता-पक्ष के सांसदों ने हंगामा किया और राहुल गांधी से माफी मांगने का आग्रह किया। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्रियों ने यह मांग की, जबकि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने 'देशद्रोह' का केस चलाने की मांग की।

देश की जनता ने भी कमोबेश उन्हें खारिज कर दिया है। बहरहाल भारत तो प्राचीन, लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी कुछ भी बयान दे सकते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। यदि वह 2004 से लगातार लोकसभा सांसद हैं, तो सिर्फ लोकतंत्र के कारण...। प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई, टोरंटो, सियोल में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए जिस देश में जन्म लेने को पाप करार दिया था, हम मानते हैं कि उन्हें ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए।

## ग्रामीण स्तर पर संचालित की जाने वाली अनेक योजनाओं में अध्यापक का ही सहारा लिया जाता है

# अध्यापकों से गैर शिक्षण कार्य क्यों?

डा. वरिंदर भाटिया

प्रशासनिक व्यवस्था शिक्षक को सब काम करने वाला सर्वगुण युक्त नि:सहाय प्राणी समझ लेती है जिससे आज हमारे अनेक शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझकर रह गए हैं। अनेक स्थानों पर उनसे स्टाफ की कमी के कारण दफ्तरी काम भी लिए जाते हैं। कंप्यूटर पर डाटा फीडगि हो या विद्यार्थियों की फोटो अपलोड व सत्यापन, दिनभर में ऐसे ही जाने कितने कार्य शिक्षकों को पढ़ाने के अलावा करने पड़ते हैं। इनसे कहीं क्लर्क जैसा काम करते गलती हो जाए तो जॉब पर आफत बन आती है। इस पर तुरंत प्रभाव से हमें सोचना होगा। डिम डे मील की पूरी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक की ही होती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से बच्चों को दिए जाने वाली अनेक सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफार्म, जूते, मोजे, बैग, पुस्तकें इत्यादि की खरीद-फरोख्त एवं बांटने की जिम्मेदारी भी अध्यापक की ही है।

**पंजाब** के स्कूल शिक्षा मंत्री ने गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिए शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य न लेने के मद्देनजर और छात्रों के भविष्य को बचाने के लिए पुरानी प्रथा को रोकने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि यह जरूरी है कि शिक्षक हमेशा स्कूलों में उपलब्ध रहें और उनसे पढ़ाने के अलावा कोई अतिरिक्त काम न लिया जाए। बात सिर्फ पंजाब तक नहीं सीमित है, देश के लगभग सभी राज्यों में शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य लेने की रिवायत ही चलती है जिससे सब जगह स्कूल शिक्षा बुरी तरह प्रभावित होती है। प्रशासनिक व्यवस्था शिक्षक को सब काम करने वाला सर्वगुण युक्त निःसहाय प्राणी समझ लेती है जिससे आज हमारे अनेक शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझकर रह गए हैं। अनेक स्थानों पर उनसे स्टाफ की कमी के कारण दफ्तरी काम भी लिए जाते हैं। कंप्यूटर पर डाटा फीडिंग हो या विद्यार्थियों की फोटो अपलोड व सत्यापन, दिनभर में ऐसे ही जाने कितने कार्य शिक्षकों को पढ़ाने के अलावा करने पड़ते हैं। इनसे कहीं क्लर्क जैसा काम करते गलती हो जाए तो जॉब पर आफत बन आती है। इस पर तुरंत प्रभाव से हमें सोचना होगा। मिड डे मील की पूरी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक की ही होती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से बच्चों को दिए जाने वाली अनेक सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफार्म, जूते, मोजे, बैग, पुस्तकें इत्यादि की खरीद-फरोख्त एवं बांटने की जिम्मेदारी भी अध्यापक की ही है। यह प्रशासनिक कार्य है, न कि शिक्षा से जुड़े काम हैं। और तो और, ग्रामीण स्तर पर संचालित की जाने वाली अनेक योजनाओं में अध्यापक का ही सहारा लिया जाता है। चाहे ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जाने वाला टीकाकरण हो या बच्चों एवं गर्भवती स्त्रियों को आयरन एवं कैल्शियम की गोली बांटनी हो, यहां तक कि पेट के कीड़ों की गोलियां भी अध्यापक को ही बांटनी होती हैं। गैर-शैक्षणिक कार्य में अधिकतर स्कूल प्रबंधन, डेटा संग्रह और दस्तावेजीकरण शामिल होता है और कई बार इस कार्य में दोहराव और मात्रा ही अधिक होती है। दिन में गैर-शैक्षणिक कार्य का बार-बार वितरण और उच्च अधिकारियों के कॉल पर तैयार रहने का दबाव अक्सर शिक्षकों पर बोझ डालता है और शिक्षण के मुख्य कार्य को पूरा करने में समय लगाने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। यह सब ठीक किया जाना चाहिए।



सीबीएसई की तरफ से कुछ समय पहले जारी एक सर्कुलर में कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार-2009 के तहत किसी भी शिक्षक को गैर शिक्षण कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। यह भी कहा गया था कि टीचर्स को पढ़ाने, परीक्षा संचालन और जांच कार्यों के अलावा अन्य गतिविधियों में शामिल नहीं किया जाए। लेकिन अब भी ज्यादातर स्कूलों में शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराए जाते हैं। हमारे सरकारी और एडिड स्कूल इसका अपवाद नहीं हैं। पूरे विश्व में शिक्षा व्यक्ति के जीवन का आधार समझी जाती है। किसी भी ढांचे को खड़ा करने के लिए उसकी नींव को मजबूत किया जाना अति आवश्यक है। यदि नींव ही मजबूत नहीं होगी तो किसी भी ढांचे का अधिक समय तक टिके रह पाना संभव नहीं। हमारे टीचर ही शिक्षा की नींव बनाते हैं। यदि हम बच्चों को क्वालिटी स्कूल एजुकेशन दिलाना चाहते हैं तो टीचरों को टीचर ही रहने दिया जाना चाहिए। उन्हें शिक्षा पर फोकस बनाए रखने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। क्या उन्हें सेल्फ स्टडी के लिए समय नहीं चाहिए? हमारे शिक्षकों को जब तक गैर शैक्षणिक कार्यों में फंसाकर रखा जाएगा, तो उनसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की उम्मीद बेमानी है। हमारे शिक्षक दबाव में रहते हैं क्योंकि गैर शिक्षण कार्यों से जुड़े हर एक आदेश का पालन कर उनको नौकरी भी बचानी होती है। इलेक्शन ड्यूटी में तो अनेक महिला अध्यापकों की हालत बहुत खराब हो जाती है। क्या ऐसी गैर शिक्षण गतिविधियों में महिला अध्यापकों को राहत की जरूरत नहीं है? पचास की उम्र पार कर चुकी महिलाओं को फील्ड में गैर शिक्षण गतिविधियों से दूर रखना ठीक लगता है। याद रहे गैर शिक्षण कार्यों से जब स्कूल शिक्षा व्यवस्था बाधित होती है, इसका असर अंततः बच्चों की दी जाने वाली शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी पड़ता है। शैक्षणिक समयावधि के बाद शिक्षकों से अन्य और तरह के कार्य कराया जाना क्या नैतिकता होगी? क्या यह मानवीय दृष्टिकोण होगा? क्यों न हम अपने शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्यों के डर से निकालने की पहल करें। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह स्वीकार किया गया है कि गैर-शैक्षणिक कार्य शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसमें यह भी कहा गया है कि 'उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार चुनाव ड्यूटी और सर्वेक्षण करने से संबंधित न्यूनतम कार्यों के अलावा शिक्षकों को स्कूल के समय के दौरान ऐसी किसी भी गैर-शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने के लिए न तो अनुरोध किया जाएगा और न ही अनुमति दी जाएगी जो शिक्षक के रूप में उनकी क्षमताओं को प्रभावित करती हो'। हमें प्रशासनिक कार्य करने के लिए स्कूलों में अधिक से अधिक गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती करने की आवश्यकता है। ऐसे मामलों में जहां दस्तावेजीकरण ऑनलाइन है, तब ऑफलाइन दस्तावेजीकरण को समाप्त किया जाना चाहिए। ग्रामीण स्कूलों में, जहां इंटरनेट/आईटी कनेक्टिविटी नहीं है या सीमित है, इन्हें उपलब्ध कराया जाना चाहिए और ऑफलाइन दस्तावेजीकरण की अनुमति दी जा सकती है। जहां पहले से ही डेटा उपलब्ध है, वहां स्कूलों को इसे संकलित करने और भेजने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। इसके अलावा शिक्षकों को अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के बजाय मुख्य रूप से कक्षा में पढ़ाई संबंधी कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। हम आज तक यह ही नहीं समझे हैं कि शिक्षा के गुणात्मक विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि हम चाहते हैं कि शिक्षकों द्वारा सुचारू रूप से शैक्षणिक कार्य किया जाए, तो शिक्षकों का विद्यालयों में निर्धारित पूरी कार्यावधि में उपस्थित रहना भी जरूरी है। क्यों न हम अपने अध्यापकों को सिर्फ अध्यापन और शिक्षा कार्यों में काम करने दें। एक बात तो पक्की है कि यदि हमारे शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्यों के दबाव से मुक्ति प्राप्त होती है तो इससे शिक्षा में गतिशीलता बढ़ेगी। बेहतर होगा इस बिंदु पर देश के सभी राज्यों में संजीदगी दिखाई जाए। विचार करें कि अगर अध्यापक दिनभर अन्य गैर शिक्षण कार्यों में ही व्यस्त रहेगा तो शिक्षण कार्य कब करेगा। आज विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर के निम्न होने के पीछे सबसे बड़ा कारण शिक्षक द्वारा गैर शैक्षणिक कार्यों में लगे रहना ही है।

# भारतीय विकसित देशों की नागरिकता क्यों ले रहे हैं

वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली द्वारा वर्ष 2018 में इकोनोमिक टाइम्ज में प्रकाशित एक प्रतिवेदन में बताया है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक रहती है। साथ ही, ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की है। उक्त संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान आता है। हेनली प्राईवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर ने, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर ने, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर ने, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर ने एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है।

**केंद्र** सरकार ने दिनांक 9 दिसम्बर 2022 को भारतीय संसद को सूचित किया कि वर्ष 2011 से 31 अक्टोबर 2022 तक 16 लाख भारतीयों ने अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों, की नागरिकता प्राप्त कर ली है। वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली द्वारा वर्ष 2018 में इकोनोमिक टाइम्ज में प्रकाशित एक प्रतिवेदन में बताया है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक रहती है। साथ ही, ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की है। उक्त संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान आता है। हेनली प्राईवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर ने, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर ने, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर ने, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर ने एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है। इस प्रकार विश्व के कई देशों से डॉलर मिलिनायर विकसित देशों की नागरिकता ले रहे हैं। भारतीय किन कारणों के चलते अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं, इस विषय पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इसके पीछे दरअसल कई आर्थिक कारण ही जिम्मेदार हैं। सबसे पहिले तो भारत में लगातार तेजी से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीय अन्य देशों में अपना व्यवसाय फैला रहे हैं, इस व्यवसाय की देखभाल करने के उद्देश्य से कई भारतीय परिवार अपने कुछ सदस्यों को अन्य देशों विशेष रूप से विकसित देशों में नागरिकता प्रदान करवा रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में जारी नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति केवल एक देश की नागरिकता प्राप्त कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति ने अमेरिकी नागरिकता प्राप्त कर ली है तो उसे भारतीय नागरिकता छोड़नी होगी। दूसरे, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी जैसे तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीय नौजवानों को रोजगार के अधिकतम अवसर विकसित देशों में ही उपलब्ध हो रहे हैं, और इन देशों में वेतन भी भारत की तुलना में बहुत अधिक प्राप्त होता है। आज अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक जो उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में कार्यरत हैं उनका औसत वेतन प्रतिवर्ष 125,000 डॉलर से अधिक है जबकि अमेरिका में निवास कर रहे नागरिकों का औसत वेतन प्रतिवर्ष लगभग 70,000 डॉलर के आसपास है। एक तो नौकरियों की अधिक उपलब्धता दूसरे बहुत अधिक वेतन, ये बहुत महत्वपूर्ण कारक हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीयों को अन्य देशों में रोजगार प्राप्त करने हेतु आकर्षित कर रहे हैं। तीसरे, कई विकसित देशों ने अन्य देशों के नागरिकों को शीघ्रता से नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष निवेश योजनाएं चला रखी हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत यदि कोई विदेशी नागरिक इन देशों में एक पूर्व निर्धारित राशि का निवेश करता है एवं पूर्व निर्धारित संख्या में रोजगार के नए अवसर उस देश में निर्मित करता है तो उसे उस देश की नागरिकता 'गोल्डन वीजा रूट' के अंतर्गत शीघ्रता से प्रदान कर दी जाती है। इसी कारण के चलते भी कई भारतीय इन देशों में अपनी बहुत बड़ी राशि का निवेश कर रहे हैं एवं इस चैनल के माध्यम से इन विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं। अब तो इस प्रकार की योजनाएं यूरोपीय देश, पुर्तगाल, माल्टा, ग्रीस, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, सिंगापुर, यूएई, आदि भी लागू कर भारतीयों को अपने अपने देशों में आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में उन्हें सफलता भी मिल रही है क्योंकि इन देशों में व्यापार करने हेतु बहुत आसान नियम लागू किए गए हैं। इन देशों में बहुत अधिक मात्रा में जमीन उपलब्ध है एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी ये देश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस किए जाते हैं। इन देशों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं भी बहुत उच्च मानदंडों के आधार पर उपलब्ध हैं। यह समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं अतः हर प्रकार की सुविधा यहां उचित मात्रा में उपलब्ध है। व्यवसाय को बढ़ाने हेतु उचित वातावरण है, नागरिकों के रहने का स्तर भी बहुत ऊंचा है। देश में लगातार तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीयों की आर्थिक स्थिति में इतना अधिक सुधार हुआ है कि वे सपरिवार कई विकसित देशों की, पर्यटन की दृष्टि से, यात्रा पर जाने लगे हैं। वर्ष 2019 में 252,71,965 भारतीयों ने अन्य देशों की यात्रा की है, कोरोना महामारी के चलते यह संख्या वर्ष 2020 में 66,25,080 एवं वर्ष 2021 में 77,24,864 पर आकर कम हो गई थी परंतु वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) पुनः तेजी से बढ़कर 183,12,602 हो गई है। विकसित देशों की यात्रा के दौरान ये भारतीय वहां रह रहे नागरिकों के रहन सहन के स्तर एवं बहुत आसान जीवन शैली से बहुत अधिक प्रभावित होकर इन देशों की ओर आकर्षित होते हैं। भारत में आने के बाद ये परिवार लगातार यह प्रयास करना शुरू कर देते हैं कि किस प्रकार इनके बच्चों को इन विकसित देशों में रोजगार प्राप्त हों और मौका मिलते ही अर्थात रोजगार प्राप्त होते ही कई भारतीय इन विकसित देशों में बसने की दृष्टि से चले जाते हैं। दरअसल वैश्वीकरण के इस युग में पूरा विश्व ही एक गांव के रूप में विकसित हो रहा है। समस्त देश एक तरह से आपस में जुड़ से गए हैं। इन विकसित देशों में रह रहे वहां के मूल नागरिकों का भारतीय मूल के नागरिकों पर विश्वास भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि भारतीय मूल के नागरिकों का चाल चलन, जो भारत की महान सनातन संस्कृति का अनुसरण करता हुआ दिखाई देता है, को देखकर भी इन देशों के मूल नागरिक भारतीय मूल के नागरिकों से बहुत प्रभावित हो रहे हैं एवं आसानी से भारतीय मूल के नागरिकों को इन देशों में उच्च पदों पर आसीन कर रहे हैं।




## नागरिक बोध

# अभी भी नहीं टूटा कांग्रेस के नेताओं का मुगालता!

**लगभग** एक दशक से सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस के आला नेताओं का मुगालता शायद टूट नहीं पा रहा है। कांग्रेस के आला नेताओं का बर्ताव यही प्रदर्शित कर रहा है कि वे इस मुगालते में हैं कि आज भी उनकी सत्ता केंद्र और अनेक राज्यों में है। आजादी के बाद लगभग आधी सदी तक देश पर कांग्रेस का राज रहा है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है, किन्तु इक्कीसवीं सदी में कांग्रेस के रणनीतिकार सत्ता को थामने में पूरी तरह असफल ही साबित दिखाई दिए। हाल ही में उत्तर पूर्व (नार्थ ईस्ट) के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस के नेताओं को आईना ही दिखाया होगा। भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित कांग्रेस के आला नेताओं को इस बारे में गौर करना चाहिए कि नार्थ ईस्ट में कांग्रेस का प्रदर्शन इतना गया गुजरा रहने के क्या कारण हो सकते हैं। मेघालय, त्रिपुरा, नागालेण्ड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद ही चुनाव हुए हैं, इसलिए इस पर विचार करने की जरूरत है कि आखिर चूक कहां हुई है! देश की राजनैतिक राजधानी दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि उत्तर पूर्व में चुनावों को कांग्रेस आलाकमान ने बहुत ही हल्के में लिया। नेहरू गांधी परिवार के वारिसान ने इन चुनावों में एक बार भी चुनावी राज्यों में जाना मुनासिब नहीं समझा। चुनावी नतीजों से देश भर में जो संदेश गया है वह कांग्रेस के पक्ष में तो कतई नहीं माना जा सकता है। चुनावी नतीजों पर अगर गौर करें तो 2018 में कांग्रेस ने 60 सीटों वाली मेघालय विधानसभा में 21 सीट जीती थीं, पर इस बार 16 सीटें और कम हो गईं, इस तरह कांग्रेस ने कुल 5 सीटों पर ही विजय हासिल की है। उधर, भाजपा पिछली बार दो सीटों पर विजयी हुई थी तो इस बार फिर भाजपा को दो ही सीटें मिली हैं। इसी तरह त्रिपुरा की 60 सीटों वाली विधान सभा में 2018 में भाजपा को 36 सीट मिलीथीं, तो कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी।

## देश दुनीया से

# भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम

**जब** एक ही सप्ताह इटली व ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत की ताकत का लोहा मान कर नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, तो हर भारतवासी का सीना गर्व से फूल जाता है। क्रिकेट डिप्लोमेसी में भारत अब मुशर्रफ और पाकिस्तान की मेजबानी नहीं करता, अपितु भारत विकसित राष्ट्रों के साथ कदमताल करते हुए नजर आ रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज का अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी के साथ केमिस्ट्री पूरे विश्व को एक संदेश था कि भारत अब मजबूत कदम से अपनी छाप छोड़ रहा है। भारत के कट्टर विरोधी तुर्किये भी जब भारत को दोस्त कह कर बुलाए तो कूटनीति की कुशलता समझ आती है। आज जब जी-20 शिखर सम्मेलन भारत में हो रहा है, दुनिया के शीर्ष देशों की प्रमुख हस्तियां इसमें शामिल होंगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, जर्मनी की चांसलर ओल्फ शोल्ज, कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिस टरुडो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व जापान के प्रधानमंत्री समेत कई सदस्य देशों के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। जी-20 में भारत के साथ अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ आदि देश सम्मिलित हैं। यह बड़ी बात है कि दुनिया के कल्याण के लिए भारत में ये सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन तभी किसी देश में संभव है जब वो देश आतंकवाद की चपेट में न हो, आर्थिक पक्ष मजबूत हो और नेतृत्व क्षमता असाधारण हो। भारत की जी-20 अध्यक्षता में 200 से अधिक बैठकों का आयोजन देश के विभिन्न शहरों में होगा। इसी कड़ी में जी-20 में विज्ञान व तकनीक विषयों संबंधित बैठकें अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में निश्चित की गई हैं। इन बैठकों से हिमाचल, कांगड़ा व धर्मशाला को ग्लोबल पहचान मिलेगी, वहीं विज्ञान व तकनीक के विमर्श से कांगड़ा में रोजगार के द्वार खुलेंगे। धर्मशाला दलाई लामा के कारण वैश्विक राजनीति में एक बड़ा स्थान है। उसे दावोस की तर्ज पर विकसित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही सोच है। इन 200 बैठकों के बाद जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 को होगा। इसमें जी-20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता व प्रमुख शिरकत करेंगे। नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान सभी देशों के शीर्ष नेता जी-20 एजेंडा के आर्थिक पक्ष और दुनिया की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही जी-20 बैठकों के दौरान हुए विमर्श के बाद सांझा घोषणा की जाएगी। इन बैठकों से पहले ही योग, मोटे अनाजों, डिजिटल क्रांति के भारतीय सुझावों और नरेंद्र मोदी की सोच पर इन जी-20 देशों ने मोहर लगा दी है। समकालीन दुनिया तेजी से बहुध्रुवीय दुनिया में बदल रही है। इस तरह के गतिशील अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए एक बहुपक्षीय मंच की उपस्थिति अपेक्षित थी, जहां संप्रभु राष्ट्र एक साथ आएं और निरंतर परिस्थितियों के माध्यम से विमर्श करते हुए मानव कल्याण के भविष्य के लिए कार्यक्रम तैयार करते रहें। इसी प्रयास का एक प्रासंगिक उदाहरण जी-20 है जहां सदस्य देश, महाद्वीपों और जनसांख्यिकी में फैले हुए हैं, एक साथ आते हैं, अपनी ताकत, समस्याएं, संघर्ष, चुनौतियों को साझा करते हैं और ऐसी नीतियां बनाते हैं जो विभिन्न भू-राजनीतिक और राजनीतिक-आर्थिक समस्याओं को दूर करने में मदद करती हैं। कोविड-19 महामारी और वर्तमान यूक्रेन संकट ऐसी चुनौतियों के सबसे प्रत्यक्ष और प्रासंगिक उदाहरण हैं। जी-20 की अध्यक्षता इस प्रकार भारत को जिम्मेदारी की स्थिति के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसमें प्रधानमंत्री की राष्ट्र पर एक जहाज के कप्तान के समान जिम्मेदारी होती है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वार्ता के अक्सर जटिल विषयों के हल निकालने का मार्गदर्शन करने का काम एक प्रकार से सौंपा जाता है।

> भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम भारत की 140 करोड़ जनता की ताकत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता को दर्शाते हैं। विश्व के सबसे मजबूत समूह जी-20 की अध्यक्षता कर भारत की नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व अब मान रहा है। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। डिजिटल क्रांति में अग्रणी होने के साथ-साथ पिछले नौ वर्षों में भारत विश्व पटल पर एक सुदृढ़ हस्ताक्षर बन कर उभरा है। कोविड वैक्सीनेशन में भारत ने जो असरदार काम मानवता के लिए किया, वो विश्व के अन्य देश भी नहीं कर सके। आज संयुक्त राष्ट्र संघ में भी पूरा विश्व यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिए भारत की तरफ आस लगाए बैठा है।

# रामनवमी महापर्व को लेकर टंडवा थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रामनवमी महापर्व को लेकर बृहस्पतिवार को टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो एवं संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध एवम् गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महापर्व पूरे प्रखंड क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द पूर्ण मनाया जाएगा। त्यौहार में किसी भी तरह से हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों के ऊपर पुलिस प्रशासन के द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी, तथा उपद्रवी व्यक्तियों के द्वारा त्योहार में किसी भी प्रकार का खलल डालने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। साथ ही पूरे क्षेत्र में पूजा पंडाल एवम् जुलूस को देखते हुए होने वाली समस्याओं के समाधान पर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने सभी डीजे मालिकों को सूचित किया है कि पर्व के दौरान या जुलूस में किसी भी प्रकार के अश्लील या भड़काऊ गाना नहीं बजाना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने एक स्वर में लोगों से अपील किया है कि, त्योहार के दौरान कोई भी शराबी व्यक्ति शराब को किसी भी सार्वजनिक स्थान चौक चौराहे इत्यादि प्रतिबंधित स्थानों पर नहीं पिएंगे, अगर वह पीने की अवस्था में पाए जाएंगे तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी ने कहां की जिन जिन अखाड़ों में थाना के द्वारा लाइसेंस निर्गत किया जाता रहा है वे सभी अखाड़ों के लाइसेंस धारियों को सूचित किया है कि वह पूजा से पहले थाना द्वारा निर्गत किए जाने वाले लाइसेंस को रिनुअल करा ले। इस मौके पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, पूर्व प्रमुख सीताराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, तेलियाडीह मुखिया महावीर साहू ,टंडवा व्यवसाय संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता, रफूल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी, आशिक अंसारी, मंजूर आलम, पूर्व जिला परिषद सदस्य दुलारचंद साहू समेत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, समाजसेवी, एवम् राजनीतिक दल के लोग उपस्थित थे।

# वृद्धा पेंशन व विकलांग पेंशन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में बृहस्पतिवार 16 मार्च को बिरधा पेंशन विधवा पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम मुखिया सुमीरा कुमारी एवं उप मुख्य विकास कुमार पांडेय के उपस्थिति में किया गया। नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य था। कि जनता को 60 साल के ऊपर सर्वजन पेंशन हेतु एवं विकलांग पेंशन को लेकर ग्रामीण जनता को नुक्कड़ नाटक दिखा कर बारीसाखी पंचायत वासियों को जागरूक किया गया। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता थे।

# राष्ट्रपति का सुना गया अभिभाषण

**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार विधानसभा के हेरहंज मंडल, शक्ति केंद्र तासू के बूथ नंबर 09 में राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना गया। साथ ही बूथ कमिटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने की। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य विजय गुप्ता,कार्यक्रम संयोजक सह सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, महामंत्री कन्हाई साहू, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, सकेस्वर राम, राजेश्वर यादव, दीपनाथ सिंह, रामसूरत सिंह, मानेश्वर उरांव, घनश्याम भोक्ता, प्रमोद यादव, करीम अंसारी, सतीश कुमार सिंह, मनोहर सिंह, अजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, रमेश सिंह, शनि कुमार, मुरारी कुमार, लाममोहन यादव, सुरेश उरांव, शिबू गांझू, मनोज उरांव, एवं दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिहार का अफीम माफिया चतरा में गिरफ्तार, अफीम व तस्करी में प्रयुक्त बाईक जब्त



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सक्रिय अंतर्राज्यीय अफीम माफिया गिरोह के तस्करों के विरुद्ध प्रतापपुर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हांथ लगी है। प्रतिबंधित 4 किलो अफीम के खेप के साथ गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार किये गए हैं। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर अंचल अधिकारी मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक लव कुमार के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के दोनों तस्करों को धर दबोचा है। तस्करों की गिरफ्तारी झारखंड-बिहार बार्डर पर स्थित प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चरका खुर्द गांव से हुई है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चरका खुर्द गांव निवासी राजेश शर्मा और बिहार के गया जिला निवासी राजेश विश्वकर्मा नामक दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन, अफीम माप तोल करने का इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन व हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक भी जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में एसआई अखिलेश यादव, निताई चंद्र साहा व जितेंद्र उरांव समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बाल श्रम, बाल विवाह व बाल शोषण की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** समेकित बाल संरक्षण योजना को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार हॉल में समाज कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी ने कहा कि ग्राम स्तर पर गठित टीम बाल अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। साथ ही ऐसे बच्चों की पहचान करना भी जरूरी है, ताकि इनके विकास के लिए योजना तैयार किया जा सके। वही जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद ने कहा कि जहाँ बाल अपराध दिखे आप बेहिचक 1098 पर कॉल करें।वही बच्चों की पहचान करने के लिए सर्वे किया जाएगा। वहीं प्रतिनिधियों व आमजनों के बीच लैपटॉप पर शॉर्ट फ़िल्म दिखाया गया जिसमें बताया गया की बच्चों से कार्य करवाना,बाल शोषण,बाल व्यापार करना अपराध है वही इसे जो उलंघन करेंगे उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनाथ बच्चों को कानूनी सहायता देने व शिक्षा से जोडने़ पर भी जोर दिया। वही उन्होंने यह भी कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। बैठक में प्रमुख कमला देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, मुखिया अनिता देवी, उप मुखिया अमलेश भारती, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, पूर्व जिप सदस्य पृथ्वी गंझु, वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर पम्मी कुमार दांगी आदि उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में संरक्षण कृषि प्रौद्योगिकी के धान-परती प्रणाली प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाकृअप का कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र, राँची द्वारा पूर्वी क्षेत्र में धान-परती प्रणाली के अंतर्गत कृषि विधियों के मूल्यांकन परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत किसानों के लिए ''संरक्षित कृषि प्रौद्योगिकी द्वारा किसानों की दुगुणी आय'' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धान परती प्रणाली प्रबंधन में संरक्षण कृषि तकनिक काफी कारगर सिद्ध हो रही हैं जिसे अपना कर किसान जल संरक्षण, मिट्टी के उपजाउ में वृद्धि, फसल तीव्रता में वृद्धि, कृषि में कम लागत, टीकाउ कृषि तथा आय में वृद्धि ले रहे है। उन्होंने ने विगत चार वर्षो से चलाये जा रहे भारतीय कृषि अनुशंधान परिषद्, अनुशंधान केन्द्र, रांची एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा द्वारा संरक्षण कृषि तकनिक पर प्रशिक्षण का लाभ का असर किसानों में देखने को मिल रहा है। किसान अब धान की कटाई के पश्चात रबी में गेहू, चना मसूर, सरसों तथ गरमा में मुंग, उदर, बोदी की सफल खेती कर रहे हैं तथा इस संरक्षण कृषि तकनिक को अपनाकर किसान अपनी आय दुगुनी कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि भूमि के प्रकार के मुताबिक संरक्षण कृषि तकनिक को ज्यादा से ज्यादा किसान अपनायें जिससे धान की कटाई के पश्चात खेत परती ना रहे जिससे उन्हें कृषि से दुगुनी आय से वंचित ना होना पड़े। समापन के उपरांत किसानों को बैट्री स्वचालित नेपशेक स्प्रेयर, सब्जीयों के उन्नत किसमों के बीज बैगन, मिर्च, करैला एवं नेनुआ के बीज के साथ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। समापन समारोह में वरीय वैज्ञाकिन एवं प्रधान डॉ रंजय कुमार सिंह ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से किसानो को काफी लाभ होता है। समापन्न समरोह में इंजि. विनोद कुमार पाण्डेय, डॉ वी पी राय, उपेन्द्र कुमार सिंह, जुनैद आलम, अभिजित घोष, अभिषेक घोष, नवल किशोर, सौम्य तिवारी आदि उपस्थित थे।

# विधायक किशुन कुमार दास ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत गरीबों को लाभ नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा में एक बार फिर विधायक किशुन कुमार दास ने हेमंत सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए आरोप लगाया है, कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत गरीब लोगों का इलाज नहीं हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार पर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत राशि उपलब्ध नहीं होने का मामला शून्य काल में सदन में उठाया है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाए। ताकि प्रदेश के सभी गरीबों का समुचित इलाज संभव हो सके। गौरतलब है कि चतरा सिविल सर्जन कार्यालय ने ही मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत राज्य सरकार से डेढ़ करोड़ रुपए की मांग की है, ताकि जिले के सभी गरीब लोगों का इलाज हो सके। सिमरिया के विधायक किशून कुमार दास ने यह मामला उठाते हुए राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे पूरे प्रदेश के गरीब लोगों का इलाज संभव हो सके।

# महुआडांड़ पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** अगर आप बगैर हेलमेट व लाइसेंस के गाड़ी चलाकर ट्रैफिक नियमों का माखौल उड़ाने के आदी हो चुके हैं। तो यह खबर आपके आर्थिक व सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।अब बगैर हेलमेट,बिना सीट बेल्ट और लाइसेंस के गाड़ी लेकर सड़कों से गुजरना आपको महंगा पड़ेगा। क्योंकि अगले कुछ दिनों तक महुआडांड़ पुलिस द्वारा आईआरबी कैम्प के समीप बिरसा चौके सहित अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। जंहा इस दौरान दर्जनों टू व्हीलर जब्त करने का कार्य किया गया है। इसकी विधिवत शुरुआत जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अभियान के दौरान अधिकारियों व जवानों ने शहर से होकर गुजरने वाले हर चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल की गहनता से जांच की। साथ ही साथ बगैर दस्तावेज व ट्रिपल लोड पकड़े गए दर्जनों दो पहिया वाहनों को भी जब्त किया।शराब पीकर वाहन चलाने से आए दिन घट रहे घटनाओं पर लगाम को ले पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाई जाएगी। अभियान के दौरान हेलमेट व लाइसेंस के साथ-साथ वाहन चालकों का ब्रेथ एनलाइजर से जांच किया जा रहा है।थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान अगर अल्कोहल सेवन रिपोर्ट पॉजिटिव मिलती है तो संबंधित व्यक्ति को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। साथ ही बगैर हेलमेट लाइसेंस ट्रिपल लोड पकड़े जाने पर संबंधित नाबालिक वाहन चालकों के साथ-साथ उसके अभिभावकों के विरुद्ध भी नियम संगत कार्रवाई होगी।

# बालूमाथ के उप-प्रमुख ने मगध कोलियरी के जीएम को लिखा पत्र

➲ मांग पूरी नही हुई तो 20 मार्च के बाद विस्थापित करेंगे आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के जीएम के0के सिन्हा को पत्र लिखकर भु-रैयतों की मांगों से अवगत कराया है। दिए आवेदन में कहा है कि सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई भूमि,गैरमजरूआ के बदले में लाभुकों को उचित मुआवजा के साथ नौकरी दिया जाए साथ ही पेड़-पौधे,कुआं,तालाब के भी बदले मुआवजा दिया जाए ।मगध परियोजना के प्रभावित भू-रैयतों को पुनर्वास की व्यवस्था यथाशीघ्र की जाए । रोजगार हेतु मगध परियोजना क्षेत्र से निकलने वाले कोयला ढुलाई स्थानीय ट्रकों से 50त्न एवं स्थानीय हाईवा से 40त्न का आरक्षण की व्यवस्था की जाए ।ट्रकों से होने वाले ढुलाई के बदले में मिलने वाले भाड़ा को तेतरियाखांड कोलियरी के तर्ज पर लागू किया जाए । मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा का पालन करते हुए सीसीएल द्वारा जितने भी कोयला संबंधित कार्य ट्रांसपोर्ट, लोडिंग, लिफ्टिंग जैसे कार्य मगध परीयोजना से जुड़े विस्थापित परिवारों को प्रति 75 प्रतिशत कर दिया जाए, रैयतों के द्वारा अपने भूमि के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग की जाती है तो सीसीएल के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि नौकरी मुआवजा की राशि झारखंड सरकार के पास जमा कर दी गई है इसकी सत्यता की जांच करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जाए, पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। साथ ही उप-प्रमुख ने कहा कि अगर उपरोक्त मांगों पर आगामी 20 मार्च तक पहल नहीं किया जाता है ।तो सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। वही आवेदन की प्रतिलिपि देश के प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, पुलिस महानिरीक्षक, उपायुक्त लातेहार, सीएमडी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी बालूमाथ एवं मगध परियोजना पदाधिकारी को भी दी गई है।

# दाखिल खारिज पर रोक लगाने के लिए सीओ को सौंपा आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के गाड़ी लोगमदाग टोला निवासी मनीष उरांव पिता शिव प्रसाद उरांव ने अंचलाधिकारी दीपाली भगत को दाखिल खारिज करने पर रोक लगाने के लिए सौंपा आवेदन द्य मनीष उरांव ने अंचलाधिकारी भगत को आवेदन के माध्यम से बताया है की मेरे पिता शिव प्रसाद उरांव से धोखे व शराब पीला खिलाकर रैयती भूमि का खाता संख्या 27 प्लॉट संख्या 09 मे रकबा 08 डीसमिल प्लॉट 11 मे 11.5 डिसमिल कुल 19.5 डिसमिल भूमि विकास उरांव पिता दुर्गा उरांव ग्राम गोनिया ( पचफेड़ा ) निवासी ने एक फरवरी 2023 को जमीन रजिस्ट्री करवा लिया द्य जिसकी जानकारी घर के किसी भी परिवार के सदस्य को नहीं मिली। पिता को आंख से दिखाई नहीं देता है. धोकाधड़ी से भूमि रजिस्ट्री करवाने के आरोप लगाते हुए दाखिल खारिज पर रोक लगाने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध मे सीओ दीपाली भगत ने कहा की आवेदन प्राप्त हुआ है. हर पहलु पर जाँच करते हुए दोनों पक्षो को नोटिस के माध्यम से पक्ष लेकर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# राम नवमी पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बृहस्पतिवार 16 मार्च को बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव एवं संचालन गिद्धौर के समाजसेवी परमेश्वर दांगी ने किया। बैठक में पूजा को लेकर प्रखंड से आए गणमान्य लोग अपने-अपने विचार दिए। जहां जुलूस के अखाडों में प्रशासन के द्वारा पानी की व्यवस्था करवाने पर चर्चा की गई। तो वही अखाड़ा में स्वास्थ्य कर्मी को रखने के लिए चर्चा की गई। जुलूस में बिजली तार से संबंधित बातें की गई। जगह-जगह पर तार को सुरक्षित करने की बातें किया गया। प्रमुख के द्वारा बैठक में बोला गया कि यदि जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनता को समान्न नहीं देते हैं। और उनके बात को नहीं रखते हैं तो कोई भी जनप्रतिनिधि या समाज सेवी प्रशासन की सहयोग नहीं करेगा। प्रशासन अपने से खुद मोर्चा को संभालें। आगे विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ने बोला कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र का पावन त्यौहार है। जिसमें सभी लोग धूमधाम से त्योहार को मनाते हैं। इसी बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह की ओर से गाइड लाइन में बताया गया कि रामनवमी के त्यौहार में किसी भी अफवाह से बचें किसी भी तरह की खबर को बिना जांचे परखे आदान प्रदान करने से सावधान रहें।

# रामनवमी पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

➲ परिक्षा को देखते हुए शिक्षण संस्थान के पास डीजे पर प्रतिबंध : सीओ

➲ शाम पांच बजे के बाद डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध : इंस्पेक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना परिसर में गुरूवार को रामनवमी पर्व को शांति पूर्ण मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ छुटेश्वर दास ने की। जबकि संचालन इंस्पेक्टर केपी चौधरी ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में रामनवमी पर्व शांति पूर्ण मनाया जाएगा। इसके लिए डीजे पर धर्म विरोधी एवं अश्लील गाने नहीं बजाया जाएगा। ऐसा किसी भी अखाड़े से शिकायत मिलेगी तो उक्त साउंड मालिक एवं अखाड़े के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकर्ता पर मामला दर्ज किया जाएगा। साथ हीं सभी अखाड़े को कार्यकर्ताओं को पहचान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। ताकि समय पर पहचान कर किसी तरह का परेशानी कर वार्ता किया जा सके। साथ हीं निर्णय लिया गया कि पूर्व से जिन जिन अखाड़ों को रूट चार्ट का लाइसेंस निर्गत किया गया है उसी रूट रास्ते से अखाड़े को गुजरना। अनिवार्य होगा। किसी तरह का उक्त रास्ते में अवरुद्ध है तो अखाड़े के अध्यक्ष थाना में सूचित करें जिस पर अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा। झांकी में नशापान पर प्रतिबंध रहेगा और परीक्षा को देखते हुए शिक्षण ससंस्थान के पास डीजे बजाने एवं शाम पांच बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध किया गया है। इंस्पेक्टर केपी चौधरी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति त्यौहार में किसी तरह का धार्मिक उन्मांद या बाधा पहुंचाता है तो उसे चिन्हित कर हमेशा के लिए अपराधी के लिस्ट में नाम रखा जाएगा। जो उसे हमेशा के लिए परेशानी बढ़ेगी। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि हमारा पुलिस जवान हर मोड़ हर अखाड़े पर विशेष नजर रखेगी। साथ हीं चप्पे चप्पे पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। मौके पर थाना प्रभारी विवेक कुमार, ए एसआई बिनोद तिवारी, बीरेंद्र यादव, गुड्डू आलम, लखन साहू, नरेश साहू, रविंद्र सिंह, सेवा साहू, मुखिया चन्दा देवी, मो अख्तर, ग्यास मियाँ, इंद्रदेव पासवान, जगेश्वर कुशवाहा, मो फारूक, मनोज महाजन, मुखिया शकुंतला देवी, दामोदर गोप, बसंत साहू, विजय यादव, नरेश यादव मौजूद थे।

चकला प्लांट में जमीन देने वाले किसान हुए अपमानित

# रैयतों को अपमानित किए जाने पर मैन पावर कर्मचारी व स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि के समर्थकों के बीच हाथापाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा बंद पड़े चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में स्क्रैप कटिंग कर ले जाने वाले कंपनी प्रतिनिधि ने जमीन देने वाले रैयतों को भला बुरा कहकर उन्हें अपमानित किया। बताया जाता है,चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट कैंम्पस में स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि ने मैन पावर के कर्मचारियों की बैठक बुधवार को प्लांट के कैंपस में बुलाई थी, स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि ने दुसरे फेज की स्क्रैप कटिंग के लिए बैठक में चर्चा कर रहे थे, मैन पावर के कर्मचारी अपनी हित की बात रखी, इसी बीच स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि ने रैयतों की मांगों को ठुकराते हुए मैन पावर रैयत किसानों को कहा कि हम आप लोगों को नहीं जानते हैं। और इस तरह बहुत भला बुरा कहा, स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि के द्वारा रैयत किसानों को भला बुरा कहे जाने के मामला मैन पावर कर्मचारी और स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि के समर्थकों के बीच नोंकझोंक हाथापाई तक पहुंच गई , बात बढ़ता देख सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर बीच बचाव करते हुए दोनों ग्रुप को शांत कराया। एवं बड़ी घटना को टाल दिया है। स्क्रैप के नाम पर स्क्रैप कंपनी पर प्लांट के किमती मशीनों को बेचने का आरोप हमेशा अखबार की शुर्खियां बनी रहती है। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि चकला बाना अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट की कंपनी इलाके की लोगों के भविष्य संवारने की बात कहते नहीं थक रही थी लेकिन प्लांट में जमीन देने वाले मैन पावर रैयत किसानों की हश्र क्या है आज सबके सामने है। प्लांट में अपने बकाए राशि की भुगतान के लिए दो रैयत दीपू कुमार सिन्हा व धीरज जायसवाल कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं।दुसरी तरफ प्लांट में स्क्रैप कंपनी प्रतिनिधि, मैन पावर रैयत किसानों को अपमानित कर रहे हैं।कॉरपोरेट घरानों की कथनी और करनी में काफी अंतर है, जहां जहां किसानों ने कॉरपोरेट घरानों को जमीन दी है, वहां के किसान आज कंपनी के वादाखिलाफी के खिलाफ और अपने हक को लेकर कॉरपोरेट कंपनीयों के विरोध में संघर्ष कर रहे हैं। वहीं चकला प्लांट कैंपस में आज हुई मैन पावर कर्मचारीयों के साथ हाथापाई झड़प का विडियो सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हो रहा है।

# अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लावालौंग पुलिस ने आधा किलो अफीम के साथ मोटरसाइकिल समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सूचना मिली थी की लावालौंग थाना थाना क्षेत्र के चुकरु जंगल की तरफ से अफीम ले कर दो तस्कर कोलकोले कि तरफ जाने वाले हैं। सूचना के सत्यापन हेतु बमबम कुमार थाना प्रभारी लावालौंग एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया ।टीम के द्वारा ग्राम चुकरु एवं कोलकोले के बीच झरना टोला के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। जहां जांच के क्रम में एक मोटरसाइकिल पर ग्राम बनवार के संदीप कुमार यादव एवं अमलेश यादव ग्राम आराआतु थाना लावालौंग को 500 ग्राम अर्ध ठोस अफ़िम के साथ गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से होंडा साइन मोटरसाइकिल, दो मोबाइल जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत लावालोंग थाना कांड संख्या 15/23 के तहत मामला दर्ज कर चतरा जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी महिला समिति का समृद्धि सेल आज

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला समिति के तत्वाधान तत्वाधान में स्थानीय जैन भवन में समृद्धि सेल का आयोजन किया गया है उक्त जानकारी देते हुए समिति की मीडिया प्रभारी शाह प्रोजेक्ट चेयरमैन निशा जैन ने बताया कि इस सेल के अंतर्गत घरेलू उपयोग के बर्तन कॉस्मेटिक जूता चप्पल तथा कपड़े , पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर 10 रुपए के दान कूपन के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाऐंगे । इस अवसर पर निशा जैन ने इस सेल में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की अपील की।

### पीटीपीएस एसबीआई बैंक से मोटरसाइकिल की चोरी

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीटीपीएस क्षेत्र में इन दिनों वाहन चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि आए दिन कहीं ना कहीं से किसी की दो पहिया वाहन को पलक झपकते चोर लेकर फरार हो जा रहा है।15 दिनों के अंदर चौथी मोटरसाइकिल चोरी की घटना घटित हो गई है। पुलिस के लाख कोशिश के बावजूद भी अब तक मोटरसाइकिल चोरी की घटना में शामिल चोर पुलिस के गिरफ्त से कोसों दूर है। साथ ही समय-समय पर मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पतरातू प्रखंड के ग्राम जयनगर निवासी मदन किशोर सिंह भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता अपने बैंक कार्य से पीटीपीएस स्थित भारतीय स्टेट बैंक पहुंचे। बैंक के मुख्य द्वार के समीप अपनी ब्लैक कलर की हीरो पैशन प्रो क्रमांक संख्या जेएच 24 ई 4966 को खड़ा कर बैंक के अंदर गए। थोड़ी देर पश्चात लगभग 4ः00 बजे संध्या समय में बाहर आए तो देखे की उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। ऐसा चर्चा है कि मोटरसाइकिल चोर मोटरसाइकिल चोरी कर कटिया गांव की ओर जाने वाले रास्ते की ओर निकल भागे हैं। वही मोटरसाइकिल मालिक काफी खोजबीन के पश्चात पतरातू थाना में लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया में लग गए। लोगों का कहना है कि बैंक में लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने पर शायद चोर की शिनाख्त हो जाए।

### रामगढ़ शहर में हुई तीन लाख की चोरी अपराधियों के हौसले हुए बुलंद

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के जारा टोला में सुनील कुमार महतो के घर तीन लाख की चोरी हुई। सुनील कुमार महतो ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर बताया कि जारा टोला के विनोद बिहारी कॉलोनी का निवासी हूं कल बुधवार को शाम 5ः00 बजे मैं शादी में पुरुलिया गया हुआ था। गुरुवार को सुबह जब 8ः30 बजे मैं घर पहुंचा तो देखा कि मेरे घर के गेट का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा हुआ है फिर मैंने जानकारी रामगढ़ थाना को दिया । बिनोद कुमार महतो की पत्नी रोमा कुमारी ने बताया कि मेरे घर से लगभग तीन लाख का सामान चोरी हो गया है इनमें एक सोना का चैन मांगटीका , दो अंगुठी , सोने का टॉप्स , सोने का नेकलेस, बच्चा कर दो लॉकेट , हाथ का कंगन , मंगलसूत्र लगभग तीन लाख का सामान चोरी हो गया है। रामगढ़ थाना मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। रामगढ़ थाना क्षेत्र चोरी की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। एक तरफ चोर एटीएम उखाड़ को भी उखाड़ के ले जा रहे हैं दूसरी तरफ चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।



# रामगढ़ के बरकाकाना ट्रिपल मर्डर केस में आरोपी आरपीएफ जवान को हुई फांसी की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ की बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत ट्रिपल मर्डर केस में गुरुवार को एडीजे व्यवहार न्यायालय से फैसला सुनाया गया । एडीजे प्रथम शेषनाथ सिंह न्यायालय में बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में ट्रिपल मर्डर केस के मामले में आरोपी आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई। जानकारी के अनुसार कि बरकाकाना रेलवे कॉलोनी की क्वार्टर में घुसकर परिवार के तीन लोगों को गोली मारकर हत्या व 2 को जख्मी करने के आरोपी आरपीएफ जवान पवन सिंह को एडीजे प्रथम शेषनाथ सिंह के न्यायालय में दोषी करार दिया था। यह घटना 17 अगस्त 2019 की रात की है कोर्ट ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता 302 , 307 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार दिया। 17 अगस्त की रात नशे में धुत पवन कुमार सिंह दूध मांगने के बहाने रेलकर्मी अशोक राम के घर गया था उसने रेलकर्मी समेत परिवार के 5 लोगों को गोली मार दी थी गोली लगने से 55 वर्षीय अशोक राम 50 वर्ष उसकी पत्नी लीला देवी और 32 वर्षीय गर्भवती बेटी वर्षा देवी उर्फ मीना देवी की मौत हो गई थी जबकि 25 वर्ष की बेटी सुमन देवी और 24 वर्षीय बेटा संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गया था उसके बाद वहां से फरार हो गया था। बाद में 21 मार्च 2020 को पुलिस ने बिहार के भोजपुर जिले के तरारी थाना से उसके गिरफ्तार किया गया था।



# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ वूमेन प्राइड अवॉर्ड का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तरंग ग्रुप के साथ लायंस क्लब आफ हजारीबाग रोरिंग,एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग द्वारा संयुक्त रूप से डॉल्फिन रिसोर्ट में वूमेंस प्राइड अवॉर्ड सेरेमनी 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि रौशनी तिर्की महापौर नगर निगम हजारीबाग एवं शताब्दी मजुमदार, सहायक नगर आयुक्त के साथ लायंस क्लब के जोनल चेयरपर्सन राजीव आनंद, अध्यक्ष राज मोहन वर्मा, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, नाबार्ड डीडीएम प्रेम प्रकाश सिंह ,तरंग ग्रुप के सचिव अमित गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।सभी ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के आयोजन एवं प्रोत्साहन से महिलाओं को समाज में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। आराध्या किरण के द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य से शुभारंभ एवं अनाइसा सिन्हा के नृत्य से समाप्त हुए इस कार्यक्रम में हजारीबाग की वैसी सभी सशक्त महिलाओं को सम्मानित किया गया ।

# हाल-ए-मार्खम : प्रबंधन के रवैये से विद्यार्थी परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मार्खम कॉलेज के वोकेशनल कोर्स में पढ़ने वाले विद्यार्थी बोनाफाइड सर्टिफिकेट लेने के लिए पिछले एक महीने से परेशान हैं। विभाग द्वारा उन्हें एक महीने से कल आने को कहकर कॉलेज का चक्कर लगवाया जा रहा है। दरअसल झारखण्ड सरकार ने ई कल्याण स्कालर्शिप के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है। छात्रों को आवेदन करते वक्त बोनाफाइड लगाना जरूरी है। इसलिए छात्र बोनाफाइड पाने के लिए परेशान हैं।

नाम न छापने की शर्त पर पत्रकारिता विभाग के एक छात्र ने प्रभात मंत्र संवाददाता को बताया कि एक महीने पहले ही स्कालर्शिप के लिए आवेदन शुरू किया गया था तब उसने कॉलेज आकर सर्टिफिकेट की मांग की। उस वक्त वोकेशनल काउन्टर पर बैठने वाली अन्नपूर्ण ने उन्हे बताया कि अभी छप कर नहीं आया है इसलिए नहीं दिया जा सकता। फिर यही बात अगले पंद्रह दिनों तक कही गई और क ल आने को कहा गया। जब आवेदन के लिए सिर्फ तीन दिन शेष रह गए तब कहा गया कि छप कर आ गया है कल आइए मिल जाएगा। परंतु फिर दूसरे दिन नहीं दिया गया। गुरुवार को सर्टिफिकेट बांटना शुरू किया गया परंतु फिर एक रोड़ा सामने आ गया और कल आने को कहा गया। छात्रों का कहना है कि आखिर कितने दिन और कॉलेज प्रबंधन हमे इस तरह दौड़ाता रहेगा। यदि सरकार ने आवेदन की अवधि नहीं बढ़ाई होती तो आज न जाने कितने विद्यार्थी स्कालर्शिप से वंचित रह जाते।

**क्यों हो रही देरी?**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इतने देर से बोनाफाइड सर्टिफिकेट छपने के बाद भी त्रुटि के साथ छपा है। शुरू मे छात्रों को वही बोनाफाइड पकड़ दिया गया परंतु फिर छात्र-छात्राओं के विरोध करने के बाद बोनाफाइड देना रोक दिया गया। कहा गया कल आइए ।

# विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त ने किया रामगढ़ शहर व मांडू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी क्षेत्र अंतर्गत बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने व बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए डीएमएफटी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों व माडु प्रखंड में पुल निर्माण कार्यों का गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया।बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं यथा डॉरमेट्री, क्लॉक रूम आदि एवं स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्यों के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर विभिन्न कार्य करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बिरसा बस स्टैंड के निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने मांडू प्रखंड के केदला मध्य क्षेत्र में डीएमएफटी के माध्यम से निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कार्य प्रगति का जायजा लेने के क्रम में अधिकारियों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



### जिला बार एसोसिएशन की भूमिका संदिग्ध, अधिवक्ता मनमीत ने दिया धरना

**हजारीबाग :** हजारीबाग बार एसोसिएशन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। विभिन्न बातों को लेकर होना वाला विवाद धरना तक जा पहुंचा है। इस बार का विरोध अधिवक्ता मनमीत कुमार उर्फ मनमीत अकेला ने धरना के माध्यम से दर्ज कराया है। बकाया पत्राचार के बाद गुरुवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल कर अध्यक्ष के तानाशाही रवैये का विरोध किया। पारदर्शी व्यवस्था बनाने की मांग की और रेग्यूलर अधिवक्ता की पहचान करने के मानक की जानकारी मांगी है।

# सुईयाडीह के ग्रामीणों ने मांदर की थाप पर सरहुल के गाए गीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** टोंगी सुईयाडीह के ग्रामीणों ने सरहुल पर्व धूमधाम के साथ मनाया। अवसर पर आदिवासी समाज के लोगों ने मांदर के थाप पर प्राकृतिक शुभ संदेश के पारंपरिक गान पर नृत्य किया। सभी महिलाओं ने कतारबद्ध और पुरुषों ने मांदर, ढोल के साथ सरहुल के प्रिय गीत गाया। सभी ने एक दूसरे को प्राकृतिक पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही जल, जंगल, जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर ग्रामीण सोहराय किस्कू, रसका मांझी, एस. मांझी उर्फ लालू, संजय मांझी, किशुन मांझी, सुनील किस्कू, धनुलाल मांझी, अनीषा कुमारी, गीता देवी, जंतु मांझी, दिव्या कुमारी, महादेव मांझी, ताला मांझी, होपन मांझी, सूरज मांझी, दिनेश टुडू समेत कई ग्रामीण महिला, पुरुष, युवा उपस्थित थे।



# रामगढ़ में होगा मेगा किचन का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अक्षय पात्र फाउंडेशन पूरे विश्व में बच्चों को मध्यान भोजन देने के लिए काम करने वाली सबसे बड़ी संस्था है भारत में 67 रसोईघर के द्वारा करीब 21 लाख बच्चों को प्रतिदिन गरम पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन अक्षय पात्र फाउंडेशन की मेगा किचन के द्वारा दिया जा रहा है रामगढ़ मैं 50000 बच्चों को प्रतिदिन स्कूल में मध्यान भोजन देने के लिए अक्षय पात्र के किचन का निर्माण किया जाना है 19 मार्च 2023 इस किचन की शिलान्यास का आयोजन किया जा रहा है करीब डेढ़ साल में यह किचन भोजन उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा 2000 ईस्वी में बेंगलुरु से इस किचन की शुरुआत हुई जब पंद्रह सौ बच्चों को यह भोजन उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित किया गया था तब से भारत के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस किचन के माध्यम से बच्चों को भोजन मिलता है जिससे उनकी शिक्षा में कोई रुकावट ना आए अनलिमिटेड फूड फॉर एजुकेशन इसी उद्देश्य के साथ अक्षय पात्र फाउंडेशन काम करता है कोविड-19 के समय पूरे भारतवर्ष में 20 करोड़ परिवारों को भोजन उपलब्ध करवाया झारखंड में करीब 35000 परिवार इस राशन से लाभान्वित हुए अभी भी विश्व में होने वाले आपदा में अक्षय पात्र फाउंडेशन भोजन उपलब्ध करवाने में सर्वप्रथम उपस्थित रहता है चाहे वो यूक्रेन हो या टर्की का भूकंप अब रामगढ़ के बच्चों को भी स्कूल में स्वादिष्ट और पौष्टिक मध्यान भोजन उपलब्ध हो पाएगा आचार्य श्रीला प्रभुपाद जीके निर्देश अनुसार यह व्यवस्था की जाती है कि कोई भी बच्चा भूख की वजह से शिक्षा से वंचित ना हो जाए 19 मार्च 2023 को सांसद जयंत सिन्हा और विधायक सुमित्रा चौधरी के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन का आयोजन किया गया है जिसमें अक्षय पात्र फाउंडेशन के रीजनल प्रेसिडेंट प्रभु व्योम पाद दास अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे ।

# बड़कागांव चोरका नदी पर बन रहे पूल का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के चोरका नदी में रामेश्वरम कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाए जा रहे पूल का निरीक्षण बृहस्पतिवार को बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। जब प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्माण स्थल पर पहुंचे तो निर्माण में घोर अनियमितताएं देखी गई। रामेश्वर कंस्ट्रक्शन के द्वारा फाउंडेशन के पीसीसी पर बहुत ही घटिया किस्म के मसाले का प्रयोग किया जा रहा था। जिसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौके पर पुल निर्माण कर्मियों को हिदायत दी। बता दें कि रामेश्वरम कंस्ट्रक्शन के गलत रवैए के चलते अप्रोचिंग रोड का मामला हमेशा विवाद में रहा। अत्याधिक लाभ के उद्देश्य से जैसे-तैसे पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल का शिलान्यास सितंबर 2019 मे तत्कालीन विधायक निर्मला निर्मला देवी के द्वारा किया गया था जिसका प्राक्कलित राशि लगभग 7.5 करोड़ है। पैसे को बचाने के उद्देश्य से पुल का निर्माण त्रिभुज के एंगल के आकार में किया जा रहा है जो आगे चलकर एक बड़ा एक्सीडेंटल जॉन बन सकता है।

निर्माणाधीन पुल की ऊंचाई इतनी है कि जहां से लोगों को गिरने के बाद बचने की संभावना बहुत कम रहेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर उपस्थित थे।



### वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता व वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम माण्डू वन प्रक्षेत्र द्वारा चरही बीट के ग्राम सरवाहा में गुरुवार को मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सरवाहा के ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मौके पर वन विभाग के तरफ से वनरक्षी विकास उरांव, विकास कुमार राम, अजय कुमार,निलेश पोदार, शाकिर हुसैन,शिव मंगल थे। ग्रामीणों में अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उपाध्यक्ष सरस्वती देवी सचिव सिकंदर महतो सदस्य शशि कुमार महतो नंदलाल महतो सोहन उरांव ,नीलकंठ महतो निरंजन महतो, सोहन महतो, राजेंद्र कुमार ,दिलेश्वर ,माधव, विनोद, बहादुर सरजू, गोविंद, सुखदेव,दीपचंद,प्रकाश महतो आदि शामिल हुए।



### कैम्प आयोजित करने के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कृषि पदाधिकारी हजारीबाग के आदेशानुसार किसानों को खेती कार्य हेतु आर्थिक सहयोगार्थ केन्द्र प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना सभी जिलों में चलाई जा रही है। ज्ञात हो कि इस योजनान्तर्गत 13वीं किस्त (दिसम्बर मार्च 2023) की राशि उन्हीं लाभुक किसानों को विमुक्त की जायेगी, जिनका बैंक खाता आधार सीडिंग से जुड़ा हुआ तथा डीबीटी हेतू उपयुक्त होगा। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार इन्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने एवं आधार सीडिंग हेतू पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों को लेकर बरही प्रखण्ड परिसर स्थित सिंगल विंडो में कृषक मित्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीएओ आजाद सिंह, सीआई सतीश सिन्हा, कर्मचारी रीतलाल रजक, अवधेश चौधरी, जीवलाल, सहोदर, सागर सहित दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।



### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में अच्छे स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अग्रसर है। इसी कड़ी में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए फाइलेरिया क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। क्लिनिक का शुभारंभ बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने फीता काटकर किया। जहां जिला वेक्टर बॉन्ड डिजीज के सलाहकार मैमून सुलतान भी मौजूद रहे। मौके पर प्रधान लिपिक पंकज कुमार, डॉ अर्जुन सोरेन, मलेरिया सुपरवाइजर मो इरशाद आलम, डॉ मो एजाज, डॉ मो मेराजूल इस्लाम सहित अस्पताल के कई अन्य कर्मी मौजूद थे।



# एनटीपीसी ने हजारीबाग जिला पुलिस के सशक्तिकरण के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपनी स्थापना के बाद से सामाजिक उत्थान के कार्यों में लगी हुई है। कंपनी के द्वारा विभिन्न स्तर पर समाज को सशक्त बनाने के लिए काम किए जा रहे हैं। अब इसी कड़ी में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने हजारीबाग जिले की पुलिस को और सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक भेंट किया है। यह चेक पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने हजारीबाग जिला के पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन को सौंपा। पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना ने यह राशि पुलिस विभाग को व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधित उपकरण जैसे जैकेट, हेलमेट, हेड कवर, काले चश्मे, दस्ताने, जूता आदि जैसे प्रोटेक्टिव गियर्स को खरीदने के लिए दिया है। पिछले वर्ष भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने पुलिस विभाग को 5 लाख रुपए की राशि दी थी जिससे पुलिस विभाग ने अलग-अलग सुरक्षात्मक उपकरण खरीदे थे। इस मौके पर हाल ही में अपना पदभार ग्रहण करने वाले चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के प्रमुख अनिमेष जैन ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से बुके देकर औपचारिक मुलाकात की। मौके पर सीजीएम शिवम श्रीवास्तव, सीजीएम अनिमेष जैन के अलावा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना उपस्थित थे।




# रामगढ़ में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के आत्महत्या की घटनाओं में बढ़ोत्तरी आत्ममंथन का विषय : संतोष महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखण्ड पार्टी के नेता संतोष महतो ने भारत माता चौक,कैथा स्थित सिन्हा होटल में स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ बैठक रखी और प्रेस बयान जारी करके कहा कि-रामगढ़ ज़िले में एक सप्ताह के अंदर दो शिक्षित होनहार युवकों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला कोई साधारण मामला नहीं है।समाज में आत्महत्या की घटनायें तभी होती हैं जब समाज में युवाओं के बीच तंत्र के प्रति असंतोष या भविष्य के लिए असीमित चिंताएँ बढ़ जाती हैं।क्षेत्र में लगातार इस तरीक़े की घटनायें विचलित करने वाली हैं कि क्यूँ लगातार युवाओं में भविष्य को लेकर शंकाएँ जटिल जो रहीं हैं।समाज में बुद्धिजीवियों के लिए ये सोचनीय विषय है कि कहीं न कहीं हमारे समाज में दिशाहीन नेतृत्व तो है जो युवाओं ख़ासकर शिक्षित युवाओं के बीच भविष्य की सुरक्षा का भरोसा स्थापित नहीं कर पा रहा है! हमें आत्ममंथन करना होगा साथ ही साथ साथ जागरूकता का प्रचार प्रसार करना होगा ताकि लोगों का मनोबल और मानसिक स्थिति मज़बूत हो सके।अभी बीते मंगलवार यानि 14 मार्च को गोला के डभातू निवासी छट्टू रजवार के पुत्र मिथलेश रजवार ने नौकरी न लगने के अवसाद में आक़र आत्महत्या कर ली और कल यानि 15 मार्च को चटाक दुलमी प्रखण्ड के प्रमुख रेणु देवी के पुत्र कुलदीप राम ने भी फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।दोनो ही परिस्थितियों में बेरोज़गारी और मानसिक दबाव कारण निकल कर आया है।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जियोमार्ट ने भारत में बुनकर और कारीगर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए क्राफ्ट मेला शुरू किया




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख स्वदेशी ई-मार्केटप्लेस में से एक, रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने आज सबसे बड़े हथकरघा और हस्तशिल्प स्टोरफ्रंट में से एक क्राफ्ट मेला के रोल-आउट की घोषणा की। ग्राहकों को मेड इन इंडिया उत्पाद दिखाने के लिए स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाने के अपने दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, जियोमार्ट भारत की समृद्ध हस्तकला विरासत को मंच पर विशेष रूप से बढ़ावा देकर उन्हें प्रमुखता देता है। ग्राहकों को एक ऑफ़लाइन प्रदर्शनी के ऑनलाइन संस्करण को देखने का अवसर मिलेगा, जहां वे 17-19 मार्च तक भारतीय हस्तशिल्प के बारे में जानेंगे और अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन से प्रसन्न होंगे। शिल्प मेले के माध्यम से, जियोमार्ट भारत के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10,000+ कारीगरों और बुनकरों के जीवन को प्रभावित करेगा। जियोमार्ट पहले ही 600+ विक्रेताओं और मास्टर कारीगरों को जोड़ चुका है। उपभोक्ता भारत के वास्तविक सार को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के 85,000 से अधिक उत्पादों में से चुन सकते हैं। जियोमार्ट के सीईओ संदीप वरागंती ने कहा, जियोमार्ट ई-कॉमर्स के माध्यम से भारत में स्थानीय कारीगर और बुनकर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

## जारंगा गांव में ग्राम प्रधान लक्ष्मण मुंडा की अध्यक्षता में बैठक का किया गया आयोजन

**जारंगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांव में लक्ष्मण मुंडा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा उपस्थित थे।बैठक में ग्रामीणों ने बताया राजा बांध नहर जहां तहां टूटा हुआ जिससे सैकड़ों किसानों को पानी खेतों में नहीं मिल पाता है और धान की फसल किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।इस क्षेत्र में केवल एक मात्र धान की खेती पर किसान आश्रित है यदि इस राजा बांध नहर का पक्कीकरण हो जाता तो किसान के लिए प्रदान साबित होगा।आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा ने भरोसा दिलाया कि आप की समस्या का समाधान के लिए संबंधित अधिकारी के पास में रख कर पहल कराया जायेगा।

## मैक्लुस्कीगंज पुलिस कर रही है दोपहिया वाहनों की जांच

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर दोपहिया वाहनों का जांच थाना क्षेत्र के चौक चौराहा पर गहनता से किया जा रहा है. जांच में बिना हेलमेट वाहन चलाने,नाबालिक युवक व युक्तियों, लाइसेंस,शराब पीकर अथवा बाइक पर एक्स्ट्रा लाईट (रोशनी)वाले यंत्र को लगाकर चल रहे बाइक चालको को पकड़ कर चालान किया जा रह है. इस दौरान मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत का कारण सिर्फ बिना हेलमेट, नाबालिक युवक युवतियों के द्वारा बिना सोचे समझे वाहन चलाने से बड़ी दुर्घटना हो रही है. जिसे राँची पुलिस के द्वारा मौजूद थाना स्तर पर वाहन जांच कर फाइन किया जा रहा है. हाल ही में कोंनका व नावाडीह के दो नाबालिक बच्चे जो कि बाइक चला रहे थे. उसे पकड़ कर भारी भरकम फाइन किया गया है. घर से सुरक्षित निकले व सजग रहे।

## उमवि महावीर नगर में जिला विकास आयुक्त का हुआ स्वागत

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुकबुका पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में जिला विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव का हुआ आगमन हुआ. अवसर पर स्कूल में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग और प्रखंड अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या के नेतृत्व में जे एस पी एल महिला टीम और पुरुष के टीम के द्वारा पारंपरिक तिलक अभिनंदन कर गीत,नृत्य और मांदर का थाप लगाकर स्वागत किया गया. इस दौरान विद्यालय के बच्चों से रूबरू हुये. तत्पश्चात विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे और शिक्षकों से भी विषय से संबंधित पूछताछ किये. साथ ही बच्चे के लिए बन रहे दोपहर का भोजन,नवनिर्मित शौचालय और नवनिर्मित विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया.आयुक्त ने विद्यालय को और बेहतर बनाने हेतु 3 कमरा,एक भोजनालय रूम,मैदान का समतलीकरण सहित मैदान की चारदीवारी देने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिये।

## झामुमो ने डीडीसी को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के निर्देश पर प्रखंड मीडिया प्रभारी विशाल पासवान ने खलारी दौरा में आए उप विकास आयुक्त रांची को 8 सूत्री मांग पत्र सौपा. मांग पत्र में खलारी प्रखंड के मूलभूत समस्याओं का उल्लेख किया गया. जिसे डीएमएफटी मद से तत्काल कार्य कराने का अनुरोध किया गया है।

# उपायुक्त ने बैठक में ली जिले में पेयजल की समस्याओं से संबंधित जानकारी

### थाना प्रभारियों को अफीम विनष्टिकरण में तेजी लाने का दिया गया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी के अधिकारी, जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से गर्मी के वर्तमान मौसम में जिले में आने वाले दिनों में पेयजल संकट की संभावना को लेकर प्रखंडों में तत्संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली गई। मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी के पदाधिकारी से जिले में खराब पड़े चापाकलों की अद्यतन जाकारी ली। मौके पर खराब चापाकलों की मरम्मत कराने की दिशा में यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारियों से अप्रैल, मई और जून माह के दौरान जल स्तर के नीचे चले जाने से जल संकट से प्रभावित होने वाले पंचायतों की जानकारी ली। साथ ही प्रखंडों में उपलब्ध टैंकरों की संख्या एवं स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि अप्रैल, मई और जून माह के दौरान जल संकट से जूझने वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रखंडों के पुराने टैंकरों की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार नये टैंकर की व्यवस्था कराई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों में तालाब की आश्यकता है, वहां तालाब का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए प्रतिवेदन प्रेषित करें। प्रखंड पदाधिकारियों एवं थाना प्रभरियों के साथ चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार कार्यालय परिसर में अधिक क्षमता के वाटर प्यूरिफायर की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने सोलर वाटर सप्लाई उपकरण को अधिष्ठापित कराने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि स्थल का चयन कर जिला प्रशासन को प्रतिवेदन प्रेषित करें। बैठक के दौरान जिले में अफीम की खेती एवं विनष्ट करने की कार्रवाई की चर्चा करते थाना प्रभारियों को विनिष्क्रिकरण के कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारीयों को निर्देशित किया कि आमजनों से निरंतर सम्पर्क रखते हुए उनकी समस्याओं का निष्पादन करें। साथ ही उन्हें आवश्यक रूप से सहयोग करते हुए कार्य करें ताकि सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

## जंगली हाथियों के उत्पात की समस्या को तमाड़ विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ बुंडू सिल्ली सोनाहातु राहे और सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गांव जंगली हाथियों के उत्पात से प्रभावित हैं उन्मादी हाथियों ने विगत कुछ महीनों कई लोगों को कुचलकर मार डाला है साथ ही फसलों को घरों को नुकसान पहुंचाया है पर अब तक वन विभाग के द्वारा इस विकराल समस्या का कोई स्थायी सामाधान नहीं किया गया जिससे पांच परगना क्षेत्र के किसान आमजन आक्रोशित हैं।इधर मामले की गंभीरता को देखते तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सूचित किया गया था,उसी संदर्भ में मुख्यमंत्री द्वारा मामले को संज्ञान में लेने के उपरांत झारखण्ड विधानसभा में पी.सी.सी.एफ से विधायक ने मुलाक़ात कर सम्पूर्ण जानकारी दी और जल्द ही आगे की रूप रेखा तैयार कर कार्यवाही करने को कहा।ज्ञात हो की करीबन दो माह पूर्व विधायक ने जंगली हाथियों के उत्पात की समस्या को लेकर खुंटी के डीएफओ के साथ मामले को लेकर बैठक कि थी एवं विधानसभा में भी इस मामले को उनके द्वारा रखा गया था। विधायक के इन प्रयासों के बाद प्रभावित गांवों के आमजनता में एक उम्मीद जगी है की सार्थक कदम उठा कर मामले को निष्पादित किया जाएगा।

## बमरजा पंचायत में सरहुल मिलन समारोह 18 को

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बमरजा पंचायत अन्तर्गत 18 मार्च को प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर प्रत्येक वर्ष की तरह मिलन समारोह का आयोजन सरदुला गांव में किया गया है. पंचायत स्तरीय सरहुल मिलन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाने को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है. इस अवसर पर 18 मार्च दिन शनिवार को शोभा यात्रा सह जुलूस का आयोजन किया गया है. जुलूस दोपहर 1 बजे शुरू होगा. जिसे लेकर बमरजा पंचायत के मुखिया अनूप कुजूर ने बमरजा, सरदुला, पहाड़टोली, बिनगोड़ी, सांगोर, पलसा, कासिरा, बड़गाई, खरतंगा, डुमारी, तिमड़ा, कदलीपिड़ी सहित अन्य गांव के लोगों को परम्परागत वेशभूषा से लैस होकर ढोल नगाड़ा के साथ अपने-अपने खोड़हा मंडली के साथ आने की अपील की है. एवं अलग अलग खोड़हा मंडलियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा. सरहुल महोत्सव पर बेहतर कार्यक्रम प्रदर्शन करने वाले खोड़हा मंडलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. यह जानकारी बमरजा पंचायत के मुखिया अनूप कुजूर ने दिया।

## विधायक ने हाथियों की समस्या को लेकर जाहिर की चिंता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तमाड़ विधानसभा समेत सोनाहातु इत्यादि में हाथियों द्वार 2 माह के अंदर ही कई लोगों की हत्या कर दी गई है जिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा मुख्यमंत्री को सूचित किया गया था, उसी संदर्भ में मुख्यमंत्री द्वारा मामले को संज्ञान में लेने के उपरांत झारखण्ड विधानसभा में पी.सी.सी.एफ से विधायक ने मुलाक़ात कर समपूर्ण जानकारी दी और जल्द ही आगे की रूप रेखा तैयार कर कार्यवाही करने को कहा ।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी– 835210**
Email ID – jepkhunti@gmail.com

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–24)**

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अड़की, के लिए पैकेज 01 खाद्य पदार्थ (राशन एवं अन्य वस्तुऐं), पैकेज संख्या 02 हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि एवं जिले के सभी पाँच कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अड़की, कर्रा, खूँटी, मुरहू एवं रनिया, झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय, तोरपा तथा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, खूँटी के लिए पैकेज संख्या 03, स्कूल पोषाक एवं अन्य वस्त्र, पैकेज संख्या 04 स्टेशनरी इत्यादि की आपूर्ति हेतु सभी विद्यालय एवं संबंधित पैकेज के लिए अलग–अलग संबंधित प्रखण्डों के सस्थानों से अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी से दिनांक 17.03.2023 से दिनांक 23.03.2023 के कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 25.03.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 27.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे, स्थान झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी के आधिकारिक वेब–साईट www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR.NO.292734 District(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–43, वर्ष 2022–23 **PR N0. 292486 Rural Development (22-23): D द्वारा प्रकाशित को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है जिसका प्रकाशन पुनः किया जाता है।**

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 292795 (Rural Development) 22-23 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच द्वारा निकाले गए सैरातों कि बन्दोबस्ती हेतु आंमत्रित कि गई खुली डाक जिसका PR 292362 (Urban Development) 22-23(D) है। दिनांक–24.03.2023 को पूर्वाहन 11:30 बजे निर्धारित थी। झारखण्ड सरकार, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग कि अधिसूचना सं0–15/सा0अव0–03–01/2022 का0–1541 राँची, दिनांक–15.03.2023 के अनुसार दिनांक–24.03.2023 को राजपत्रित अवकाश घोषित होने के कारण सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक का आयोजन दिनांक–25.03.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे निर्धारित किया जाता है।

**नोटः–** पूर्व में निकाली गई सैरात बन्दोबस्ती के नियम एंव शर्तें यथावत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR 292784 (Urban Development) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 20/03/2023 दिन सोमवार को जिला नियोजन कार्यालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:30 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | Category | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | RS Tele Service, Hyderabad | Field Technician | Male | 200 | 10th | 18+ | 10,000/- | Hyderabad |
| | | Apprenticeship | | 200 | ITI any trade | 18+ | 10,182/- | Prithampur, MP |
| | | Trainee | | 100 | Diploma/B.Tech. | 18+ | 16,000/- | Ananthpur, AP |
| | | Trainee | | 50 | Any Degree | 18+ | 13,500/- | Hyderabad |
| 2 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd, Daltonganj | Customer Relationship Executive | Male | 150 | 12th Pass | 18-28 | 9,540/- | Palamu |

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 292779 District(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-39/2022-23(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत भण्डरा प्रखण्ड के ग्राम मलंगटोली में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 6 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 20.03.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 27.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 28.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 29.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 292802 Lohardaga(22-23)#D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2022–23

जिला परिषद निधि से स्वीकृत योजना का कार्य निविदा के माध्यम से कराने हेतु जिला परिषद, पलामू में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 22.03.2023 को अपराह्न 3:30 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 23.03.2023 (अपराहन 2:30 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 23.03.2023 (अपराहन 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6. निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | जिला परिषदीय कार्यालय भवन एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के आवासीय भवन का उन्नयन एवं निर्माण कार्य। | 2486000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |

निविदा की शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 292772 District(22-23)D

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**

दूरभाष (मो०) सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98

(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–बिजनीबार उर्फ लखनी थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–137

पत्रांक 161 (N)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनीबार उर्फ लखनी | 42 | 483 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | रामजी प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 शिवनन्दन साव | |
| 2 | | 29 | 446 | रैयती | मकान | 0.0000 | 2 | विन्देश्वर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 राजमोहन प्रसाद | |
| 3 | | 16 | 469/4P 471/1P | रैयती | मकान | 0.0000 | 3 | ब्रजकिशोर प्रसाद वगै0 पिता स्व0 सोहराई साव | |
| 4 | | 29 | 492 | रैयती | मकान | 0.0000 | 4 | सावित्री देवी पति स्व0 कमेश्वर प्रसाद | |
| 5 | | 52 | 414/2 | रैयती | मकान | 0.0000 | 5 | कुलदीप चौधरी पिता स्व0 मुनारीक चौधरी | |
| 6 | | 34 | 308/2P | रैयती | मकान | 0.0000 | 6 | जयराम मेहता पिता स्व0 दशरथ मेहता | |
| 7 | | 13 | 309/1P/310/1P | रैयती | मकान | 0.0000 | 7 | भोला साव पिता स्व0 जग्रनाथ साव | |
| 8 | | | 440 | रैयती | मकान | 0.0000 | 8 | श्यामलाल यादव पिता स्व0 शिवनारायण यादव | |
| 9 | | 36 | 451 | रैयती | मकान | 0.0000 | 9 | सतेन्द्र कुमार पिता स्व0 शंकर साव | |
| 10 | | 29 | 447 | रैयती | मकान | 0.0000 | 10 | गोपाल प्रसाद पिता स्व0 रघुनन्दन साव | |
| 11 | | 34 | 308/1 | रैयती | मकान | 0.0000 | 11 | महराज मेहता पिता स्व0 मुनारीक महतो | |
| 12 | | 50 | 438/2P | रैयती | मकान | 0.0000 | 12 | राजेन्द्र यादव पिता स्व0 रामलखन यादव | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 292748 Palamu (22-23)_D

# आर्थिक विषमता दुनिया की सबसे बड़ी समस्या : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वॉघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आर्थिक विषमता विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं उनकी संख्या काफी कम है लेकिन अधिक समस्याओं वाले लोगों की संख्या काफी अधिक है। इस समस्या के निदान पर पूरी दुनिया विचार कर रही है। समाज में एक आर्थिक समानता होनी चाहिए। उपायुक्त,लोहरदगा आज बीएस कॉलेज, लोहरदगा में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि आज स्वास्थ्य और शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। अगर आप पिछले कुछ वर्षों का खर्च जोड़ने बैठेंगे तो यह काफी ज्यादा होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च सबके सामर्थ्य में होना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को ऐसा विषयों पर चर्चा करनी चाहिए,गहन विचार करना चाहिए। आर्थिक नीतियों पर अपने सुझाव देने चाहिए। जब आर्थिक नीतियां बनती हैं तो उसका असर सभी पर होता है। युवाओं को, आम आदमी को इस पर विचार करना चाहिए। भारत देश जी-20 में प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसमें आर्थिक नीतियों पर चर्चा की जा रही है। उपायुक्त ने अर्थशास्त्र के सिद्धांत ट्रिकल डाउन थ्योरी के संदर्भ में कहा कि पूर्व में ऐसी अवधारणा थी की संपन्न लोगों के लिए नीतियां बनायी जाती हैं तो उसकी समृद्धि सभी लोगों में बराबर पहुंच जाती है। बाद में इस सिद्धांत को पूरी तरह से नकार दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जी-20 में दुनिया भर के ऐसे देश में उत्पादक, निर्यातक व आयातक हैं, इसमें शामिल हुए हैं। दुनिया के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। आर्थिक मंदी के बाद जी-20 जैसे संगठन की बैठक पर लगातार कार्य किये जा रहे हैं,आर्थिक सुधारों पर कार्य हो रहे हैं। एक-दूसरे की मदद के लिए आर्थिक नीतियां बन रही हैं। युवाओं के आज ऐसे विषयों पर संवेदनशील होना चाहिए और इससे संबंधित जानकारी लगातार प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक अब्दुल फारूक खान ने कहा कि विश्व के 85 प्रतिशत जीडीपी पर जी-20 के देश भागीदार हैं। पूरी दुनिया में 75 प्रतिशत व्यापार इन्हीं देशों द्वारा किया जाता है। 60 प्रतिशत आबादी इन्हीं देशों में बसती है। आज जी-20 में भारत देश प्रतिनिधित्व कर रहा है, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

## शोभा यात्रा सरना सनातन एकता की बनेगी मिसाल : अनिल उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी नववर्ष विक्रम संवत की शोभा यात्रा को लेकर बुटी पंचायत ग्राम में जय श्रीराम समिति का एक आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें शोभा यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में जय श्री राम समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुआ बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड प्रभारी नितेश जयसवाल उपस्थित हुए बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। शोभायात्रा पर विचार विमर्श करते हुए पंचायत क्षेत्र से सरना सनातनी भारी से भारी संख्या में 22 मार्च को शोभायात्रा में शामिल होने की बात कहा गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर 22 मार्च की शोभायात्रा सरना सनातन एकता का मिसाल बनेगा। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। आयोजित बैठक के दौरान विकास जयसवाल, नितेश मांझी, प्रेम कुमार मिश्रा, विकास पसवान, संजय पासवान, निर्मल मांझी, रामेश्वर मांझी, संतोष कुमार, मुकुलमनी मिश्रा, रुपेश कच्छप, बचन देव महतो समेत काफी संख्या में सरना सनातनी लोग मौजूद थे।

## राजस्व संग्रहण को लेकर से 30 मार्च तक विभिन्न स्थलों पर होगा विशेष कैम्प का आयोजन

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार कैरो विद्युत उप-शक्ति केंद्र से संचालित प्रखंड के विभिन्न स्थानो मे आज 17 मार्च शुक्रवार से 30 मार्च गुरुवार तक राजस्व वसूली के निमित्त किया गया है विशेष कैम्प का आयोजन। उक्त संबंध मे विद्युत कर्मी मजुल अंसारी ने बताया कि वैसे उपभोक्ता जिनका बिजली बिल बकाया है वे विशेष कैम्प मे 9:30 बजे से 1:30 बजे तक अपना कोई भी पुराना बिजली रसीद या के0यु0 नम्बर लेकर आये उनका बकाया राशि कैम्प मे रसीद के साथ जमा ले ली जायेगी। अंसारी ने कहा कि दिनांक 17 मार्च को गुड़ि अखरा के पास, 18 मार्च बंडा चौक,19 एडादोन मेघनाथ किराना दुकान, 20 मार्च ख्वास खिजरि चौक, 21 को नगजुवा मकिर बीज दुकान के पास, 22 ख्वास अम्बवा चौक, 23 मार्च नरौली बसंती चौक, 24 गितिलगढ़ होटल के पास, 25 हनहट प्रज्ञा केंद्र के समीप, 26 मार्च लापुर चांदनी चौक, 27 मार्च गजनी ध्रुव होटल, 28 मार्च टाटी चौक, 29 चाल्हो, एवं 30 मार्च को कैरो पैट्रोल पम्प के पास बकाया बिजली बिल वसूली के लिए विशेष कैम्प का किया गया है आयोजन।

## नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर जय श्री राम समिति ने की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा जगह-जगह भगवा झंडा लगाई गई साथ ही कई सनातनी अपने घरों के छतो पर कसेरिया झंडा लगाना शुरू कर दिए ज्ञात हो की आने वाला 22 मार्च को जय श्रीराम समिति के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है उसी के मद्देनजर सभी सनातनी अपने अपने घरों के ऊपर केसरिया झंडा लगाना शुरू कर चुके है। इसके पूर्व सभी पदाधिकारी एवं संरक्षक की बैठक हुई जिसमें शोभा यात्रा को लेकर कई रणनीति बनाई गई। संरक्षक राजेश महतो ने कहा जय श्रीराम समिति की शोभा यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है समिति की लोकप्रियता दूर दूर तक फैली है जो अपने आप में सनातन समाज के लिए गर्व की बात है आगे कहा सभी सनातन समाज को शामिल होकर एकजुटता का परिचय देनी चाहिए। गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा जय श्रीराम समिति के द्वारा नववर्ष विक्रम संवत पर हो रहे शोभा यात्रा को लेकर दूर-दूर तक चर्चा हो रही है पहले ऐसा नहीं होता था परंतु समिति के प्रयास से लोगो में जागरूकता आई और लोग शोभायात्रा में सज धज कर शामिल हो रहे है। घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनाने एवं संध्या में दीप जलाने की परंपरा सभी सनातनयों के घरों में खुशी की लहर ला दिया मानो नववर्ष के दिन चारों ओर खुशियां ही खुशियां हैं कहीं पुष्प वर्षा तो कहीं दीपावली जैसा एहसास। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो जिला महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद नगर अध्यक्ष दीपक साहू आदि लोग मौजूद थे।

## बूथ तक केंद्र की योजनाओं को पहुंचाएं कार्यकर्ता : श्रद्धानंद बेसरा

# बूथ के कार्यकर्ता अपने दायित्व का करें निर्वाहन : मानकीलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई मंडल के शक्ति केंद्र किनकेल बेतमा में बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक हुई बेतमा में बूथ स्तरीय बैठक की अध्यक्षता श्री राम बिलास राणा द्वारा किया गया। मण्डल अध्यक्ष श्री मानकी लाल जी ने कहा कि हर कार्यकर्ता को एक दायित्व दिया जा रहा है जिसको सभी कार्यकर्ताओं को मिल कर सफल बनाना है हर शक्ति केंद्र से बूथ अध्यक्ष, सचिव, BLA-2, मन की बात प्रमुख, व्हाट्सप्प ग्रुप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, महिला प्रमुख,युवा प्रमुख,सामाजिक श्रेणी प्रमुख, प्रभावी मतदाता प्रमुख, 6 कार्यक्रमो का प्रमुख बनाया जाना है।अतः बैठक में भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा जी ने सभी कार्यकर्ताओ को कहा की सभी बूथ अध्यक्ष को बूथ की सारी जानकारी अपने पास रखनी है अतः सभी बूथ के ग्रामीणों को केंद्र सरकार के लाभ से जोड़ना है ।अतः ह्यष मोर्चा के अध्यक्ष देवनारायण देहरी जी ने राष्ट्रपति जी का अभिभाषण पढ़ कर सुनाया। मण्डल मंत्री सह अल्पकालीन विस्तारक सुधीर मांझी जी के द्वारा शक्ति केंद्र बासेन बूथ न 217 करवारजोर बासेन में बूथ का पुनरगठन एवं राष्ट्रपति का अभिभाषण की जानकारी दी। मण्डल मीडिया प्रभारी सागर पहान जी के द्वारा डाटा एंट्री और सरल app, नमो app डावनलोड कराया गया अतः बूथ के सभी कारकर्ताओ को कैसे मन की बात को सुनना है और अपनी बात को प्रधानमंत्री तक पंहुचा सकते है बताया गया। इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष मानकी लाल, भाजपा नेता श्रद्धांनन्द बेसरा जी, मण्डल उपाध्यक्ष कैलाश मेहेर, सुधिर मांझी, सागर पहान, बूथ अध्यक्ष सुलेन्द्र प्रधान, सुबास कुमार मांझी, सोनू प्रसाद, लालमोहन नायक, जागेश्वर प्रधान, दिलीप बड़ाईक, देवनारायण देहरी, गोपाल बैगा, ऋ तू बड़ाईक, गौरी शंकर दास, संजय बड़ाईक, संजय उजरी, पूजा देवी, अलका देवी, शंकर बड़ाईक, किशोर नेगी सह अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

# ब्रांच स्थांतरण पर ग्रामीणों में आक्रोश एलडीएम पहुंच लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बुटी ब्रांच स्थांतरण को लेकर ग्रामीणों के बीच उतपन हुई विवाद को लेकर एल डी एम पहुंच लिया जायजा कहा ग्रामीणों के सौहार्द से ही संचालित होगी ब्रांच। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में 35 वर्ष पूर्व से बैंक ऑफ इंडिया शाखा संचालित किया जा रहा था। इस दौरान ग्रामीणों के समन्वय स्थापित होने से सुचारू रूप से संचालित होता है। लेकिन ब्रांच स्थांतरण की बात पर ग्रामीणों के बीच बैंक ऑफ इंडिया शाखा के प्रति रोष प्रकट होते देखा जा रहा है। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने बैठक कर गांव के बीचों बीच संचालित करने का निर्णय लेते हुए उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एल डी एम तथा सांसद सुदर्शन भगत और पूर्व विधायक रमेश उरांव को अवगत कराया गया ग्रामीणों के बीच उतपन तनाव को देखते हुए एल डी एम एवं पूर्व विधायक रमेश उरांव बुटी ब्रांच पहुंच वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए ग्रामीणों से मन्तव्य मांगा गया। जिसमें ग्रामीणों का मंतव्य में गांव के बीच मे बैंक संचालित करने की बात सामने आई परंतु बैंक द्वारा निर्गत किया गया आदेश के अनुरूप नही चलने की बात बताते हुए ब्रांच क्लोज करने की बात कही गई। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने दो दिन का समय मांगते हुए विचार विमर्श करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों की ओपिनियन को सुनते हुए निर्णय लेने के लिए समय दिया गया है। मौके पर ग्राम प्रधान बलकु उरांव, उपमुखिया सुनील उरांव, ब्रांच मैनेजर प्रकाश तिर्की, वर्ड सदस्य मंटू साहू, ग्रामीण प्रेम कुमार मिश्रा अशोक मांझी, रामकेश्वर सिंह, रितेश महतो, शिला देवी, सीता देवी, सरिता देवी, सहित महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## 19 छात्र-छात्राओं ने दिया नागपुरी का परीक्षा

**सेन्हा-लोहतदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा तीसरे दिन नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में हुआ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र स्थित संचालित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को मैट्रिक परीक्षा को लेकर केंद्र बनाया गया है। जिस में परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में शांतिपूर्ण ढंग से नागपुरी भाषा का परीक्षा हुआ। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 20 छात्र छात्राओ में से 19 परीक्षार्थीयों उपस्थित हो परीक्षा दिया। 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तथा सुकरु ढंग से सम्पन्न हो सके जिसके लिये प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। जिनके द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग से शांति व्यवस्था बहाल किया गया। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा के अलावे शिक्षक, शिक्षिकाएँ तथा ए एस आई जमशेद खान दल बल के साथ परीक्षा केंद्र में मुस्तैद नजर आए। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा के तीसरे दिन भी सभी परीक्षार्थीयों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दिया जिसे परीक्षा शांतिपूर्वक और कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ।

## सिमडेगा के देवरहा बाबा आश्रम में हुई वैष्णव समाज की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा स्थित देवरहा बाबा आश्रम में वैष्णव समाज का बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से समाज को संगठित करने एवं समाज के गरीब, बेसहारा, विधवा एवं अनाथ लोगों का सेवा संबंधित चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया साथ ही बैठक में सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया। इन सभी विषयों पर विचार विमर्श करते हुए जिला स्तरीय सामजिक सम्मेलन अगामी 16 मई 2023 को सिमडेगा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालन करने हेतु बैठक में सर्व सहमति से वैष्णव समाज के सिमडेगा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष शंकर दास वैष्णव, उपाध्यक्ष प्रकाश दास वैष्णव, चंद्रमनी दास वैष्णव, सचिव भोला शंकर दास वैष्णव, उप सचिव भोले श्वर दास वैष्णव, सह सचिव रमेश दास वैष्णव, कोषाध्यक्ष राम किशोर दास वैष्णव, उप कोषाध्यक्ष मदन दास वैष्णव, सह उप कोषाध्यक्ष मधु शुधन दास वैष्णव, कार्यकारिणी सदस्य सुमन दास, लक्षमन दास, कामेश्वर दास, जुगल दास, सुदर्शन दास, फलिन्द्र दास राधे श्याम दास, विश्वनाथ दास, वरिष्ठ संग रक्षक शशि भूषण दास वैष्णव, त्रिलोचन दास वैष्णव, लिलू मोहन दास वैष्णन, मदन दास वैष्णव एवं कृष्णा दास वैष्णव को नई दायित्व दिया गया।

## सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर आदिवासी कर्मचारी समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी कर्मचारी समिति द्वारा 19 मार्च 2023 दिन रविवार को सरहुल पूर्व संध्या समारोह हेतु आवश्यक बैठक दिनांक 16/3/2023 को समाहरणालय मैदान लोहरदगा में समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए हैं की उक्त तिथि को आयोजित समारोह में सभी सदस्यगण अपने अपने परिवार के साथ पारंपारिक वेशभूषा एवं पारंपारिक वाद्य यंत्र के साथ शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर मीडिया प्रभारी सुधीर उरांव ने कहा की हम सरना आदिवासी पेड़ पौधे को पूजा करते हैं जिसे हवा पानी मिलता है जिसमे जीवन को शुद्ध हवा मिलत है। शराब सेवन नहीं करने का अपील एवं निर्देश दिया गया की सभी सदस्य गण अपने परिवार के साथ 10:00 बजे प्रात से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यक्रम न्यू नगर भवन में होंगी जिसमें आप लोगों की उपस्थित अनिवार्य है। कार्यक्रम के दिन के लिए सक्रिय सदस्यों को जिन कार्यों का निष्पादन हेतु जिम्मेवारी दी गई है वे लोग स समय कार्य का निष्पादन करेंगे। बैठक में बिफाई उरांव, विनोद कुमार उरांव, अभिषेक एक्का, धनंजय भगत, सत्यदेव भगत, सुमित उरांव, सुखदेव उरांव, अरविंद उरांव, सुनील मिंज, दिनकर टाना भगत के अलावे निम्न पदाधिकारी गण एवं कार्यकारिणी के सदस्यगण उपस्थित हुए।

## कुडू में भीषण सड़क हादसा, एक की दर्दनाक, मौत एक घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू-कैरो पथ कुडू थाना क्षेत्र के टाटी नर्सरी से आगे दोबा डोरा के समीप बुधवार की दोपहर करीब 2-30 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। घटना स्थल पर एक पल्सर बाइक निबंधन संख्या जेएच 08जे-1318 मिली है।हालांकि हादसा कैसे हुआ है इसका फिलहाल पता नही चल पाया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई है।टक्कर इतनी जोरदार थी कि पल्सर बाइक में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी है। मृतक के कपड़े की जेब मे मिले आधार कार्ड में अंकित नाम पते के आधार पर युवक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा पंचायत अंतर्गत चेटर गांव निवासी सोमरी उरांव के 22 वर्षीय पुत्र संदीप उरांव के रूप में हुई है। वहीं पीछे बैठे उसके साथी मनीष उरांव का गंभीर अवस्था में अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## समाहरणालय मैदान परिसर में रोजगार-सह-विकास मेला आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा रोजगार-सह-विकास मेला का आयोजन आज दिनांक 17.03.2023 को सुबह 10.30 बजे से समाहरणालय मैदान परिसर में किया जाएगा। मेला के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण/अनुश्रवण हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी,लोहरदगा नोडल पदाधिकारी नामित किये गये हैं। उप विकास आयुक्त,लोहरदगा संपूर्ण व्यवस्थाओं के वरीय प्रभार में रहेंगी। मेला में आमधानी प्रा0लि0, जुबली हिल्स,हैदराबाद द्वारा आईटीआई/डिप्लोमा वाले 18-27 उम्र के युवक-युवतियों के लिए कुल 200 रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। वैसे युवक-युवतियां जिनकी उम्र 18-27 वर्ष है और 10वीं/12वीं/आईटीआई/डिप्लोमा होल्डर हैं, इसमें भाग ले सकते हैं। विजन इंडिया सर्विसेज प्रा0लि0, रांची द्वारा कुल 600 विभिन्न पदों के लिए युवक-युवतियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है और वे 10वीं/12वीं/आईटीआई/डिप्लोमा इन मैकेनिकल या ऑटोमोबाईल या इलेक्ट्रॉनिक्स हैं, इसमें भाग ले सकते हैं। स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड,रांची के द्वारा 12 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। 21-40 उम्र के युवक-युवतियां जो एमसीए/बीसीए/बीएस-आईटी/बीई/बीटेक/एमटेक/स्नातक के साथ पीजीडीसीए पास हैं, इसमें भाग ले सकते हैं। टीम प्लस एचआर सर्विसेज प्रा0लि0 द्वारा 50 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। 18-25 उम्र के युवक-युवतियां जो 10वीं/12वीं पास हैं वे इसमें भाग ले सकते हैं। डीएमसीएफएस फिनिशिंग स्कूल, बंगलोर द्वारा 600 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। 18-30 वर्ष की उम्र के युवक-युवतियां जो 10वीं/12वीं/आईटीआई/डिप्लोमा/स्नातक पास हैं, वे इसमें भाग ले सकते हैं।

# केन्द्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष बने रोहित कुमार व महासचिव जगेश्वर साहु

## राम के काज को पूरा करना महावीर मंडल का प्रथम कर्तव्य : रोहित कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सनातन समाज के अगुआ, महावीर मंडल के संरक्षकों तथा विभिन्न अखाड़ा से आये हुए प्रतिनिधियों के द्वारा सर्वसम्मति से विगत वर्ष के केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार पुनः अध्यक्ष बनाया गया जबकि ग्रामीण क्षेत्र की सहभागिता को सुदृढ करने के उद्देश्य से सेरेंगहातु के जगेश्वर साहू को महासचिव बनाया गया। एवं उपस्थित सभी सनातन समाज के प्रतिनिधियों ने विगत कार्यकाल में रोहित कुमार द्वारा किये गये कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की गयी। एवं कहा कि जिस सफलतापूर्वक बीते वर्ष केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार द्वारा सनातन समाज को जोड़ने का काम किया गया था तथा रामनवमी त्योहार को ऐतिहासिक रूप दिया गया था वह बहुत ही सराहनीय रहा है। इनके अगुवाई में मंगलवारी जुलूस से लेकर रामनवमी के दिन का जुलूस बहुत ही स्वर्णिम रहा है। अतः इनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए हम सभी सर्वसम्मति से इन्हें पुनःअध्यक्ष बनाते है एवं आशा करते हैं कि इस बार का भी रामनवमी त्योहार इनके नेतृत्व में एक नया इतिहास बनाएगा तथा सफलता का मिशाल बनेगा। वहीं रोहित कुमार ने कहा कि प्राचीन काल से पूरे भारत मे भारतीय नववर्ष के शुभागमन के साथ माँ दुर्गे का नवरात्र व रामोत्सव मनाने की परम्परा है। और इस परम्परा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का सम्पूर्ण दायित्व केंद्रीय महावीर मण्डल के द्वारा निभाया जाता है। राम के काज को पूरा करना हम सनातनियों का धर्म ही नही बल्कि परमकर्तव्य भी है। हम अपने अथक प्रयास से सभी के सहयोग से रामनवमी त्योहार को सभी धर्मावलंबियों के आशानुरूप धूम धाम से मनायेंगे। वही नवनिर्वाचित महासचिव जागेश्वर साहू ने कहा कि आरम्भ से ही हर तीज त्योहार में ग्रामीणों की सहभागिता सरहानीय रही है, इस बार भी यह कोशिश होगा कि ज़िला के सभी नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग रामनवमी जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों तथा अखाड़ों में आयोजित प्रतियोगिता में भी अपनी सहभागिता सभी अखाड़े के लोग सुनिश्चित करे। बैठक का संचालन चन्दन गोयल के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य संरक्षक ओम सिंह, अजय पंकज, मोहन दुबे, संरक्षक परमेश्वर साहू, राजकिशोर महतो, रितेश कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, निशीथ जायसवाल, ब्रज बिहारी प्रसाद, गुप्तेश्वर गुप्ता, चन्द्रशेखर प्रसाद अग्रवाल समेत जिला के विभिन्न अखाड़ों के सैकड़ो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जंगलों में कीमती इमारती लकड़ी को बेखौफ काट रहे हैं लकड़ी माफिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार की ओर से आराज्य के वनों की रक्षा को लेकर आए दिन तरह-तरह के प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाता रहा है परंतु लोहरदगा जिले के किस्को प्रखण्ड अंतर्गत खरकी पंचायत के कस्याडीह गांव से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित जंगलों में बेशकीमती सखुआ की पेड़ काटकर लकड़ी माफियाओं द्वारा तस्करी किया जा रहा है विभागीय कार्रवाई की परवाह न करते हुए बेखौफ होकर जंगलों को उजाड़ने में लगे हुए है। बता दें वन विभाग इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते दिखाई दे रही है यही वजह है कि लकड़ी माफियाओं का मनोबल हमेशा बढ़ा हुआ रहता है। वन विभाग की गमगी व उदासीन रवैया के वजह से प्रत्येक दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जंगल की कटाई लकड़ी माफियाओं द्वारा जोरो पर किया जा रहा है। इधर किस्को प्रखंड के पठारी क्षेत्रों में लकड़ी माफियाओं द्वारा इमारती लकड़ी की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। वन विभाग की लापरवाही का नतीजा है कि लकड़ी माफियाओं के मंसूबे सफल होता रहा है। यादी वन विभाग इस पर कार्रवाई करते हुए जंगलों का भ्रमण तेज कर दे तो पेड़ों की कटाई थम सकता है।

## अंचल कार्यालय परिसर में लगा नोटिस कौतूहल का बना विषय

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर में लगा नोटिस कौतूहल का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि झारखंड में 8 मई 2020 से गुटखा, पान मसाला प्रतिबंधित है, लेकिन इसका आमजनों पर शायद हीं असर पड़ा हो। गाहेबगाहे प्रशासन का आईवास कार्यक्रम चलता है यानि राज्य का खाद्य सुरक्षा विभाग छापामारी कार्यक्रम चलाता है। लेकिन न तो सेवनकर्ताओं में कमी देखी गई,न हीं चोरी छुपे बेचने वालों में। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय कुडू में इस प्रकार का नोटिस स्वभाविक है कौतूहल का विषय हो।अब सवाल यह है कि इस नोटिस के जद में वैसे कर्मी भी आयेंगे जो इसका सेवन कर कार्यालय आते हैं। प्रखंड एवं अंचल प्रशासन का यह प्रयास सराहनीय है। कुछ लोगों ने कहा पहली बार घर से शुरुआत हुई है। इस नोटिस के दुरगामी एवं अच्छे प्रभाव होंगे। गुटखा जहर है, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का वाहक है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### हर घर नल से पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

**रांची :** नमामि गंगे परियोजना के तहत झारखंड के साहेबगंज और राजमहल में गंगा नदी के प्रदूषण स्तर को न्यूनतम स्तर तक ले जाने में कामयाब राज्य सरकार ने अब दामोदर नदी के प्रवाह को अविरल और प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत झारखंड में बहनेवाली दामोदर नदी को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया गया है। इसके लिए धनबाद ,रामगढ़ और फुसरो नगर निकाय के सभी नालों और अन्य जलस्त्रोतों के जल को एसटीपी से शुद्ध बनाकर ही दामोदर नदी में जाने दिया जाएगा। इन सभी नगर निकायों में सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट निर्माण की योजनाएं स्वीकृत कर दी गयी हैं। 16 मार्च 2023 को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग और केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित निविदादाता मीट में बोलते हुए राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक श्री अमित कुमार ने ये बात कहीं। देश के करीब 36 से ज्यादा बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि झारखंड असीम संभावनाओं का प्रदेश है और झारखंड में काम करना अन्य प्रदेशों की तुलना में बहुत ही आसान है।

### झारखंड विधानसभा से पेयजल विभाग के लिए 4372 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित

**रांची :** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को सदन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। विपक्ष के कार्यवाही बहिष्कार के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 4372 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित हुआ। इस पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखंड के जलश्रोत कमजोर हैं। 6-7 नदियां ही हैं, जिसमें सालों भर पानी रहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड मूलतः भूगर्भ जल पर ही निर्भर है। इसके बाद भी सरकार का लगातार यह प्रयास है कि हर घर तक नल के माध्यम से जल पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2019 से पहले मात्र चार प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचा था। आज यह आंकड़ा 32 प्रतिशत से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अब तक हमारी सरकार ने 19 लाख 46 हजार घरों तक नल से जल पहुंचाया है। लक्ष्य 61.18 लाख घरों तक नल से जल पहुंचने का है जो हम 2024 तक पूरा कर लेंगे। सभी पेयजल योजनाओं का थर्ड पार्टी जांच का प्रावधान है। पूर्ण होने पर एजेंसी से जांच कराई जाती है, जितनी भी योजनाएं पूर्ण हुई है उसकी देखरेख का जिम्मा संबंधित एजेंसी को दिया है। इससे पहले अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जिस वायदे के साथ यह सरकार सत्ता में आई थी, उसपर कहीं से खड़ा नहीं उतर रही है। झारखंड को कैसे आगे बड़ाया जाए इसकी सरकार को चिंता नहीं है। उन्होंने कहा की जिस मांग को लेकर हेमन्त सोरेन ने अर्जुन मुंडा की सरकार को अपदस्थ किया था, उसपर आज तक काम नहीं हुआ। 1932 खतियान का झांसा देकर सत्ता में आई यह सरकार आज 1932 पर गुम है। युवाओं को सपना दिखाकर सत्ता में आई यह सरकार आज युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। चर्चा में जेपी पटेल, मंगल कालिंदी, भूषण बाड़ा, बिनोद सिंह, सरयू राय और प्रदीप यादव सहित अन्य विधायकों ने हिस्सा लिया।

# दुमका : युवक की गला रेत कर की गई निर्मम हत्या




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैराबनी गांव के समीप सूखा पोखर से कारीकादर गांव निवासी चंदन विश्वास का शव बरामद किया गया। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है।

जानकारी के अनुसार चंदन विश्वास कैराबनी गांव में किराना दुकान चलाता था। मंगलवार को वह अपने घर से दुकान के लिए साईकल से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बुधवार रात परिजनों को चंदन का शव कैराबनी गांव के समीप होने की सूचना मिली। परिजनों ने स्थानीय चौकीदार को इसकी जानकारी दी। चौकीदार की सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने गुरूवार को मुफस्सिल थाना पहुंच लिखित शिकायत कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग की।मामले में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नीतीश कुमार ने बताया कि परिजनों के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है।

जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस हत्या के कारणों को पर्दाफाश करेगी।

## राज्यपाल से मिले एसएसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को रांची की विधि-व्यवस्था की जानकारी प्रदान की।

**राज्यपाल 23 मार्च को जायेंगे**

**धनबाद:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के छठे स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने 23 मार्च को धनबाद जायेंगे। राज्यपाल भेलाटांड़ स्थित नये परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

## झारखंड इमेजिंग एक्सपो में मुख्यमंत्री आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 6 से 8 अप्रैल के दौरान खेलगांव, रांची में आयोजित होने वाले झारखंड इमेजिंग एक्सपो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल कमेटी के संरक्षक बापी घोषाल, अध्यक्ष चन्द्रेश्वर पंडित, उपाध्यक्ष बिरजू कुमार, सचिव उपेन्द्र कुमार , कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, विरेन्द्र शर्मा और विकास कुमार शामिल थे।

# इप्टा के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची के प्रतिनिधि जायेंगे पलामू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इप्टा का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में 17 मार्च से 19 मार्च 2023 तक होने जा रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है । पूरे झारखंड प्रदेश से और दूसरे राज्यों से भी इप्टा से जुड़े हुए कलाकार, साहित्यकार , बुद्धिजीवी गण पहुंच रहे हैं । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची इप्टा से भी दस कलाकारों की टीम भी 17 मार्च को रांची से डालटेनगंज के लिए रवाना होगी। इसकी जानकारी रांची जिला इप्टा के अध्यक्ष पंकज मित्रा ने दी । पत्रकारों को संबोधित करते हुए पंकज मित्रा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए झारखंड इप्टा ने जन आंदोलन के माध्यम से जनता की आवाज को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पितांबर की धरती पर कार्यक्रम करने जा रही है। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड से जुड़े हुए भी कलाकार आएंगे। जिनमें सबसे चर्चीत लोक गायिका नेहा सिंह राठौर, पदमश्री मधु मंसूरी हसमुख, अंतराष्ट्रीय सूफी गायक मीर मुख्तयार अली, तनवीर अख्तर, निर्देशक अमिताभ पांडे मुख्य रूप से शामिल होंगे । वहीं झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक ने बताया कि लंबे समय के बाद इप्टा का भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। जिसमें लोक गायिका, लोक नृत्य, नाटक , साहित्य पर चर्चाएं सहित कई कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड सहित बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से कलाकार, बुद्धिजीवी, साहित्यकार मौजूद रहेंगे ।भाकपा के।राज्य सभा के सांसद कॉम विनोय विश्वम भी शामिल होंगे। रांची से जाने वाली टीम में मुख्य रूप से अध्यक्ष पंकज मित्रा, कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मलिक, रांची जिला सचिव सुमेधा मल्लिक, प्रसिद्ध चित्रकार प्रवीण करमाकर, रंगकर्मी ऋषिकेश लाल, परवेज कुरेशी, हिमांशु बॉस, श्यामल सोंटा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। प्रेस वार्ता के मौके पर अध्यक्ष पंकज मित्रा ,श्यामल मल्लिक, सैयद मोहम्मद इशराफिल, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# वंदे भारत ट्रेन की पहली महिला ड्राइवर सुरेखा यादव ने पीएम मोदी को कहा थैंक यू



**एजेंसी**

**मुंबई :** एशिया की पहली महिला सुरेखा यादव जब देश की सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत लेकर सोलापुर से मुंबई पहुंची तो उनका एक और सपना साकार हो गया. वह वंदे भारत ट्रेन की भी पहली महिला लोको पायलट हैं. अपनी इस उपलब्धि से सुरेखा यादव खूब खुश हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रिया कहा है. सुरेखा यादव पिछले दिनों वंदे भारत ट्रेन लेकर मुंबई स्टेशन पर पहुंची तो उनके नाम के साथ जुड़ने के लिए एक उपलब्धि इंतजार कर रही थी. 34 साल के करियर में सुरेखा ने ऐसे तमाम काम किए जिन्होंने उन्हें उन महिलाओं की लिस्ट में ला रखा है, जो देश की तमाम महिलाओं के लिए रोल मॉडल हैं. वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं.वंदे भारत की पहली महिला ड्राइवर बनने पर सुरेखा यादव ने कहा कि 1989 में मेरी नियुक्ति हुई थी. मैं पिछले 34 साल से काम कर रही हूं. मुझे मेरे माता-पिता और सास-ससुर का सहयोग मिला. मेरे पिता ने मुझे अच्छी शिक्षा दी जिसकी वजह से मैं आज इस मुकाम पर हूं. वंदे भारत ट्रेन मुंबई लाने के लिए मैं पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करती हूं. एशिया की पहली महिला लोकोमोटिव पायलट होने का गौरव भी सुरेखा यादव के नाम के साथ जुड़ा है. महाराष्ट्र के सतारा में जन्मी सुरेखा ने यहीं के गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी. 1989 में जब उन्होंने लोको पायलट के रूप में नौकरी शुरू की तो कई मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया जिसमें ये कहा जाता है कि महिलाएं पुरुषों की बराबरी नहीं कर सकतीं. उससे पहले भारतीय रेल में कोई महिला ड्राइवर नहीं बनी थी. उन्होंने असिस्टेंट लोको पायलट के रूप में नौकरी शुरू की. उन्हें अब वह मुंबई-पुणे-सोलापुर रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का अवसर मिला है. सुरेखा यादव ने साल 2021 में एक इंटरव्यू में वंदे भारत ट्रेन चलाने की इच्छा जाहिर की थी. जब 13 मार्च को वह वंदे भारत ट्रेन लेकर मुंबई के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर पहुंची तो यह सपना भी पूरा हो गया.

## लवकुश शर्मा के खिलाफ रंगदारी के केस में आरोप गठित

**रांची :** न्यायिक दंडाधिकारी धृति धैर्य की अदालत में गुरुवार को कुख्यात लवकुश शर्मा सशरीर पेश हुआ, जहां रातु रोड के रहने वाले निशांत सिंह से रंगदारी मांगने के केस में लवकुश पर चार्ज फ्रेम (आरोप गठित) किया गया। लवकुश पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप गठित किया गया। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में रांची के सुखदेव नगर थाना में निशांत सिंह के द्वारा लवकुश शर्मा के खिलाफ रंगदारी मांगने का केस दर्ज कराया गया था।

उल्लेखनीय है कई मामलों के आरोपित लव कुश शर्मा को झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने 16 दिसम्बर 2022 को बिहार से गिरफ्तार किया था। लव कुश शर्मा के खिलाफ रांची के सुखदेवनगर, बरियातू, कोतवाली और लालपुर थाना में कुल 24 मामले दर्ज हैं।

# सिकनी से रिचुघुटा पथ चौड़ीकरण को लेकर राजस्व शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** प्रखंड सह अंचल कार्यालय लातेहार में पथड़ चौड़ीकरण को लेकर राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। सिकनी से रिचुघुटा पथ चौड़ीकरण निर्माण में अधिग्रहित रैयती भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को आयोजित शिविर में उपस्थित जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि पथ चौड़ीकरण को लेकर अधिग्रहित भूमि के लिए संबंधित रैयतो को नोटिस भेजा गया है। उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसी को ध्यान में रखकर राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। रैयत अपना दस्तावेज जमा करें। ताकि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर मुआवजा राशि दी जा सके। वही अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि जिनका भूमि पथ चौड़ीकरण में जमीन अधिग्रहित हो रहा है। वैसे रैयत खतियान या केवाला की छाया प्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, वंशावली प्रमाण पत्र, रैयत का दो रंगीन फोटो एवं विभाग के द्वारा भेजे गए नोटिस का मूल प्रति लेकर आए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि रैयतों को स समय मुआवजा की राशि मिले। राजस्व शिविर में जय कांत प्रसाद एवं श्रीकांत प्रसाद कुलगड़ा ग्राम निवासी ने राजस्व शिविर में मुआवजा संबंधित विशेष जानकारी प्राप्त किए। शिविर में पथ निर्माण सहायक अभियंता मनोज कुमार महतो,कनीय अभियंता नितेश प्रसाद, सीआई उदल राम, राजस्व कर्मचारी कृष्णा राम, गुलाम साबिर, अंगद पांडे, बहादुरी तुरी, आशा मंजू नगेसिया समेत अंचल कर्मी समेत कई भूसुर, कुलगड़ा,रिचुघुटा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# सांसद वीडी राम के प्रयास से आरओबी निर्माण को मिली स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप 16 मार्च को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,भारत सरकार ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसरंचना निधि के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच रोड़ से जोड़ने हेतु रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रूपए की लागत से आरओबी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से गढ़वा जिला होकर अन्य राज्यों छतीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश को जोड़ने के लिए मेदिनीनगर एवं शाहपुर के बीच में कोयल नदी पड़ती है जिस पर वर्ष 1980 में पुल बनाया गया था। उक्त पुल पर प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहनों एवं हजारों लोगों का आना-जाना होता है पुल काफी पुराना होने के चलते जर्जर हो गया है एवं उसके कभी भी धाराशायी होने की संभावना बनी रहती है। उक्त पुल पर भारी वाहनों के दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक पुल का निर्माण वर्ष 2015-16 में मेदिनीनगर के सिंगरा-चेड़ाबार के बीच कोयल नदी पर किया गया था। परंतु उक्त पुल तक पहुँच पथ नहीं होने के कारण आवागमन सुचारू रूप से अभी तक चालू नहीं हो सका है जिसके कारण आवागमन में जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच रोड़ से जोड़ने हेतु उक्त आरओबी के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुविधा होगी और मेदिनीनगर में लगने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने उक्त स्थान पर आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जासूसी मामले में सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दर्ज किया केस

**नई दिल्ली:** जासूसी मामले में दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है. एफआईआर के मुताबिक, फीडबैक यूनिट केस में सिसोदिया समेत 6 लोगों के खिलाफ केस रजिस्टर हुआ है. मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था. सिसोदिया के अलावा जिन 5 अन्य लोगों पर केस दर्ज हुआ है उनमें तत्कालीन विजिलेंस सेक्रेटरी सुकेश कुमार जैन, रिटायर्ड डीआईजी, सीआईएसएफ एंड स्पेशल एडवाइजर टू सीएम एंड जॉइंट डायरेक्टर फीडबैक यूनिट, रिटायर्ड जॉइंट डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप कुमार पुंज, रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट सतीश खेत्रपाल गोपाल मोहन और एक अन्य नाम शामिल हैं.बीती 8 फरवरी को सीबीआई फीडबैक यूनिट के कथित जासूसी मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय से आप नेता के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी.

# अल्पसंख्यक विद्यालयों के मामले में सीएम का कदम सराहनीय : शिल्पी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में नगर निगम द्वारा की गई अप्रत्याशित वृद्धि के संपूर्ण मामले की जांच कर मामले के निष्पादन हेतु मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा सकारात्मक गुप्ता कदम उठाने के निर्देश की सराहना की है। इस संदर्भ में आज शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की और उनके द्वारा दिये गये निर्देश के लिए आभार जताया और उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान किया।

तिर्की ने कहा कि, रांची नगर निगम द्वारा रांची जिले के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में कई गुना वृद्धि कर दी गई थी जो पूरी तरीके से अप्रत्याशित और अव्यावहारिक थी। जबकि अनेक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान काफी कम शुल्क में अपने छात्र छात्राओं को पढ़ाते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की थी और प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से उनकी भेंट करवाकर उन्हें मूल समस्याओं और उसके व्यावहारिक पहलू से अवगत कराया था।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी अपनी परेशानियों को मुख्यमंत्री के सामने रखा था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कदम उठाते हुए विभागीय सचिव को निर्देश दिया था कि वे प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत बातचीत कर इस मामले का समाधान निकालें। श्रीमती तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री का कदम बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय रहा और इससे अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से फादर डेविड खलखो, फादर प्रफुल बडा, फादर विनय टोप्पो, फादर डेविड सन्तान, पादरी सामवेल नाग, पादरी सामवेल भुइयां, फिलिप तिर्की, धनकुबर बाखला, किरण आइन्द, संजय हलधर और राजकुमार नागवंशी शामिल थे।